INDEX

		पेज नं.
1	राजस्थान परिदृश्य	1 – 17
2	राष्ट्रीय परिदृश्य	18 – 24
3	आर्थिक परिदृश्य	25 – 30
4	अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य	31 – 38
5	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	39 – 45
6	खेल	46 –49
7	पुरस्कार एवं सम्मान	50 – 53
8	चर्चित व्यक्तित्व	54 – 58
9	चर्चित स्थल	59 – 61
10	महत्त्वपूर्ण तथ्य	62
11	रिपोर्ट्स एवं इंडेक्स	63 – 67
12	प्रमुख दिवस एवं सप्ताह	68 – 73
13	सार : योजना - कुरुक्षेत्र	74 – 84
14	आलेख	85 – 87
15	टर्म इन न्यूज	88 – 92
	मॉडल प्रश्न	93 – 101

मासिक करेंट अफेयर्स

जून : 2024

1 राजस्थान परिदृश्य

18वी लोकसभा मे राजस्थान

राजनीतिक दल	सीटें
भारतीय जनता पार्टी	14
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	8
कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया मार्क्सीसिस्ट	1
राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी	1
भारत आदिवासी पार्टी	1
कुल	25

राजस्थान वर्तमान में 18वीं लोकसभा में 3 महिला सांसद है-

1. श्रीमती संजना जाटव (भरतपुर) (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
2. श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) (भारतीय जनता पार्टी)
3. श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ (राजसमंद) (भारतीय जनता पार्टी)

- **सबसे बड़ी जीतः** श्रीमती महिमा कुमार मेवाड़, राजसमंद (भाजपा) 3,92,223 वोट
- **सबसे छोटी जीतः** श्री रावराजेंद्र सिंह, जयपुर ग्रामीण (भाजपा) 1615 वोट
- **राजस्थान से सबसे युवा सांसदः** श्रीमती संजना जाटव (भरतपुर) 26 वर्ष
- **राजस्थान से सबसे बुजुर्ग सांसदः** श्री बृजेंद्र सिंह ओला (झुंझुनू) 72 वर्ष

वोट प्रतिशत



क्र.सं.	संसदीय क्षेत्र	सांसद	राजनीतिक दल
1.	अजमेर	श्री भागीरथ चौधरी	भारतीय जनता पार्टी
2.	अलवर	श्री भूपेन्द्र यादव	भारतीय जनता पार्टी
3.	बाँसवाड़ा (ST)	श्रीराजकुमार रोत	भारत आदिवासी पार्टी
4.	बाड़मेर	श्री उम्मेदाराम बेनिवाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
5.	भरतपुर (SC)	श्रीमती संजना जाटव	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
6.	भीलवाड़ा	श्री दामोदर अग्रवाल	भारतीय जनता पार्टी
7.	बीकानेर (SC)	श्री अर्जुन राम मेघवाल	भारतीय जनता पार्टी
8.	चित्तौड़गढ़	श्री चन्द्र प्रकाश जोशी	भारतीय जनता पार्टी
9.	चूरू	श्री राहुल कस्वां	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
10.	दौसा ST	श्री मुरारी लाल मीणा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
11.	श्रीगंगानगर (SC)	श्री कुलदीप इन्दौरा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
12.	जयपुर	श्रीमती मंजू शर्मा	भारतीय जनता पार्टी
13.	जयपुर ग्रामीण	श्री राव राजेन्द्र सिंह	भारतीय जनता पार्टी
14.	जालोर	श्री लुम्बाराम	भारतीय जनता पार्टी
15.	झालावाड़-बारां	श्री दुष्यन्त सिंह	भारतीय जनता पार्टी
16.	झुन्झुनू	श्री बृजेन्द्र सिंह ओला	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
17.	जोधपुर	श्री गजेंद्र सिंह शेखावत	भारतीय जनता पार्टी
18.	करौली-धौलपुर (SC)	श्री भजन लाल जाटव	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
19.	कोटा	श्री ओम बिरला	भारतीय जनता पार्टी
20.	नागौर	श्री हनुमान बेनीवाल	राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी
21.	पाली	श्री पी.पी .चौधरी	भारतीय जनता पार्टी
22.	राजसमंद	श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़	भारतीय जनता पार्टी

23.	सीकर	श्री अमराराम	कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया मार्क्सीसिस्ट
24.	टोंक - सवाई माधोपुर	श्रीहरीश चन्द्र मीणा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
25.	उदयपुर ST	श्री मन्ना लाल रावत	भारतीय जनता पार्टी

- राजस्थान में वर्तमान में लोकसभा सीटों की संख्या 25 है।
- राजस्थान में राज्यसभा सीटों की संख्या 10 है।
- राजस्थान से कुल 35 सांसद निर्वाचित होते है।
- राजस्थान में लोक सभा हेतु 4 सीटें अनुसूचित जाति (SC) के लिए आरक्षित है, जो निम्नलिखित है-
  1 .भरतपुर 2 .बीकानेर
  3 .श्रीगंगानगर 4 .करौली-धौलपुर
- राजस्थान में लोकसभा हेतु 3 सीटें अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए आरक्षित है, जो निम्नलिखित है-
  1 .बाँसवाड़ा 2 .दौसा
  3 .उदयपुर

राजस्थान से राज्यसभा सांसद

क्र.सं.	सांसद	पार्टी	अवधि
1.	श्री नीरज डांगी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	22.06.2020 - 21.06.2026
2.	श्री राजेंद्र गहलोत	भारतीय जनता पार्टी	22.06.2020 - 21.06.2026
3.	श्री घनश्याम तिवाड़ी	भारतीय जनता पार्टी	05.07.2022 - 04.07.2028
4.	श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	05.07.2022 - 04.07.2028
5.	श्री मुकुल बालकृष्ण वासनिक	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	05.07.2022 - 04.07.2028
6.	श्री प्रमोद कुमार	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	05.07.2022 - 04.07.2028
7.	श्री चुन्नीलाल गरासिया	भारतीय जनता पार्टी	04.04.2024 - 03.04.2030
8.	श्री मदन राठौर	भारतीय जनता पार्टी	04.04.2024 - 03.04.2030
9.	श्रीमती सोनिया गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	04.04.2024 - 03.04.2030

- राजस्थान में वर्तमान में राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के 4 सांसद और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 5 सांसद है।
- वर्तमान में राजस्थान से राज्यसभा में केवल सोनिया गांधी महिला सांसद निर्वाचित है इस प्रकार राजस्थान से कुल 35 निर्वाचित सांसदों में से महिला सांसदों की संख्या 4 है।
- राजस्थान के झुंझुनू जिले के श्री जगदीप धनकड़ वर्तमान में भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के पदेन सभापति है।

केंद्रीय मंत्रिपरिषद में राजस्थान का प्रतिनिधित्व

- राजस्थान से वर्तमान में केंद्र सरकार में 4 मंत्री है जिसमें 2 केबिनेट मंत्री, 1 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और 1 राज्य मंत्री है।
  1. श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सांसद, जोधपुर केंद्र में लगातार तीसरी बार मंत्री केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय केबिनेट मंत्री
  2. श्री भूपेन्द्र यादव सांसद, अलवर केंद्र में लगातार दूसरी बार मंत्री केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय केबिनेट मंत्री
  3. श्री अर्जुन राम मेघवाल सांसद, बीकानेर केंद्र में लगातार तीसरी बार मंत्री कानून और न्याय मंत्रालय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संसदीय कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री
  4. श्री भागीरथ चौधरी सांसद, अजमेर केंद्र में पहली बार मंत्री कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय राज्य मंत्री
- नोटः अश्विनी वैष्णव राजस्थान में मूलतः जीवंद कलां गाँव पाली से भी केंद्र में दूसरी बार मंत्रिमंडल कैबिनेट मंत्री है, लेकिन वह ओडिशा से राज्यसभा सांसद हैं।
- नोटः केंद्रीय मंत्रिपरिषद में राजस्थान से निर्वाचित सांसदों में से 4 मंत्री है, जबकि राजस्थान के मूल निवासी के आधार पर केंद्रीय मंत्रिपरिषद में 5 मंत्री है।

केंद्र में राजस्थान का प्रतिनिधित्व

- पहले आम चुनाव 1952 में पहली लोकसभा में राजस्थान से राय बहादुर उपमंत्री और उसके बाद कैबिनेट मंत्री रहे।
- प्रदेश से जो नेता तीन या उससे अधिक बार केंद्र में मंत्री रहे उनमें रामनिवास मिर्धा, गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, जगन्नाथ पहाड़िया, अशोक गहलोत, बूटा सिंह और शीशराम ओला हैं।
- रामनिवास मिर्धा सर्वाधिक चार बार मंत्री रहे जिनमें तीन बार राज्यमंत्री और एक बार कैबिनेट मंत्री रहे।
- जगन्नाथ पहाड़िया दो बार उपमंत्री और एक बार राज्यमंत्री रहे।
- गहलोत एक बार उपमंत्री और दो बार राज्यमंत्री रहे।
- बूटा सिंह 1984-1989, 1995-1996 और 1998 में कैबिनेट मंत्री रहे।
- शीशराम ओला एक बार राज्यमंत्री और यूपीए सरकार के दोनों कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री रहे।

राजस्थान की 16 वीं विधानसभा में पहला पूर्ण बजट 10 जुलाई को 3 से सत्र शुरू हुआ

- राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 3 जुलाई से शुरू हुआ। 10 जुलाई को राजस्थान सरकार अपना पहला पूर्ण बजट पेश करेगी।
- 16वीं विधानसभा के चुनाव के बाद वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री ने दीया कुमारी ने 8 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश किया था।
- वर्तमान में राजस्थान विधान सभा में निर्वाचित 195 विधायक ही है क्योंकि 5 विधायक लोकसभा सांसद निर्वाचित हो चुके है।

संवैधानिक प्रावधान

- राज्य स्तर पर राज्य मंत्रिपरिषद की सिफारिश पर राज्यपाल द्वारा सत्र बुलाया जाता है।
- अनुच्छेद 174 के तहत राज्यपाल राज्य विधानमंडल का सत्र आहूत करता है, सत्रावसान करता है और विधानसभा भंग भी कर सकता है।
- अनुच्छेद 175 में विधानमंडल में अभिभषण और संदेश भेजने के राज्यपाल का अधिकार का उल्लेख है।
- अनुच्छेद 176 में राज्यपाल का विशेष अभिभाषण का उल्लेख है।

राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक 2023 ,को राष्ट्रपति ने पुनर्विचार हेतु भेजा

- राजस्थान विधान सभा द्वारा पारित राजस्थान एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल 2023 को राष्ट्रपति से मंजूरी नहीं मिली और और इसे पुनर्विचार हेतु लौटा दिया गया है।
- नोटः तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार ने 2023 में यह विधेयक पारित कर राज्यपाल को भेजा तथा राज्यपाल ने इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेज दिया गया।
- हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस विधेयक को विधानसभा में पुनर्विचार हेतु राज्यपाल को निर्देश दिया है।
- यह विधेयक 6 माह के भीतर पुनः राज्य विधानसभा से पारित होने के बाद अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन सकेगा।
- हाल ही में कर्नाटक राज्य ने वकीलों के खिलाफ हिंसा निषेध अधिनियम 2023 को अधिकारिक तौर पर लागू कर दिया।
- राजस्थान अधिवक्ताओं को संरक्षण की दिशा में विधेयक पारित करने वाला देश का पहला राज्य है, जबकि अधिवक्ताओं को संरक्षण हेतु अधिनियम लागू करने वाला कर्नाटक देश का पहला राज्य है।
- यह कानून वकीलों को हिंसा से उद्देश्य से बचाने के लिए बनाया है, ताकि वे बिना किसी डर या उत्पीड़न के विधिक कर्तव्यों का निर्वाह कर सकें।

राज्यपाल का विधेयक अनुमति देने संबंधी संवैधानिक प्रावधान

- अनुच्छेद 200 में उल्लेख है कि किसी राज्य के विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक के संदर्भ में राज्यपाल तो सहमति दे सकता है या सहमति को रोक सकता है या राष्ट्रपति द्वारा विचार के लिए विधेयक को आरक्षित कर सकता है।
- राज्यपाल किसी विधेयक को विधानमंडल में पुनर्विचार हेतु को भेज सकता है।
- अनुच्छेद 201 के तहत जब कोई विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिये आरक्षित होता है, तो राष्ट्रपति विधेयक पर सहमति दे सकता है या उस पर रोक लगा सकता है।
- राष्ट्रपति विधेयक पर पुनर्विचार करने के लिये राज्यपाल को उसे सदन या राज्य के विधानमंडल के सदनों को वापस भेजने का निर्देश भी दे सकता है।
- वह राष्ट्रपति के विचार के लिये विधेयक को आरक्षित कर सकता है, लेकिन ऐसा केवल तभी किया जा सकता है जब राज्यपाल की यह राय है कि विधेयक उच्च न्यायालय की शक्ति में कमी कर सकता है या संविधान के अनुरूप नहीं हो।

राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक 2023

- यह राजस्थान विधान सभा से 21 मार्च 2023 को पारित हुआ था।
- यह विधेयक कर्तव्य के निर्वहन के दौरान अधिवक्ता के विरुद्ध हमला, घोर उपहति और आपराधिक बल और आपराधिक अभित्रस रोकने के लिए है।
- किसी अधिवक्ता की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाए तो उसकी क्षतिपूर्ति अपराधी से वसूली जाएगी।
- इस राशि की त्वरित वसूली भू-राजस्व के बकाया तर्ज पर होगी।
- हमले की जांच डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारी करेंगे।
- हमले के आरोपी को 2 वर्ष की कैद और 25,000 का जुर्माना लगेगा।
- वकील को गंभीर चोट पहुंचाने पर 7 वर्ष की कैद और 50,000 का जुर्माना
- आत्मघाती हमले की स्थिति में 7 वर्ष की कैद होगी।
- वकीलों द्वारा कानून का दुरुपयोग करने पर 2 साल तक की सजा का प्रावधान है।

राजस्थान सरकार धर्म परिवर्तन संबंधी' राजस्थान धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-'2008 वापस लेगी

- 'राजस्थान धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2008'के तहत बिना कलेक्टर की मंजूरी के धर्म परिवर्तन नहीं करने और दोषी को 5 साल की सजा का प्रावधान था।
- इसे राजस्थान विधानसभा द्वारा वर्ष 2008 में पारित किया गया लेकिन राज्यपाल ने इस विधेयक को राष्ट्रपति के लिए आरक्षित कर दिया था, जिसे अभी तक मंजूरी नहीं मिली है।
- राजस्थान सरकार लव जिहाद एवं धर्म परिवर्तन जैसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए 16 साल पहले वसुंधरा सरकार के समय पारित बिल सरकार वापस लेगी।
- राजस्थान में में धर्मांतरण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इस संदर्भ में नया विधेयक लाया जाएगा।
- वर्तमान में राज्य सरकार ने धर्म परिवर्तन पर अंकुश लगाने के लिए केवल गाइडलाइन है इस संदर्भ में कोई कानून नहीं है।

धर्म परिवर्तन संबंधी नए विधेयक का प्रारूप

- नए विधेयक में लालच, धोखे या जबरन धर्म परिवर्तन के मामलों में 3 साल तक की सजा और 25 हजार रुपए जुर्माना लगेगा।
- 18 साल से कम उम्र के बच्चों, महिला या अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों के धर्म बदलवाने पर 5 साल सजा और 50 हजार तक जुर्माने का प्रावधान है।
- यदि कोई धर्म परिवर्तन करता है तो इस संदर्भ में 30 दिन पहले कलेक्टर को जानकारी देनी होगी तथा पुनः धर्म में वापसी की सूचना भी कलेक्टर को देना आवश्यक रहेगा।

राजस्थान में नए जिलों की जाँच व पुनर्गठन के लिए समिति गठित

- राजस्थान सरकार द्वारा 12 जून 2024 को नए जिलों के रिव्यू के लिए कैबिनेट स्तरीय समिति गठित की है जिसके संयोजक उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा है।इस समिति उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को सदस्य बनाया गया है।
- इस समिति की सहायता हेतु रिटायर्ड आईएएस ललित के -पंवार की अध्यक्षता में समिति गठित की है।
- यह समिति नवगठित जिलों की स्थिति की जाँच कर कैबिनेट स्तरीय उपसमिति को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।
- पूर्ववर्ती सरकार ने चुनाव से पहले नए जिले और संभाग तो बना दिए थे, लेकिन कलक्टर व पुलिस अधीक्षकों की नियुक्तिफ़ के अलावा जमीनी स्तर पर कुछ नहीं हुआ था।
- यह समिति मौजूदा परिस्थितियों में इन जिलों व संभागों के संचालन, प्रशासनिक आवश्यकताओं व वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता आदि को लेकर रिपोर्ट देगी।
- इस समिति का प्रशासनिक विभाग राजस्व विभाग होगा।
- यह समिति सांसद, विधायकों के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों से फीडबैक लेगी।
- नोटःपूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय नए जिलों की सिफारिश के लिए रिटायर्ड आईएएस रामलुभाया की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था।
- इन नए जिलों का होगा रिव्यूः नए जिलों में अनूपगढ़, गंगापुर सिटी, कोटपूतली, बालोतरा, जयपुर ग्रामीण, खैरथल, ब्यावर, नीमकाथाना, डीग, जोधपुर ग्रामीण, फलोदी, डीडवाना, सलूंबर, दूदू, केकड़ी, सांचौर और शाहपुरा शामिल हैं ।
- कुचामन ,मालपुरा और सुजानगढ़ जिले नहीं बनेंगे ।
- राजस्थान में तत्कालीन सरकार द्वारा 19 नए जिलों के गठन के बाद विधानसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले की गई। कुचामन, मालपुरा व सुजानगढ़ को जिला नहीं बनाया जाएगा।
- हाल ही में राज्य सरकार द्वारा नवीन जिलों के पुनर्गठन/सृजन के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति को भंग कर दिया है।

राजस्थान में जिलों के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण तथ्य

- राजस्थान में वर्तमान में 50 जिले और 10 संभाग है।
- भारत में सर्वाधिक जिले उत्तर प्रदेश 75 जिले में हैं। इसके बाद दूसरा स्थान मध्य प्रदेश 53 जिले का आता है। राजस्थान का देश में जिलों की संख्या के आधार पर तीसरा स्थान 50 जिले है।
- जयपुर ग्रामीण राजस्थान की सर्वाधिक तहसीलों वाला जिला है। यहाँ 18 तहसीलें हैं, जबकि दूदू राजस्थान की न्यूनतम तहसीलों वाला जिला हैं यहाँ सिर्फ 3 तहसीलें है।
- विधानसभा क्षेत्रें की संख्या के अनुसार देश का सबसे छोटा जिला दूदू है। केवल 1 विधानसभा क्षेत्र
- क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा जिला जैसलमेर है।
- राजस्थान के सर्वाधिक जिलों वाले संभाग जयपुर और अजमेर हैं, जबकि सबसे कम जिलों वाला संभाग बाँसवाड़ा है।

राजस्थान में नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू

- राजस्थान में नागरिकता संशोधन अधिनियम CAA के तहत 7 जून 2024 को पहली बार 17 लोगों को नागरिकता दी गई।
- ये लोग 15-20 साल पहले पाकिस्तान से आकर अवैध रूप से अनूपगढ़, सिरोही व जोधपुर जिलों में रह रहे थे।

नागरिकता संशोधन अधिनियम CAA

- नागरिकता संशोधन अधिनियम Citizenship Amendment Act 11 मार्च 2024 को देश में लागू हो गया।
- इस अधिनियम के तहत नागरिकता अधिनियम ,1955 में संशोधन किया गया था।
- इस अधिनियम में 31 दिसंबर 2014 से पहले अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी तथा ईसाई समुदाय के प्रवासियों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है।
- यह भारत के तीन पड़ोसी देशों से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने का कानून है।
- CAA 2019 से पहले किसी भी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता लेने के लिए कम से कम 11 साल भारत में रहना अनिवार्य थाए लेकिन अब पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों के लिए यह समय अवधि 5 साल कर दी गई है।

पालिकाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित

- हाल ही में पीलीबंगा (हनुमानगढ़) पीलीबंगा पालिकाध्यक्ष सुखचैन सिंह रमाणा के विरुद्ध पालिका में कांग्रेस का बहुमत होने के बावजूद अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया।
- कुल 35 पार्षदों के बोर्ड में कांग्रेस व भाजपा के कुल 28 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में गुप्त मतदान प्रणाली से मतदान किया।

नगरपालिकाध्यक्ष को हटाने की विधि

- अविश्वास प्रस्ताव : नगरपालिकाध्यक्ष और उपाध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटाया जा सकता है।
- नगरपालिका के गठन के पहले 2 वर्षों तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता।

- अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु न्यूनतम 1/3 समर्थन की आवश्यकता होती है।
- प्रस्ताव पारित करने हेतु 3/4 सदस्यों की समर्थन की आवश्यकता होती है।
- अगर प्रस्ताव पारित नहीं हो पाता है तो अगले 1 वर्ष तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जाएगा।

राजस्थान के पहले रीजनल एवं अरबन प्लानिंग बिल ड्राफ्ट को मंजूरी

- प्रदेश के पहले रीजनल एवं अरबन प्लानिंग बिल के ड्राफ्ट को नगरीय विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृति दे दी गई है।
- इसके तहत शहरों और ग्रामीण क्षेत्र के लिए इंटीग्रेटेड डवलपमेंट प्लान सुनिश्चित हो सकेगा।
- वर्तमान में राजस्थान में विकास प्राधिकरण और नगर विकास न्यास अपने एक्ट के अनुसार मास्टर प्लान बनाते हैं।
- इस कारण शहरों में समान जरूरत के बावजूद अलग-अलग प्रावधान किए गए हैं।
- इस बिल के तहत राजस्थान में एक ही एक्ट के तहत मास्टर प्लान बन सकेगा।
- इसमें एक ही एक्ट के तहत रीजनल प्लान, मास्टर प्लान, नए शहरों का डवलपमेंट प्लान, स्पेशल एरिया प्लान तैयार किए जा सकेंगे।

राजस्थानी भाषा के विकास हेतु राजस्थानी विकास बोर्ड गठित होगा

- राज्य सरकार राजस्थानी भाषा के विकास के लिए 'राजस्थानी भाषा विकास बोर्ड' का गठन करेगी।
- जिसमें अध्यक्ष, सदस्य, भाषा विशेषज्ञों के अलावा सचिव पद होगा।
- इस बोर्ड को राज्य सरकार द्वारा अलग से बजट आवंटित किया जाएगा।
- नोटःराजस्थान के कई विश्वविद्यालयों में राजस्थानी भाषा के परास्नातक कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।
- यह बोर्ड राजस्थानी भाषा और बोलियों के महत्त्व को रेखांकित करेगा।
- इसमें भाषा के पौराणिक जुड़ाव और विभिन्न बोलियों विकास से संबंधित शोध किया जाएगा।

राजस्थान में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण

- राजस्थान सरकार ने 14 जून को तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में महिला आरक्षण 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया है।
- इसका उद्देश्य राज्य में महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देना है।
- इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।
- इससे प्रदेश में महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर व सशक्त होंगी।

जस्टिस गंगाराम मूलचंदानी

- हाल ही में सेवानिवृत न्यायाधीश गंगाराम मूलचंदानी को राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति राज्य के राज्यपाल द्वारा की जाती है।
- इसके अलावा सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अशोक गुप्ता को राज्य मानवाधिकार आयोग का सदस्य नियुक्त किया है।
- इसके अलावा वर्तमान में रामचंद्र सिंह झाला राज्य मानवाधिकार आयोग का सदस्य है।

राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग

- राजस्थान सरकार द्वारा 18 जनवरी, 1999 को जारी अधिसूचना जारी की गई।
- स्थापनाः 20 मार्च 2000 को।
- गठनः मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की धारा 21 के तहत।
- वर्तमान में 1 अध्यक्ष व 2 सदस्यों का प्रावधान है।
- नियुक्तिःराज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिश पर।
- समिति के सदस्य-:मुख्यमंत्री अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, विपक्ष के नेता
- अध्यक्ष पद हेतु योग्यताः राज्य उच्च न्यायालय का सेवानिवृत न्यायाधीश या मुख्य न्यायाधीश
- कार्यकालः 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु जो भी पहले हो
- इस्तीफाः राज्यपाल को।
- प्रथम अध्यक्षः कान्ता भट्नागर

नवीन महाजन

- नवीन महाजन को राजस्थान का मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।
- इनकी नियुक्ति भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की जाती है। भारत निर्वाचन आयोग सचिवालय द्वारा इस संदर्भ में अधिसूचना जारी की गई।
- नवीन महाजन ने प्रवीण गुप्ता का स्थान लिया।
- इससे पहले 1997 बैच के आईएएस अधिकारी नवीन महाजन राजस्थान राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रहे है।
- राज्य में मुख्य निर्वाचन अधिकारी Chief Electoral Officer की नियुक्ति भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य सरकार की सिफारिश पर की जाती है।
- यह राज्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होता है।
- इसका मुख्य कार्य लोकसभा, राज्यसभा, विधायक, राष्ट्रपति इत्यादि के चुनाव करवाना है।
- राज्य निर्वाचन आयोग का कार्य राज्य में पंचायती राज संस्थानों और नगरपालिकाओं का चुनाव करवाना है।

महत्त्वपूर्ण तथ्य

- राजस्थान की एकमात्र महिला मुख्य निर्वाचन अधिकारी CEO संगीता गैरोला थी।
- अभी तक राज्य निर्वाचन आयोग में राज्य निर्वाचन आयुक्त पद पर कोई महिला नहीं रही है।
- राज्य निर्वाचन आयोग एक सदस्यीय संवैधानिक आयोग उल्लेखः अनुच्छेद 243K व अनुच्छेद 243ZA में है।
- इसकी स्थापना 73वें और 74वें संविधान संशोधान के तहत स्थापना की गई।

- वर्तमान में राजस्थान के राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता है।
- वर्तमान में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार है।
- वी-एस -रमादेवी देश में एकमात्र महिला मुख्य निर्वाचन आयुक्त CEC रही है।

जसवंत सिंह राठी

- राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य व पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष जसवंत सिंह राठी का 2 जून को निधन हो गया।
- जसवंत सिंह राठी 14 अक्टूबर 2020 से आयोग सदस्य थे। उनका कार्यकाल 13 अक्टूबर 2026 तक था।

राजस्थान लोक सेवा आयोग

- संजय कुमार श्रोत्रिय वर्तमान में राजस्थान लोक सेवा आयोग के चेयरमैन है।
- वर्तमान में RPSC में 7 में से 5 ही सदस्य पद पर कार्यरत है।
- पेपरलीक प्रकरण में RPSC सदस्य बाबूलाल कटारा निलंबित किए जा चुके हैं।

RPSC के सदस्य

1 .डॉ -संगीता आर्य
2 .डॉ -मंजू शर्मा
3 .ले -कर्नल केसरी सिंह
4 .कैलाशचंद मीणा
5 .प्रो -अयूब खान

राजस्थान सरकार द्वारा उच्च न्यायालय में 8 नए अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त

- विधि व विधिक कार्य विभाग ने हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से पैरवी के लिए आठ अतिरिक्त महाधिवक्ता AAG नियुक्त किए हैं।
- जयपुर पीठ में अधिवक्ता मनोज शर्मा, कपिल प्रकाश माथुर व माही यादव को एएजी बनाया है। जबकि जोधपुर मुख्यपीठ में सज्जन सिंह राठौड़, नरेन्द्र राजपुरोहित, श्याम सुंदर लदरेचा, इन्द्र राज चौधरी व नाथू सिंह राठौड़ को एएजी के पद पर नियुक्त किया है।

जयकृष्ण पटेल

- जयकृष्ण पटेल बाँसवाड़ा के बागीदौरा से विधान सभा उपचुनाव में जीत हासिल की
- यह सीट पूर्व कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय के इस्तीफा देने से रिक्त हुई थी।
- जयकृष्ण पटेल भारत आदिवासी पार्टी से है। 51434 वोटों से जीते।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

- यह योजना 30 जून, 2024 को टोंक से शुरू की गई।
- इसका ध्येय 'समृद्ध किसान -खुशहाल राजस्थान' है।
- इसके तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 6000 रुपये राशि साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2000 रुपये की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।
- इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा किसानों को 1000 रुपये दो किस्तों मे प्रदान की जाएगी।
- इसका उद्देश्य किसानों को सशक्त, समृद्ध एवं उन्नतशील बनाना है।

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान

- यह महाभियान 5 जून 2024 को जयपुर से शुरू किया गया।
- इसका उद्देश्य राज्य में पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देना है।
- इस अभियान में 7 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। जिसमें से 3 करोड़ आमजन को रियायती दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे।
- इसके अलावा 3 करोड़ राजकीय भूमि और 1 करोड़ ओरण एवं चारागाह भूमि पर लगाए जाएंगे।
- यह राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया गया है।

श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना

- इस योजना का पूर्ववर्ती नाम 'इंदिरा रसोई योजना' है।
- यह योजना राजस्थान के स्वायत्त शासन विभाग के द्वारा क्रियान्वित की जा रही है।
- हाल ही में जून 2024 में इस योजना में संशोधन करके अब एक लाभार्थी को एक समय में एक ही भोजन कूपन का प्रावधान किया गया है।
- इसका कारण यह है कि वर्तमान में थाली में भोजन की मात्रा 450 ग्राम से बढ़ाकर 600 ग्राम कर दी गई है।
- जनवरी 2024 में 'इंदिरा रसोई योजना' का नाम बदलकर 'श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना' कर दिया गया था।
- वर्तमान में इस योजना के तहत 8 रुपये में भोजन थाली दी जा रही है।
- इसके मेन्यू में 300 ग्राम चपाती, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जी, 100 ग्राम चावल व मोटे अनाज की खिचड़ी व अचार शामिल है।

मुख्यमंत्री फैलोशिप प्रोग्राम

- यह योजना राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप प्रोग्राम के स्थान पर शुरू की जाएगी।
- इसके तहत राज्य में महत्वपूर्ण सरकारी पदों पर बैठे ब्यूरोक्रेट्स के साथ युवाओं को जोड़ा जाएगा।
- इसमें जिला कलेक्टर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ACS व प्रमुख सचिवों से 200 युवाओं को जोड़ा जाएगा।
- इनमें से 50 युवाओं को जिला कलक्टर्स के साथ और अन्य 150 को अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव रैंक के अधिकारियों के साथ जोड़ेंगे।
- इसमें ऐसे 200 युवाओं का चयन किया जाएगा, जिसने दसवीं कक्षा से स्नातक-स्नातकोत्तर तक प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हो और काम में क्रिएटिविटी हो।
- इसके तहत सरकार के काम, योजनाओं को किस तरह बेहतर बनाया जा सकता है, उसमें युवा वर्ग की क्रिएटिविटी और विचारों को शामिल किया जाएगा।
- इस योजना हेतु युवाओं की पात्रता आयु उम्र 21 से 30 के बीच

होगी।
- इस प्रोग्राम के तहत युवा शुरुआत में 2 साल तक काम करेंगे और फिर एक साल तक आगे बढ़ाया जा सकेगा।

नौनेरा बांध प्रोजेक्ट

- यह हाड़ौती क्षेत्र की सबसे बड़ी जल योजना है। इससे नौनेरा बांध से जल आपूर्ति की जाएगी।
- इस प्रोजेक्ट के तहत कोटा व बूँदी जिले के ऐसे 749 गांवों में नदी का पानी पहुंचाया जाएगा।
- इसमें पार्वती-कालीसिंध-चंबल PKC-ERCP के तहत नौनेरा बांध पर इंटेकवैल बनाकर इटावा, सुल्तानपुर, लाडपुरा, केशवरायपाटन, कापरेन, खातौली सहित अन्य जगह पाइप लाइन से घरों तक पानी पहुंचाया जाना है।
- यह प्रोजेक्ट 2 वर्षों में पूरा होगा। इसमें तीन जगह इटावा, सुल्तानपुर और कापरेन में फिल्टर प्लांट बनाए जाएंगे।

राजस्थान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि

- राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 27 जून 2024 को झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का वितरण किया गया।
- राजस्थान के अंतरिम बजट 2024-25 में पेंशन राशि 1000 से बढ़ाकर 1150 रुपये करने का प्रावधान किया गया था।
- इसका उद्देश्य बुजुर्गों व जरूरतमंदों को पेंशन देकर उन्हें आर्थिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना तथा समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ना है।
- यह वृद्धि राजस्थान में 1 अप्रैल 2024 से लागू हुई।
- राज्य के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा निम्नलिखित योजनाओं का संचालन किया जा रहा है-
  - ✓ मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना
  - ✓ मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना
  - ✓ मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना
  - ✓ लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना
  - ✓ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना
  - ✓ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना
  - ✓ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना

राजस्थान के 15 जिलों में मनरेगा लोकपाल नियुक्त किए गए

- राजस्थान के 15 जिलों अलवर, बीकानेर, जयपुर झुंझुनूं, सीकर, बीकानेर, भरतपुर, बाँसवाड़ा, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जालौर, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, जैसलमेर और राजसमंद में मनरेगा लोकपाल नियुक्त किए गए है।
- आगामी वर्ष में राज्य सरकार सभी जिलों में मनरेगा लोकपाल की तैनाती करेगी।
- मनरेगा के तहत इन जिलों में लगने वाले लोकपाल मनरेगा से जुड़ी शिकायतें, अभाव और अभियोग के समाधान हेतु काम करेंगे।
- मनरेगा लोकपाल की नियुक्ति 2 वर्ष तक रहेगी।
- गौरतलब है कि जिलावार लोकपाल प्रति सिटिंग के 2250 रूपए या अधिकतम 45 हजार रूपये दिए जाएंगे।
- इन्हें 15 दिन में शिकायत का निपटारा करना अनिवार्य है।

मनरेगा लोकपाल हेतु योग्यताएँ

- लोक, प्रशासन, विधि, शैक्षणिक, सामाजिक कार्य, एवं प्रबंधन, में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव। प्रतिष्ठित निष्ठावान, विवाद रहित अखंड सत्यानिष्ठा का होना चाहिए।
- आवेदक की आयु 66 वर्ष से अधिक ना हो।
- शैक्षणिक योग्यता कम से कम स्नातक हो।

डॉ -सौम्या गुर्जर

- यह जयपुर के नगर निगम ग्रेटर की मेयर है।

- इन्होंने 2-4 जून 2024 को सिंगापुर में वर्ल्ड सिटीज समिट WCS 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- डॉ- सौम्या ने तीन दिवसीय समिट में वैश्विक मंच पर शहरी विकास, स्मार्ट सिटी मिशन, नवाचारों, विरासत व संस्कृति विषयों पर होने वाली विभिन्न कार्यशालाओं को संबोधित किया।
- वर्ल्ड सिटीज समिट का यह 9वां संस्करण है।
- इसमें विश्व के 250 से भी अधिक शहरों के महापौर, उद्योगपति, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने भाग लिया।
- इसमें भविष्य में शहरी क्षेत्रें में जीवन को बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

हर्बल पार्क धनवंतरि उपवन

- इसे राजस्थान के जयपुर में स्थापित किया जा रहा है। जिसमें कई प्रजातियों के औषधीय पौधे विकसित होंगे।
- यह पार्क राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा गलता की पहाड़ियों के बीच जग्गा की बावड़ी के पास 21 एकड़ में विकसित किया जा रहा है।
- इसमें 250 प्रजाति के 2000 औषधीय पौधे लगाए गए है। तथा अगले 1 वर्ष में 400 प्रजाति के 8000 और लगाए जाएंगे।
- धनवंतरि उपवन रोगों के उपचार में काम आने वाली कई औषधियों के लिए 21 वाटिकाओं का निर्माण किया गया है।
- इन वाटिकाओं में आयुर्वेद के साथ ज्योतिष विज्ञान का भी ध्यान रखा गया है।
- इस पार्क में ग्रह राशि एवं नक्षत्र पर प्रभाव के अनुसार भी ज्योतिष वाटिकाएँ बनाई गई हैं।
- इसमें राजस्थान में पाए जाने वाले विशेष प्रजाति के पौधों की नर्सरी तैयारी की जा रही है।
- यह पौधे औषधि के साथ पर्यावरण के लिए भी उपयोगी है। इनका धनवंतरि उपवन में संरक्षण किया जाएगा।
- धनवंतरि उपवन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं औषधीय पादपों का संरक्षण करना है।

राज्य के अस्पतालों में लागू होगा क्यू मैनेजमेंट सिस्टम

- राजस्थान में एम्स नई दिल्ली की तर्ज पर भीड़ को प्रबंधित करने हेतु क्यू मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जाएगा।
- राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं को नवाचारों एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित तकनीकों से और सुदृढ़ एवं पेशेंट फ्रेंडली बनाया जाएगा।
- इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का एक दल चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे आधुनिकतम कार्यों, नवाचारों एवं तकनीकों का अध्ययन करेगा।

राजस्थान का पहला वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

- यह मानसरोवर स्टोन पार्क जयपुर में स्थापित किया गया है।
- इसके तहत सीवरेज के पानी को साफ कर पौधों तक पहुंचाया जाएगा।
- राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना RUIDP ने मानसरोवर के स्टोन पार्क में नई तकनीकी से स्मॉल एसटीपी लगाया है।
- यह तकनीक RUIDP द्वारा पार्कों के हालात सुधारने हेतु निःशुल्क दी जाएगी।
- इसको वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट WWTP नाम दिया गया है। 50 किलोलीटर क्षमता
- WWTP प्रोजेक्ट से पार्क में बूंद-बूंद सिंचाई पद्धति से हर हिस्से और पेड़ पौधे तक पानी पहुंचाया जा सकेगा।
- RUIDP ने इस तकनीक का भारत सरकार से 20 साल के लिए पेटेंट भी करवा लिया है।
- राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना RUIDP राजस्थान का पहला ऐसा इंजीनियरिंग विभाग बना है, जिसने किसी आविष्कार को खुद के नाम पेटेंट करवाया है।

राजस्थान सरकार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के बीच एमओयू

- हाल ही में राजस्थान के उद्योग व वाणिज्य विभाग ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज NSE के साथ इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग IPO लाने व फंड रेसिंग की प्रक्रिया समझाने के लिए एमओयू किया है।
- इसके तहत राजस्थान की माइक्रो, स्मॉल व मीडियम एंटरप्राइजेज MSME फंड जुटाने के लिए अपने आईपीओ ला सकेगी।
- देश में महाराष्ट्र व गुजरात में एमएसएमई के लिए आईपीओ प्लेटफॉर्म होने से वहाँ के MSME व्यापारियों को इसका लाभ मिल रहा है।
- इसमें NSE इमर्ज प्लेटफॉर्म का उपयोग कर MSME को पूँजी बाजार तक पहुंचाने व आईपीओ के माध्यम से धन जुटाया जाएगा।
- इस समझौते के तहत उद्योग विभाग व एनएसई राज्य में एमएसएमई शिविर, नॉलेज सत्र, रोड शो, वर्कशॉप, सेमीनार, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा,जिससे एमएसएमई को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट करने में सहयोग मिल सकेगा।

ग्रीन क्रेडिट हेतु पॉकेट उपलब्ध कराने वाला राजस्थान का पहला वन मंडल

- अजमेर वन मंडल ग्रीन क्रेडिट के लिए पॉकेट उपलब्ध कराने वाला राजस्थान का पहला वन मंडल बना है।
- वन मंडल के अजमेर और भीलवाड़ा क्षेत्र में 265 हेक्टेयर वन भूमि पर ग्रीन क्रेडिट के तहत काम किया जाएगा।
- राज्य के वन विभाग से इंडस्ट्री ग्रीन क्रेडिट के लिए अजमेर की 165 हेक्टेयर जमीन के लिए मंजूरी मिली है।
- भीलवाड़ा में इंडस्ट्री ने पॉकेट रिजर्व करा लिया है लेकिन इसकी मंजूरी मिलना शेष है।
- अजमेर में इसके लिए 7 पॉकेट बनाए गए हैं।
- देशभर की इंडस्ट्रीज को अपने नेट प्रॉफिट में से दो प्रतिशत की राशि सामाजिक उत्तरदायित्वों और पर्यावरण क्षेत्र में खर्च करना होती है।

ग्रीन क्रेडिट

- ग्रीन क्रेडिट के तहत व्यक्तियों, समुदायों, निजी क्षेत्र के उद्योगों और कंपनियों जैसे विभिन्न हितधारकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रें में स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों को प्रोत्साहित किया जाता है।
- इससे पहले उद्योग एनजीओ के माध्यम से पर्यावरण के क्षेत्र में काम करा कर ग्रीन क्रेडिट हासिल कर लेते थे।
- पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में काम करने के लिए केंद्र सरकार ने 2019 में नियमों में बदलाव करके राशि सीधे केंद्र सरकार को देने का निर्देश दिया है।
- नोटःहर इंडस्ट्री के पास CSR (कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी) फंड होता है। इस फंड से कंपनी को पर्यावरण सुधार और मानव कल्याण के लिए नेट प्रॉफिट से 2% राशि खर्च करनी होती है।
- इसके एवज में सरकार की ओर से इंडस्ट्री को ग्रीन क्रेडिट दिया जाता है।
- इसके तहत ही अजमेर वन विभाग ने ग्रीन क्रेडिट पॉकेट का प्रस्ताव भेजा था।
- यह राशि इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च, देहरादून के जरिए संबंधित राज्य या जिले के वन विभाग को पॉकेट बुक होने के बाद दी जाती है।

देश में भूगर्भ जल के सर्वाधिक डार्क जोन राजस्थान में है

- भूगर्भ जल सर्वेक्षण, 2023 की जारी रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से अति-शोषित क्षेत्र हैं।
- देश के कुछ इलाकों में अच्छी बारिश और रिचार्ज के पहल से भूजल की स्थिति में सुधार हुआ है। देश में भूगर्भ जल की सबसे खराब हालत राजस्थान में है। यहां 203 डार्क जोन हैं।
- देश के 6,533 ब्लाकों में से 27% में भूगर्भ जल काफी नीचे खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। इसमें से 11% डार्क जोन की श्रेणी में हैं।
- इसमें राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्से देश के अत्यधिक जल शोषण क्षेत्र में हैं।
- इस सर्वेक्षण के अनुसार कर्नाटक, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों सहित प्रायद्वीपीय भारत का दक्षिणी भाग तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कठोर सतह के कारण भूजल उपलब्धता कम है।

IIT जोधपुर ने ई-व्हीकल के लिए स्मार्ट चार्जिंग अडेप्टर विकसित किया

- इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल EV को आपातकालीन स्थिति में चार्ज करने हेतु IIT जोधपुर ने एक चार्जिंग एडॉप्टर विकसित किया है।
- इससे रास्ते में कहीं भी गाड़ी के बंद होने पर सोलर से आसानी से गाड़ी को चार्ज कर सकेंगे।
- वर्तमान में ईवी की बैटरी ग्रिड से चार्ज होती है। सोलर पैनल भी इनवर्टर-कनर्वटर के जरिए ग्रिड से जुड़े होते हैं, लेकिन सीधा सोलर पैनल से बिजली नहीं ले सकते।
- IIT जोधपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ -निशांत कुमार ने इस एडॉप्टर को विकसित किया है।
- यह एडॉप्टर सोलर पैनल से सीधे बिजली ले सकेगा।
- इस एडॉप्टर में विशेष एल्गोरिदम है, जो अधिकतम पावर पॉइंट ट्रैकिंग पर काम करता है।
- यह किसी भी वॉल्टेज में सोलर पैनल की बिजली से ईवी की बैटरी इमरजेंसी में चार्ज कर देगा।
- इसके तहत गांवों, जंगलों व एक्सप्रेस-वे पर सिंगल सोलर पैनल लगाए जा सकेंगे, जिसके केवल सॉकेट होंगे।
- इस एडॉप्टर को सोलर पैनल के सॉकेट से जोड़ना होगा। जो सोलर पैनल से बिजली लेकर एकबार में कार को जरूरत के अनुसार 5 से 10 मिनट के लिए चार्ज कर देगा।

DRDO जोधपुर ने माइक्रोवेव ऑब्स्क्योरेंट चैफ रॉकेट विकसित किया

- जोधपुर DRDO ने दुश्मन के रडार से रॉकेट को बचाने के लिए नई तकनीक का माइक्रोवेव ऑब्स्क्योरेंट चौफ रॉकेट बनाया है।
- इसे 26 जून 2024 को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया।
- यह तकनीक रडार संकेतों को अस्पष्ट करती है और प्लेटफार्मों और परिसंपत्तियों के चारों ओर माइक्रोवेव शील्ड बनाती है। जिससे रॉकेट का रडार की पकड़ में आने की संभावना कम होती है।
- इस रॉकेट को दागे जाने पर यह निर्धारित समय के लिए पर्याप्त क्षेत्र में फैले अंतरिक्ष में माइक्रोवेव बादल बनाता है।
- यह रेडियो फ्रीक्वेंसी पकड़ने वाले खतरों के विरुद्ध एक प्रभावी कवच का निर्माण करता है।
- मध्यम दूरी के चैफ रॉकेट में कुछ माइक्रोन के व्यास और माइक्रोवेव आरोपण गुणों के साथ एक विशेष प्रकार के फाइबर का इस्तेमाल किया गया है।

जयपुर मेट्रो का फेज-1C

- इसके तहत जयपुर में बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर के बीच चलने वाली मेट्रो लाइन स्थापित की जाएगी।
- इस प्रोजेक्ट में 2.85 किमी के दायरे में दो मेट्रो स्टेशन बनेंगे।
- इसमें पहला स्टेशन रामगंज तो दूसरा ट्रांसपोर्ट नगर पर होगा।
- इसमें मेट्रो लाइन 0.59 किमी तक एलिवेटेड होगी,जबकि 2.26 किमी-लाइन अंडरग्राउंड स्थापित होगी।
- इस प्रोजेक्ट पर 980 करोड़ रुपए खर्च होंगे तथा इसे 2027 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

देश का पहला ट्रांस LGBT इंडियाज गॉट टैलेंट शो एंड ब्यूटी कॉन्टेस्ट

- इसका आयोजन 28 जून को जयपुर में किया गया।
- इसका आयोजन श्री हरी वैश्विक वैष्णव संस्थान की ओर से किया गया।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रांसजेंडर्स में छिपी कला एवं संस्कृति को मंच प्रदान करना है।
- इस कार्यक्रम में देशभर से LGBT कम्युनिटी से 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

तेजस्वी चंदेला को' ग्रैन गाला डे ला पास्टिसेरिया कैटालाना 'अवॉर्ड

- जयपुर की शेफ तेजस्वी चंदेला को स्पेन के बार्सिलोना में 'ग्रैन गाला डे ला पास्टिसेरिया कैटालाना' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- उन्होंने बार्सिलोना के EPGB एस्क्लूएला डे पेस्टेलेरिया डेल ग्रेमियो डे बार्सिलोना से चॉकलेट और पेस्ट्री में मास्टर डिग्री हासिल की है।
- तेजस्वी विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर पढ़ाती हैं।
- नोटःतेजस्वी 2023 में 'पेस्ट्री टैलेंट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड जीत चुकी हैं।
- यह मुंबई में 'यंग पेस्ट्री शेफ ऑफ द ईयर' एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित हो चुकी हैं।

कोटा-झालावाड़-बारां में थर्मल प्लांट लगेंगे

- राजस्थान ने दूसरे राज्यों पर बिजली निर्भरता कम करने हेतु राज्य में 18000 मेगावाट उत्पादन बढ़ाने के लिए एमओयू किए गए हैं।
- इसके तहत 3 थर्मल प्लांट कोटा, झालावाड़, बारां में स्थापित किए जाएंगे।
- शहरों में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु विश्व बैंक से ऋण मिलेगा
- राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना RUIDP के तहत राजस्थान के शहरों में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु विश्व बैंक से 3674 करोड़ रुपये का ऋण मिलेगा।
- इसमें RUIDP 5वें चरण में विकास कार्य होंगे।
- विश्व बैंक की सहायता से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, अरबन मोबिलिटी, हरित ऊर्जा, आजीविका व बाजारों को उन्नत करना, नगरीय निकायों की संस्थागत क्षमता बढ़ाया जाएगा।

राजस्थान विश्वविद्यालय का ईसीएच इन्क्यूबेशन सेंटर' सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 'बनेगा

- राजस्थान विश्वविद्यालय के ईसीएच इन्क्यूबेशन सेंटर को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' बनाया जाएगा।
- इस सेंटर में स्टार्टअप को प्रमोट करने के लिए एडवांस मशीनें हैं।
- इनमें अत्याधुनिक मशीनों के साथ-साथ रिसर्च की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
- इन सुविधाओं की मदद से स्टार्टअप अपने नए उत्पादों की जाँच और रिसर्च कर एक नए प्रोडक्ट के रूप में विकसित कर सकते हैं।

'नजर सिटीजन 'एप

- जयपुर पुलिस प्रशासन द्वारा सूने घरों की निगरानी और नौकर-किराएदारों के वेरिफिकेशन के लिए 'नजर सिटीजन' एप लॉन्च किया गया है।
- इस एप के इसके जरिए सूने घर, किराएदारों और नौकरों की निगरानी रखी जाएगी।
- इससे पुलिस के पास भी प्रवासियों का रिकॉर्ड रहेगा ।
- इस एप पर नौकर, किराएदार, कर्मचारी की डिटेल अपलोड कर सकते हैं।
- इसमें नाम, मोबाइल नंबर, वैध आईडी व फोटो अपलोड करनी होगी।

इंस्पायर अवॉर्ड प्रदर्शनी में 23 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ

- शिक्षा विभाग द्वारा 12 जून 2024 को राज्यस्तरीय इंस्पायर अवॉर्ड मानक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
- इस प्रदर्शनी में अब राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के 23 बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया।
- इसमें समाज में सुविधाजनक जीवन जीने के लिए बहुत से वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए गए।

राजस्थानको प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी

- इस योजना के तहत जयपुर के लिए 150 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी।
- इसके अलावा कोटा, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, अलवर, भीलवाड़ा, बीकानेर शहर के लिए भी 50-50 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।
- इस योजना की गाइडलाइन के अनुसार नए डिपो के लिए 60% एवं मीटर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 100% केंद्रीय सहायता प्राप्त होगी।
- पीएम-ई-बस सेवा
- इस योजना को केंद्र सरकार द्वारा 16 अगस्त 2023 को मंजूरी दी गई।
- इसके तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी PPP मॉडल पर आधारित सिटी बस संचालन के विस्तार किया जाएगा।
- इसके माध्यम से 10,000 ई-बसें चलाई जाएंगी।
- इस योजना की अनुमानित लागत 57,613 करोड़ रुपये होगी, जिसमें से 20,000 करोड़ रुपये का समर्थन केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा।
- यह योजना 10 वर्षों तक बस संचालन का समर्थन करेगी।
- ई-बसों की प्रणोदन और सहायक प्रणालियाँ विशेष रूप से शून्य-उत्सर्जन बिजली स्रोत द्वारा संचालित होती हैं।
- यह योजना 2011 की जनगणना के अनुसार तीन लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों को कवर करेगी, जिसमें केंद्रशासित प्रदेशों, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और पर्वतीय राज्यों की सभी राजधानी शामिल हैं।
- इस योजना के तहत उन शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां कोई सुव्यवस्थित बस सेवा उपलब्ध नहीं है।

योजना के भाग-

इस योजना के दो खंड हैं-

-1खंड A

- इसमें 169 शहरों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर 10,000 ई-बसें चलाई जाएंगी।
- इसके माध्यम से सार्वजनिक-निजी भागीदारी PPP मॉडल पर 10,000 ई-बसों के साथ सिटी बस संचालन का विस्तार किया जाएगा।

-2खंड B-

- इसमें ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पहल के तहत 181 शहरों में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत किया जाएगा।
- इस योजना में बस की प्राथमिकता, बुनियादी सुविधा, मल्टीमॉडल इंटरचेंज सुविधाएँ, NCMC-आधारित स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली, चार्जिंग हेतु बुनियादी सुविधाएँ आदि जैसी हरित पहल की परिकल्पना की गई है।

कर्नल किरोड़ी बैंसला की प्रतिमा

- कर्नल किरोड़ी बैंसला की प्रतिमा का अनावरणमूंडिया गाँव करौली में किया गया।
- यह प्रतिमा 7-5 फीट ऊंची है।
- कर्नल बैंसला अत्यंत पिछड़े वर्ग MBC को 5% का आरक्षण दिलाने वाले गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक रहे थे।
- इसके अलावा कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के नाम पर एजुकेशनल इंस्टीट्यूट खोला जाएगा।

कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला

- इनका जन्म 12 सितंबर 1940 को राजस्थान के करौली जिले के मुंडिया गाँव में हुआ।
- किरोड़ी सिंह बैंसला सेना में कर्नल थे।
- कर्नल बैंसला ने 1962 के भारत-चीन और 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भी भाग लिया था।
- वे राजपूताना राइफल्स में थे और पाकिस्तान के युद्धबंदी भी रहे।
- उन्हें जिब्राल्टर का चट्टान, इंडियन रेम्बो भी कहा जाता है।
- सार्वजनिक जीवन में आने के बाद उन्होंने गुर्जर आरक्षण समिति की अगुवाई की।
- कर्नल बैंसला ने 2004 से गुर्जर समाज को अलग से आरक्षण देने की मांग करते हुए आरक्षण आन्दोन की कमान अपने हाथ में ली थी।
- गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष बैंसला के नेतृत्व में 2007 में राजस्थान में गुर्जरों ने बड़ा आंदोलन किया था।
- राजस्थान के गुर्जरों के लिए अलग से अन्य पिछड़ा वर्ग MBC के तहत गुर्जरों को सरकारी नौकरियों में 5 %आरक्षण दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

राजस्थान से दो छात्रएँ टोक्यो में साइंस सकूरा प्रोग्राम में शामिल होंगी

- जापान के टोक्यो में 16 जून से 22 जून तक आयोजित हुए सकूरा साइंस प्रोग्राम में भाग लेने के लिए राजस्थान से छात्र प्रीति स्वामी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, करणपुरा, हनुमानगढ़ और आयुषी पालीवाल विवेकानन्द मॉडल स्कूल, पोकरण,

जैसलमेर का चयन हुआ है।

- यह चयन राजस्थान के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय व भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जापान साइंस एंड टेक्नोलॉजी एजेंसी द्वारा किया गया है।

इंडिया स्टोन मार्ट के लिए एमओयू

- इंडिया स्टोनमार्ट के 13वें संस्करण के लिए 14 जून 2024 को एमओयू किया गया।
- इस पर रीको, लघु उद्योग भारती राजस्थान एवं सीडोस ने हस्ताक्षर किए।
- इंडिया स्टोनमार्ट वर्ष 2026 में 5 से 8 फरवरी तक जेईसीसी, सीतापुरा जयपुर में आयोजित होगा।
- इसका उद्देश्य भारतीय पत्थर उद्योग के लिए बाजारों का विकास करना और उद्योग के सभी हितधारकों को मंच प्रदान करना है।

यूएन मिशन के लिए राजस्थान पुलिस के 4 अफसरों का चयन

- संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के लिए विदेश में पुलिस सेवा के लिए राजस्थान पुलिस से 2 महिला अफसरों सहित 4 अधिकारियों का चयन हुआ है।
- राजस्थान पुलिस एकेडमी में तैनात एडिशनल एसपी सुशीला यादव, सब इंस्पेक्टर आरती सिंह तंवर, डिप्टी एसपी दीपक जोशी व एएसआई रत्नदीप का चयन हुआ है।
- इस हेतु आयोजित परीक्षा में भारतवर्ष के विभिन्न पुलिस संगठनों, अर्धसैनिक बलों व राज्य पुलिस के अधिकारी हिस्सा शामिल होते है।
- इनका चयन अगले 2 साल तक के लिए हुआ है।

पूगल , छत्तरगढ़ व भड़ला में 4 सोलर प्रोजेक्ट स्थापित होंगे

- पश्चिमी राजस्थान में बीकानेर के पूगल, छत्तरगढ़ व फलौदी के भड़ला में 4 सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किए जाएंगे।
- इन सोलर प्रोजेक्ट से 2,950 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।
- हाल ही में राजस्थान में सरकार में 4 सोलर प्रोजेक्ट के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- इसमें बीकानेर के पूगल एवं छत्तरगढ़ तहसील में 2450 मेगावाट के 3 सोलर पार्क स्थापित होंगे। फलौदी के भड़ला में 500 मेगावाट का एक सोलर प्रोजेक्ट बनेगा।
- इससे राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस एनर्जी स्टेट बनाने का संकल्प पूरा होगा।
- इन परियोजनाओं से प्रदेश में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।
- इन सोलर प्रोजेक्ट्स से राजस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा। इन परियोजनाओं से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।
- इसके साथ ही क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।
- ये सोलर प्रोजेक्ट्स पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएंगे और सालाना लगभग 2 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।
- इन सोलर पार्क में अत्याधुनिक सौर पैनल्स और ग्रिड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा, जिससे ऊर्जा उत्पादन की क्षमता में वृद्धि होगी ।
- नोटःराजस्थान ने 10 मार्च 2024 को राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड एवं एनएलसी इंडिया लिमिटेड के मध्य 3325 मेगावाट की थर्मल परियोजनाएँ एवं 28500 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएँ संयुक्त उपक्रम के तहत स्थापित करने के लिए एमओयू किए थे।

बीकानेर में 3 सोलर प्रोजेक्ट

- बीकानेर जिले में 2450 मेगावाट के 3 सोलर पार्क की स्थापना के लिए राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट कंपनी को 4780 हैक्टेयर आवंटित की गई है।
- बीकानेर जिले में एक-एक हजार मेगावाट के दो तथा 450 मेगावाट का एक सोलर पार्क स्थापित किया जाएगा।
- पहले सोलर पार्क के लिए पूगल तहसील के ग्राम सूरासर में लगभग 1881 हैक्टेयर भूमि आवंटन होगा।
- एक हजार मेगावाट के दूसरे सोलर पार्क के लिए दो हजार हैक्टेयर भूमि आवंटित की जाएंगी, जिसमें से 1194 हैक्टेयर भूमि ग्राम सूरासर तथा लगभग 807 हैक्टेयर भूमि ग्राम भणावतावाला में स्थित है।
- 450 मेगावाट के तीसरे सोलर पार्क के लिए छत्तरगढ़ तहसील के ग्राम सरदारपुरा में 900 हैक्टेयर भूमि आवंटन दी जाएगी।

फलौदी में 1 सोलर प्रोजेक्ट

- फलौदी में 500 मेगावाट के एक सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए एनटीपीसी रिन्युएबल एनर्जी लिमिटेड करेगा। बाप तहसील में ग्राम भड़ला में 910 हैक्टेयर भूमि आवंटन होगा।

राजस्थान का पहला वंदे भारत मेंटेनेंस डिपो

- राजस्थान का पहला वंदे भारत मेंटेनेंस डिपो खातीपुरा जयपुर में स्थापित किया जाएगा।
- इससे अन्य रेलवे और मंडलों से भी ट्रेनें मेंटेनेंस के लिए खातीपुरा जयपुर में आ सकेंगी।
- खातीपुरा के सेकंड फेज में विकसित हो रहे इस प्रोजेक्ट की लागत 180 करोड़ रुपये है।
- राजस्थान व रेलवे का यह पहला डिपो है, जिसे रेलवे खुद बनाएगा।
- इससे पहले इस तरह के मेंटेनेंस डिपो रेलवे के पीएसयू WPO पटना द्वारा बनाए जाते थे।

राजस्थान विश्वविद्यालय में' संविधान पार्क 'का लोकार्पण

- राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर, जयपुर में 19 जून 2024 को राज्यपाल कलराज मिश्र ने 'संविधान पार्क' का लोकार्पण किया।
- इस नवनिर्मित संविधान पार्क में स्तंभ की ऊंचाई 75 फुट है।
- संविधान स्तंभ तीन खंभों पर स्थित है, जिसमें पहले मूल अधिकार, दूसरा कर्तव्य और तीसरा मूल सिद्धांत पर आधारित है।
- इससे आने वाले विद्यार्थी कलाकृतियों के माध्यम से संविधान के बारे में जागरूक होंगे।
- इसे आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया द्वारा डिजाइन किया गया है।
- मुख्य विशेषताएँ
- आजादी के प्रणेता महात्मा गांधी के बलिदान और संघर्ष को दांडी यात्रा से प्रदर्शित है।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और

पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर लगी है।

- संविधान स्तंभ पर कलाकृतियों के माध्यम से 1946 से 1950 तक के संविधान बनने की पूरी गाथा देख सकेंगे।

आईपीडी टॉवर का नाम आयुष्मान टॉवर किया गया

- सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर में बन रहे आईपीडी टावर का नाम अब आयुष्मान टॉवर कर दिया गया है।

आयुष्मान टॉवर

- यह देश का सबसे ऊंचा हॉस्पिटल है। इस हॉस्पिटल की ऊंचाई 116 मीटर होगी।
- यह राजस्थान में अब तक की सबसे ऊँची इमारत है। इसकी छत पर दो मंजिला बेसमेंट और हेलीपैड बनेगा।
- इसमें लगभग 24 मंजिला होगा। इस हॉस्पिटल में हैलीपेड से लेकर अत्याधुनिक ओटी, सुपर लग्जरी कॉटेज सभी सुविधाएँ होगी।
- इस टॉवर में 1200 बैड 792 जनरल, 150 कॉटेज, 166 आईसीयू और 92 प्रीमियम रूम होंगे।
- इसके अलावा डबल बेसमेंट पार्किंग, मरीज परिजन के लिए दो बड़े वेटिंग हॉल, मेडिकल साइंस गैलेरी, 20 ऑपरेशन थिएटर, फूडकोर्ट के अलावा रेडिया और माइक्रोबायोलॉजी जांच संबंधित एडवांस लैब होगी।

राजस्थान सरकार टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से एमओयू करेगी

- राजस्थान के उद्योगों में कुशल कर्मचारी तैयार करने के लिए राज्य सरकार टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से एमओयू करेगी।
- इसके तहत 150 आईटीआई और 48 पॉलिटेक्निक कॉलेजों का संचालन और रखरखाव टाटा टेक्नोलॉजीज करेगी।
- इसमें विद्यार्थियों को टाटा टेक्नोलॉजीज द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- टाटा इन संस्थाओं के लिए हाई स्किल्ड 6 सामान्य इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र CEFC खोलेगी।
- इससे पॉलिटेक्निक कॉलेज - आईटीआई हैवी और अपग्रेडेड मशीनरी से युक्त होंगे। इन मशीनों के लिए टाटा उच्च प्रशिक्षित ट्रेनर भी उपलब्ध कराएगा।

एमएल गर्ग

- एमएल गर्ग बीएसएफ राजस्थान फ्रंटियर के नए आईजी बने है।

"जीमण" 2024

- यह लंदन में आयोजित होने वाला प्रवासी राजस्थानियों का सबसे बड़ा पर्व है
- इसका आयोजन 30 जून 2024 को राजस्थान एसोसिएशन यूके द्वारा किया गया।
- यह एक ऐसा सांस्कृतिक पर्व है जो लोगों को यूके में राजस्थानी संस्कृति से जुड़ाव और विदेश में लोगों को एक-दूसरे से जोड़े रखता है।

साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2024

- साहित्य अकादमी ने 15 जून 2024 को वर्ष 2024 के लिए युवा पुरस्कार बाल साहित्य पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।
- इसमें साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार हेतु 23 लेखकों के नामों की घोषणा की गई।

राजस्थानी भाषा हेतु युवा पुरस्कार

वर्ष	कृति	विजेता
2024	सुध सोढूं जग अंगणे कविता	सोनाली सुथार
2023	अंतास रो ओल्मो कविता	देवीलाल महिया
2011 पहला पुरस्कार	पीड़ कहानी-संग्रह	दुलाराम सहारण

- साहित्य अकादमी ने वर्ष 2011 से अपने द्वारा मान्यता प्रदत्त 24 भारतीय भाषाओं में युवा लेखन को प्रोत्साहित करने हेतु युवा पुरस्कार प्रारंभ किया।
- युवा पुरस्कार के लिए पुस्तकों का चयन संबंधित भाषा चयन समितियों की अनुशंसा के आधार पर किया जाता है।
- यह पुरस्कार 35 वर्ष तक की आयु अथवा पुरस्कार वर्ष में 1 जनवरी को उससे कम आयु के युवा लेखकों की प्रकाशित पुस्तकों को दिया जाता है।
- पुरस्कार में एक ताम्रफलक और 50,000/- रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2024

- साहित्य अकादमी ने 15 जून 2024 को वर्ष 2024 के लिए युवा पुरस्कार बाल साहित्य पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।
- साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार हेतु 24 विजेताओं के नामों की घोषणा की गई।

राजस्थानी भाषा हेतु बाल साहित्य पुरस्कार

वर्ष	कृति	विजेता
2024	म्हारी ढाणी कविता-संग्रह	प्रहलाद सिंह 'झोरड़ा'
2023	टाबरां री दुनियां संस्मरण	किरण बादल
2011 पहला पुरस्कार	बुलबुल रा बोल कहानी-संग्रह	दमयंती जाडावत 'चंचल'

- साहित्य अकादमी ने सन् 2010 से अपने द्वारा मान्यता प्रदत्त 24 भारतीय भाषाओं में बाल साहित्य को प्रोत्साहित करने हेतु बाल साहित्य पुरस्कार प्रारंभ किया।
- बाल साहित्य के लिए पुस्तकों का चयन संबंधित भाषा चयन समितियों की अनुशंसाओं के आधार पर किया जाता है।
- पुरस्कार में एक ताम्रफलक और 50,000/- रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

दीया कुमारी 'वुमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित होंगी

- राजस्थान की उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को 'वुमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर इंडिया' के सम्मान से आईटीबी बर्लिन, जर्मनी में सम्मानित किया जाएगा।
- इसके अलावा राजस्थान को 'डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर' के लिए 'पटवा इंटरनेशनल ट्रैवल अवॉर्ड' से भी सम्मानित किया जाएगा। ये अवार्ड पटवा के द्वारा 2025 में दिए जाएंगे।

राजस्थान में 8 नई अकादमियों का गठन होगा

- राजस्थान सरकार द्वारा में राज्य में विभिन्न क्षेत्रें में 8 नई अकादमियों का गठन किया जाएगा।
- नई अकादमियाँ-
  1. जयपुरः सवाई जयसिंह, ढूंढाड़ अकादमी
  2. भरतपुरः महा -सूरजमल ब्रज अकादमी
  3. कोटाः सरदार बूँदा मीणा हाड़ौत अकादमी
  4. उदयपुरः राणा सांगा मेवाड़ अकादमी
  5. जोधपुरः राव जोधा राठौड़ अकादमी
  6. अजमेरः पृथ्वीराज चौहान अकादमी
  7. बीकानेरः जिलाई बाई मांड अकादमी
  8. सीकरः महाराव शेखाजी शेखावट अकादमी
- इस प्रकार राजस्थान में प्रमुख अकादमियों और केंद्रों की संख्या 18 से बढ़कर 26 होगी।
- इससे पूर्व पूववर्ती गहलोत सरकार द्वारा राजस्थान प्राकृत भाषा एवं साहित्य अकादमी की स्थापना को मंजूरी दी थी।
- यह अकादमी जैन धर्म के लोक साहित्य के प्रकाशन एवं मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के लिए है।
- राजस्थान की पहली अकादमी जयपुर में राजस्थान स्कूल ऑफ आर्टस क्राफ्टस 1866 में गठित की गई थी। बाद में इसका नाम बदलकर स्कूल ऑफ आर्ट कर दिया था।

झाखरड़ा अभयारण्य

- यह बाड़मेर में स्थित है।
- यह ग्रेटर फ्लेमिंगो के कारण चर्चा में रहा है। इसे 'रेगिस्तान का आइलैंड' भी कहा जाता है।
- राजहंस की यह प्रजाति यूरोपीय देश के साथ ही दक्षिण एशिया में है, लेकिन सर्दियों में यह भारत में कई स्थानों पर प्रवास करती है।
- ग्रेटर फ्लेमिंगो छह प्रजातियों में सबसे लंबा है, जो 3-9 से 4-7 फीट 1-2 से 1-4 मीटर तक ऊंचाई का होता है।इसका वजन 3-5 किलोग्राम तक होता है।

राजस्थान के 4 सबसे खराब मीथेन हॉट स्पॉट

- राजस्थान के 4 सबसे खराब मीथेन हॉट स्पॉट बाड़मेर, जैसलमेर, तारानगर और चिड़ावा है। इन हॉट स्पॉट कचरे के ढेर से मीथेन का उत्सर्जन अत्यधिक हो रहा है।
- मीथेन उत्सर्जन से जलवायु परिवर्तन और तापमान में वृद्धि हो रही है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ISRO द्वारा एक अध्ययन में इसका खुलासा हुआ है।
- इसके तहत बाड़मेर, जैसलमेर, तारानगर और चिड़ावा के लैंडफिल स्थल देश के शीर्ष 22 मीथेन हॉटस्पॉट में पाए गए।
- इनमें बाड़मेर चौथे, जैसलमेर छठे, तारानगर आठवें और चिड़ावा ग्यारहवें स्थान पर है।
- शोधकर्ताओं ने ठोस अपशिष्ट लैंडफिल साइटों, डंपिंग यार्ड, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वेटलैंड्स, तेल और गैस क्षेत्रें, तेल रिफाइनरियों और कपड़ा उद्योगों से निकलने वाले अलग-अलग मीथेन प्लम की पहचान की।
- इसमें मीथेन बढ़ने का मुख्य कारण कचरे का सहीं से निस्तारण नहीं होना माना गया।
- दरअसल मीथेन गैस वातावरण को गर्म करती है। इससे ग्लोबल वार्मिंग होती है और तापमान बढ़ता है।

संतोष खेदड़ को जैविक खेती में नवाचारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला

- सीकर के गाँव बेरी की किसान संतोष खेदड़ को 8 जून 2024 को जैविक खेती में किए गए नवाचारों को लेकर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- यह सम्मान भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली में दिया गया।
- संतोष खेदड़ पिछले 16 वर्षों से जैविक खेती कर रही हैं।
- वह स्वयं अपने बगीचे की नर्सरी में जैविक विधि से दर्जनों किस्म की पौध तैयार करती हैं।
- जयपुरः देश का पहला सर्वाधिक वन्यजीव सफारी वाला शहर
- राजस्थान सरकार के सहयोग से जयपुर देश में सबसे अधिक वन्यजीव सफारी कराने वाला शहर बन गया।
- जयपुर में वर्तमान में 3 पैंथर सफारी है-
  1. झालाना पैंथर सफारी
  2. आमागढ पैंथर सफारी
  3. नाहरगढ पैंथर सफारी
- इसके अलावा नाहरगढ में लॉयन सफारी, आमेर में एलिफेंट

सफारी की सुविधा उपलब्ध है।
- नोटः सबसे अधिक वन्यजीवों के प्रजनन का केंद्र भी जयपुर है।
- नाहरगढ़ जैविक उद्यान में अगस्त 2024 तक टाइगर सफारी शुरू हो जाएगी।
- नाहरगढ़ जैविक उद्यान राजस्थान का पहला ऐसा जैविक उद्यान होगा, जहां सैलानियों को लॉयन व टाइगर सफारी दोनों सुविधा मिलेगी।
- नाहरगढ़ जैविक उद्यान में 30 वर्ग किलोमीटर भूमि पर टाइगर सफारी विकसित की गई है।

राजस्थान में 40 शहरों में निवेश हेतु आधारभूत संरचना का विकास होगा

- राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के 40 शहरों को विकसित किया जाएगा, जिस पर करीब 18500 करोड़ रुपये व्यय होंगे।
- इस राशि का 70 अर्थात् 13,000 करोड़ रुपये विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक से लोन के रूप में लिया जाएगा और शेष 5,500 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
- इसके तहत राज्य के शहरों के विकास को निवेश के साथ जोड़ा जाएगा।
- इन शहरों में विकास कार्य राजस्थान शहरी आधारभूत विकास परियोजना RUIDP के पांचवें चरण में होगा।
- इसे राज्य सरकार द्वारा मंजूरी के लिए केन्द्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ इकॉनोमिक अफेयर्स के पास भेजा जाएगा।

इनमें निम्नलिखित शहर शामिल है-

- जयपुर के 12 सैटेलाइट टाउन -दूदू, चौमूं, बस्सी, बगरू, चाकसू, जोबनेर, फुलेरा, शाहपुरा, रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, दौसा प्रस्ताव में सीकर के शहरों और दौसा को जयपुर जोन में ही शामिल किया है।
- जोधपुर के 4 सैटेलाइट टाउन -पीपाड़ शहर, बिलाड़ा, सोजत, बालेसर साटन
- अजमेर के 3 सैटेलाइट टाउन -पुष्कर, किशनगढ़, ब्यावर
- कोटा के 3 सैटेलाइट टाउन -बूँदी, कैथून, केशोरायपाटन
- भरतपुर के 4 सैटेलाइट टाउन -कुम्हेर, नगर, नदबई, डीग
- 10 संभागीय मुख्यालय -जयपुर, जोधपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, पाली, सीकर और बाँसवाड़ा।
- 4 मध्यम जनसंख्या वाले शहर -चूरू, श्रीगंगानगर, झुंझुनूं और टोंक।

शहरों में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु प्रावधान

- पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर 24 घंटे पेयजल आपूर्ति।
- सीवरेज सुविधा उपलब्ध कराने, इंडस्ट्रीयल और कृषि के लिए परिशोधित जल की उपलब्धता।
- ठोस कचरा प्रबंधन को प्रभावी तरीके से लागू करते हुए जीरो वेस्ट मॉडल पर काम होगा।
- बायो मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन और हानिकारक अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार किया जाएगा।
- विरासत को सहेजने, मनोरंजन सुविधाएं विकसित करने, सौन्दर्यन, चिकित्सा सुविधाएँ बढ़ाई जाएगी।
- रोड लाइट के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने, इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना।
- ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी करना।
- ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने, सड़कों की री-मॉडलिंग, पार्किंग स्थलों का निर्माण।
- बस स्टैंड डवलपमेंट, सिटी ट्रांसपोर्ट सिस्टम और इंटर सिटी ट्रांसपोर्ट सिस्टम में सुधार।

जोधपुरः रिमोट पायलट ट्रेनिंग सेंटर खुलेगा

- जोधपुर के कृषि विश्वविद्यालय में पश्चिमी राजस्थान का पहला रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन सेंटर खोला जाएगा।
- इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना है, ताकि बेहतर उपज के साथ किसानों की आय में वृद्धि हो।

महाराव शेखाजी सैन्य अकादमी

- यह सीकर के मोहनपुरा गाँव में स्थित है।
- यह राजस्थान की पहली सैन्य अकादमी है।
- यह अकादमी बनकर तैयार हो चुकी है, लेकिन इसका लोकार्पण किया जाना शेष है।
- इसमें पहले साल अकादमी में 100 युवाओं को दाखिला दिया जाएगा।
- इस एकेडमी परिसर में ही विद्यार्थियों को पढ़ाई से खेल और आवास की सुविधा मिलेगी।

प्रमुख बिंदु

- प्रोजेक्ट की घोषणाः 2017
- सैन्य अकादमी का काम शुरूः 2019
- प्रोजेक्ट की लागतः 31 करोड़ रुपये
- क्षेत्रफलः 10 हेक्टेयर

राजस्थान की मिलिट्री स्टेशन की पहली प्लास्टिक वेस्ट से बनी सड़क

- भारतीय सेना ने जयपुर के मिलिट्री स्टेशन में प्लास्टिक वेस्ट से सड़क बनाई है।ऐसा करने वाला यह देश का दूसरा मिलिट्री स्टेशन बन गया है।
- भारतीय सेना ने मिलिट्री स्टेशन में सगत सिंह रोड अंडर ब्रिज से कब्स कॉर्नर कॉलेप्क्स तक 100 मीटर लंबी प्लास्टिक वेस्ट रोड बनाई है।
- यह राजस्थान स्थित मिलिट्री स्टेशन की पहली और देश के मिलिट्री स्टेशन की दूसरी प्लास्टिक वेस्ट सड़क है।
- इससे पहले वर्ष 2019 में असम के नारंगी मिलिट्री स्टेशन में एक प्लास्टिक वेस्ट रोड बनाई जा चुकी है।
- इस प्लास्टिक वेस्ट सड़क का निर्माण गैरीसन इंजीनियर दक्षिण, चीफ इंजीनियर जयपुर जोन के तत्वावधान में भारतीय सेना की हरित सैन्य स्टेशन बनाने की नीति के अनुरूप किया गया है।

बहज गाँव डीगः विलुप्त नदी के साथ श्रीकृष्ण के समय के बर्तन व औजार मिले

- हाल ही में डीग जिले के बहज गाँव में गोवर्धन गिरिराजजी से महज 6 किलोमीटर दूर विलुप्त हो चुकी नदी के साथ महाभारत काल की मृदभांड संस्कृति हस्तिनापुर के प्रमाण मिले हैं।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ASI को जमीन से 24 मीटर नीचे नदी का 2 मीटर मोटाई का कंकड़-रेत का जमाव मिला है।

इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण के समय के बर्तन और औजार भी मिले हैं।

- इसमें मृदभांड संस्कृति का करीब 9 मीटर मोटा जमाव भी मिला है।
- इस उत्खनन में जो प्रमाण मिले है, वे ब्रज क्षेत्र और भगवान श्रीकृष्ण के समय की प्राचीनता को सिद्ध करने में सहायक होंगे।
- यहाँ भगवान शिव व माँ पार्वती की मिट्टी की अलग-अलग मूर्तियाँ मिली हैं, जो 3 हजार साल से अधिक पुरानी है।
- अब तक खोज में भगवान श्रीकृष्ण के समय के 2 ही प्रमाण उपलब्ध है, इसमें यमुना नदी और गोवर्धन पर्वत शामिल हैं।
- बहज उत्खनन में मध्य पाषाण कालीन संस्कृति के भी प्रमाण मिले है।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ASI ने बहज गाँव में 10 जनवरी 2024 से उत्खनन कार्य शुरू किया।
- यहाँ हड्डियों से निर्मित औजार भी मिल चुके हैं, जिसमें सूई के आकार के ऐसे अनूठे औजार शामिल हैं, जो पहले देश में पहली बार मिले हैं।
- इसके उत्खनन में कुषाण कालीन अवशेष, उसके बाद शुंग कालीन, मौर्य कालीन, महाजनपद कालीन संस्कृति के भी अवशेष मिले हैं।
- वर्ष 1973 से 1977 तक हुए उत्खनन के अनुसार मथुरा की प्राचीनता पुरातात्विक तिथि के अनुसार 2600 से 2700 साल वर्ष पूर्व की आंकी गई थी।
- बहज गाँव में उत्खनन के बाद मथुरा की प्राचीनता 5100 साल पुरानी होने के प्रमाण मिले हैं।

राजस्थान के नवगठित जिलों रेडक्रॉस सोसायटी गठित होगी

- राज्यपाल मिश्र ने 24 जून 2024 को 17 नए जिलों में भी रेडक्रॉस सोसायटी गठन के निर्देश दिए।
- इसके अलावा में विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा को लेकर एक दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण की पहल की जाएगी।
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से यह कार्य किया जाएगा।
- इसके लिए हर जिले से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 10 मास्टर ट्रेनर्स की व्यवस्था की जाएगी।

राजस्थान में 9 औद्योगिक पार्कों का विकास होगा

- राजस्थान में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन हेतु 9 औद्योगिक पार्कों को विकसित किया जाएगा।
- हाल ही में भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क के लिए जमीन आवंटन को राज्य सरकार द्वारा मंजूरी दे दी है।
- इससे राज्य में निवेश के साथ-साथ रोजगार सृजन के अवसर बढ़ेंगे।
- राजस्थान में निम्नलिखित क्षेत्रें मे 9 औद्योगिक पार्कों का विकास किया जाएगा-

1 .टेक्सटाइल
2 .टॉयज मेन्यूफेक्चरिंग क्लस्टर
3 .फार्मास्यूटिकल
4 .जेम्स-ज्वैलरी
5 .डिफेंस मेन्यूफेक्चरिंग
6 .स्टोर कार्विंग पत्थर पर नक्काशी से संबंधित
7 .सॉफ्रटवेयर टेक्नोलॉजी
8 .इलेक्ट्रोनिक्स
9 .आईटीक्षेत्र

राजस्थान में नल कनेक्शन की स्थिति

- राजस्थान में सर्वाधिक नल से कनेक्शन वाले घर वाला जिलाः दूदू 93.51%
- राजस्थान में न्यूनतम नल से कनेक्शन वाले घर वाला जिलाः बाड़मेर 13.55%
- राजस्थान में कुल 1,07,06,941 घरों में से अब तक 54,22,489 50.64 %घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके है।
  - ☆ हर घर जल सूचित किए गए जिले
- ⭐ हर घर जल प्रमाणित किए गए जिले





राजस्थान में अमृतसर-जामनगर भारतमाला परियोजना में डवलपमेंट एरिया के साथ ग्रीन कॉरिडोर बनेगा

- अमृतसर-जामनगर भारतमाला परियोजना के साथ ही इससे संबंधित क्षेत्र में ग्रीन कॉरिडोर स्थापित किया जाएगा।
- इस परियोजना के तहत काटे गए पेड़ों और झाड़ियों के बदले लाखों पौधों का रोपण किया जा रहा है, साथ ही इन्हें ड्रिप इरिगेशन से सिंचित भी किया जा रहा है।
- भारतमाला परियोजना के तहत सड़क निर्माण का काम अंतिम चरण में है और राजस्थान में ग्रीन कॉरिडोर स्थापित करने की शुरुआत हो चुकी है।
- अमृतसर -जामनगर परियोजना के तहत राजस्थान में एक्सेस कंट्रोल्स 6 लेन ग्रीन फील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 754-A का निर्माण किया जा रहा है।
- इस राजमार्ग के दोनों तरफ व राजमार्ग के बीच में डिवाइडर पोर्शन पर लाखों पौधे लगाए जा रहे हैं।
- प्रत्येक 5 किलोमीटर की दूरी पर 5 हजार लीटर की पानी की टंकी स्थापित होगी, जिससे ड्रिप इरिगेशन सिस्टम जुड़ा रहेगा।



अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे

- इसके तहत अमृतसर- जामनगर एक्सप्रेसवे (NH 754A) 1,257 किलोमीटर लंबा 6 लेन एक्सेस नियंत्रित ग्रीनफील्ड बनेगा। जिसकी लागत लगभग 22,500 करोड़ रुपए होगी।
- यह अमृतसर पंजाब को बंदरगाह शहर जामनगर गुजरात से जोड़ेगा।
- यह भारतमाला और अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे का एक हिस्सा है।
- यह पंजाब , हरियाणा , राजस्थान और गुजरात के चार राज्यों से होकर गुजरेगा।
- यह एक्सप्रेसवे भारत का पहला एक्सप्रेसवे होगा, जो बठिंडा , बाड़मेर और जामनगर की तीन तेल रिफाइनरियों को जोड़ेगा।
- यह गुरु नानक देव थर्मल प्लांट बठिंडा और सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट श्रीगंगानगर को भी जोड़ेगा ।
- यह पंजाब के कपूरथला जिले के टिब्बा गाँव से शुरू होगा।
- राजस्थान में यह हनुमानगढ़ जिले के संगरिया कस्बे से प्रवेश करेगा।
- इसका लगभग 637 किलोमीटर हिस्सा राजस्थान के हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जालौर और सांचौर जिलों से होकर गुजर रहा है।
- राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के जाखड़ावाली गांव से जालौर जिले के खेतलावास गांव तक विस्तृत है।
- इस परियोजना के 637 किलोमीटर के 23 पैकेज राजस्थान में है। जिनमें से 502 किलोमीटर लम्बाई के 18 पैकेज अभी तक राष्ट्र को समर्पित किये जा चुके है।

राजस्थान में प्लास्टिक बोतल फ्रलेकिंग मशीनें लगेंगी

- राजस्थान में 50 स्थानों पर प्लास्टिक बोतल फ्रलेकिंग मशीनें लगाई जाएगी।
- इसका उद्देश्य पर्यावरण को बेहतर बनाना, प्रदूषण और प्लास्टिक को खत्म करना है।
- इस हेतु राज्य में प्लास्टिक की बोतलें नष्ट करने के लिए पर्यटन स्थलों सहित सार्वजनिक जगहों पर फ्रलेकिंग मशीनें लगाई जाएगी।
- इसके तहत जब लोग मशीन में बोतलें डालेंगे तो निजी कंपनियों की ओर से प्वाइंटस दिए जाएंगे।
- इन प्वाइंट्स के आधार पर शॉपिंग मॉल से खरीदारी करने पर छूट दी जाएगी।
- राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से ये मशीनें लगेंगी।

जयपुर व अलवर में वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली स्थापित होगी

- राजस्थान सरकार द्वारा 5 जून 2024 को जयपुर के लिए वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली लॉन्च की गई।
- इसके माध्यम से मौसम की तर्ज पर वायु गुणवत्ता के बारे में भी पूर्व में ही चेतावनी जारी की जा सकेगी।
- जयपुर जिले की तर्ज पर अलवर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए अर्ली वार्निंग एंड डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट विकसित किया जाएगा।
- नोटः राजस्थान में सबसे ज्यादा अधिक वायु प्रदूषण का स्तर अलवर, भिवाड़ी सहित आस-पास की जगहों पर सबसे अधिक रहता है।

माया बिश्नोई ने कंपाउंड टीम स्पर्द्धा में एशिया कप में रजत पदक जीता

- दक्षिण कोरिया में आयोजित जूनियर एशिया कप में भारतीय तीरंदाजी महिला कंपाउंड टीम ने रजत पदक जीता है।
- भारतीय टीम में बीकानेर की माया बिश्नोई ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अपनी बड़ी भूमिका निभाई।

मंजू बाला ने हैमर थ्रो में स्वर्ण पदकजीता

- पंचकूला हरियाणा में आयोजित 63वीं राष्ट्रीय अंतर राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राजस्थान की एथलीट मंजू बाला ने हैमर थ्रो में 63-66 मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता।

संजय कुमार ने 20 किलोमीटर पैदल चाल में स्वर्ण पदक जीता

- संजय कुमार ने 20 किलोमीटर पैदल चाल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 घंटा 26 मिनट 13 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

पवन कुमार

- राजस्थान के पवन कुमावत का भारतीय टीम में चयन वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग कजाकिस्तान के लिए 76 किलो भार वर्ग में भारतीय टीम में चयन किया गया।
- पवन का चयन में हाल ही में आयोजित हुई सीनियर स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग प्रतियोगिता उदयपुर ट्रायल के आधार पर किया गया है।

अनिल जोशी कोच श्याम सुंदर भारतीय टीम में चयनित

- यूरोप के चेक गणराज्य में होने वाली वर्ल्ड पैरा रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए भारतीय पैरा टीम की घोषणा कर दी गई है।
- राजस्थान के अनुभवी प्रशिक्षक अनिल जोशी को भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम का कोच नियुक्त किया गया है।
- बीकानेर के तीरंदाज श्याम सुंदर का चयन भारतीय टीम में किया गया है।

ब्रिक्स गेम्स 2024 में नीतिका बंसल ने रजत और जह्नावी मेहरा ने कांस्य पदक जीता

- कजान, रूस में आयोजित हुए ब्रिक्स गेम्स 2024 में वुशू खेल में राजस्थान की नीतिका बंसल ने रजत व जह्नावी मेहरा ने कांस्य पदक जीता।
- श्रीगंगानगर की नीतिका बंसल ने 65 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीता वहीं जयपुर की जह्नावी मेहरा ने 56 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीत।

19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप

- 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित की गई।
- इसमें बालिका वर्ग की 3000 मीटर रेसवॉक में राजस्थान की खुशबू यादव ने स्वर्ण पदक जीता वहीं मुस्कान ने 1000 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीता।

अनंतजीत सिंह नरुका और माहेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे

- जयपुर के अनंतजीत सिंह नरुका और माहेश्वरी चौहान की जोड़ी पेरिस ओलंपिक 2024 में निशानेबाजी में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- इनका स्कीट मिक्स्ड टीम इवेंट में चयन किया गया।
- इसके अलावा नरुका क्ले पिजन ट्रैप मैन इंडिविजुअल और माहेश्वरी चौहान द्वारा क्ले पिजन ट्रैप वीमेन इंडिविजुअल में भाग लेंगे।

मानिनी कौशिक ने शूटिंगमें स्वर्ण पदक जीता

- भोपाल में नेशनल राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 22वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में 8 जून को जयपुर की मानिनी कौशिक ने 50 मीटर राइफल प्रोन इवेंट में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीत प्रतियोगिता में अपना चौथा पदक हासिल किया।
- इससे पूर्व मानिनी ने 50 मीटर राइफल प्रॉन वीमेन टीम इवेंट में स्वीटी चौधरी और मोनिका जाखड़ के साथ सिल्वर पदक जीता था।
- मानिनी 50 मीटर राइफल 3च् इवेंट में एक व्यक्तिगत कांस्य व एक टीम सिल्वर पदक भी जीत चुकी हैं।
- इस चैंपियनशिप में 25 मीटर पिस्तौल महिला स्पर्द्धा में राजस्थान की अनुया प्रसाद ने रजत और वेदिका शर्मा ने कांस्य पदक जीता।

अश्विनी व कशिश ने अंडर 17-एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते

- अंडर-17 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन अम्मान जॉर्डन में किया गया।
- इसमें राजस्थान की कशिश गुर्जर ने 43 किलो भार वर्ग में व अश्विनी विश्नोई 65 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

2 राष्ट्रीय परिदृश्य

राजव्यवस्था एवं शासन

भारतीय आम चुनाव 2024: भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने पूर्ण बहुमत प्राप्त किया

18वीं लोकसभा के लिए हाल ही में हुए मतदान के मतों की गिनती 4 जून को हुई थी। इस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 292 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत प्राप्त किया।

आम चुनाव 2024: मुख्य बिन्दु

- यह आम चुनाव, 18वीं लोकसभा के लिए था। मौजूदा 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है।
- इस चुनाव में देशभर की 543 लोकसभा सीटों पर सात चरणों में वोट डाले गए थे। चुनाव की प्रक्रिया 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक चली थी। मतगणना 4 जून को हुई।
- इस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 292 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत प्राप्त किया। भाजपा ने सर्वाधिक 240 सीटें जीती। तेलुगु देशम को 16 और जनता दल यूनाईटेड को 12 सीटें मिली हैं।
- आई.एन डी.आई.ए गठबंधन को 233 सीटें मिली हैं। अन्य के खाते में 18 सीटें गयी हैं। कांग्रेस को 99 सीटें हासिल की जबकि समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिलीं और तृणमूल कांग्रेस को 29 डीएमके 22 सीटें जीतने में कामयाब रही।
- निर्वाचन आयोग के अनुसार, लोकसभा चुनाव 2024 में रजिस्टर्ड मतदाता की संख्या 96.86 करोड़ थी। इनमें पुरुष मतदाता की संख्या 49.72 करोड़ है और महिला मतदाता 47.15 करोड़ थे। थर्ड जेंडर के कुल 48,044 मतदाता हैं।
- 1.82 करोड़ वोटर्स ने पहली बार वोट किए। 100 साल से ज्यादा उम्र वाले वोटर्स की संख्या भी 2 लाख से ज्यादा थी। देशभर में 10.5 लाख से ज्यादा पोलिंग बूथ, इनपर 55 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों EVMs) की मदद से चुनाव कराए गए थे।

18वीं लोकसभा में 74 महिला सांसद

- भारत ने इस वर्ष लोकसभा 18th) के लिए 74 महिला सांसदों को चुना है, जो 2019 की तुलना में चार कम और 1952 में भारत के पहले चुनावों की तुलना में 52 अधिक हैं।
- ये 74 महिलाएं निचले सदन के निर्वाचित सदस्यों का सिर्फ़ 13.63% हैं, जो अगले परिसीमन आयोग के बाद महिलाओं के लिए आरक्षित 33% से बहुत कम है।
- भाजपा 31 महिला सांसदों के साथ इस सूची में सबसे आगे है, उसके बाद कांग्रेस 13, टीएमसी 11, सपा 5, डीएमके 3 और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली LGP और JDU दोनों पार्टियों से दो-दो महिला सांसद हैं।
- 17वीं लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या सबसे अधिक 78 थी। पहली और दूसरी लोकसभा में 24-24 महिला सांसद थीं।

नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली

- नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद और गोपनीयता की 9 जून को शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री मोदी और नई मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में 30 कैबिनेट मंत्री, 5 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार भारत के प्रधान मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। इन्दिरा गांधी के नाम सर्वाधिक चार बार भारत के प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड है।

मुख्य बिन्दु

- शपथ ग्रहण समारोह में मॉलदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने भाग लिया।
- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी समारोह में शामिल हुए।
- प्रधानमंत्री ने 'पड़ोसी प्रथम' नीति और 'सागर दृष्टिकोण' के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद करना जारी रखेगा।

प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल के लिए मंत्रालयों का बंटवारा किया,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के लिए मंत्रालयों का बंटवारा 10 जून को कर दिया। वरिष्ठ मंत्रियों को पिछली बार की तरह ही जगह दी गई है।

मंत्री और उनके मंत्रालय (10 जून 2024)

कैबिनेट मंत्री	मंत्रालय
राजनाथ सिंह	रक्षा मंत्रालय
अमित शाह	गृह मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय
नितिन गडकरी	सड़क परिवहन मंत्रालय
जेपी नड्डा	स्वास्थ्य मंत्रालय, केमिकल एवं फर्टिलाइजर मंत्रालय
शिवराज सिंह चौहान	कृषि मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास
निर्मला सीतारमण	वित्त एवं कॉरपोरेट मंत्रालय
एस जयशंकर	विदेश मंत्रालय
मनोहर लाल खट्टर	ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्रालय

एचडी कुमारस्वामी	भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्रालय
पीयूष गोयल	वाणिज्य मंत्रालय
धर्मेंद्र प्रधान	शिक्षा मंत्रालय
जीतन राम मांझी	लघु उद्योग मंत्रालय
राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह	पंचायती राज मंत्रालय, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग
सर्बानंद सोनोवाल	जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय
के. राममोहन नायडू	नागरिक उड्डयन मंत्रालय
डॉ. वीरेंद्र कुमार	सामाजिक कल्याण एवं अधिकारिता मंत्रालय
जुएनल ओरांव	जनजातीय कार्य मंत्रालय
प्रल्हाद जोशी	उपभोक्ता मंत्रालय एवं अक्षय ऊर्जा मंत्रालय
अश्विनी वैष्णव	रेल मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, आईटी मंत्रालय
गिरिराज सिंह	कपड़ा मंत्रालय
ज्योतिरादित्य सिंधिया	दूरसंचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय
भूपेंद्र यादव	पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
गजेंद्र सिंह शेखावत	पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय
अन्नपूर्णा देवी	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
किरेन रिजिजू	संसदीय कार्य मंत्रालय एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
मनसुख मांडविया	श्रम मंत्रालय, युवा एवं खेल मंत्रालय
हरदीप सिंह पुरी	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस
जी. किशन रेड्डी	कोयला एवं खनन मंत्रालय
चिराग पासवान	खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय
सीआर पाटिल	जलशक्ति मंत्रालय
राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार	मंत्रालय
राव इंद्रजीत सिंह	सांख्यिकी एवं योजना क्रियान्वयन, संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री
जितेंद्र सिंह	विज्ञान एवं तकनीक और भूविज्ञान मंत्रालय
अर्जुन राम मेघवाल	कानून एवं न्याय मंत्री एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री
प्रतापराव जाधव	आयुष मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
जयंत चौधरी	स्किल डिवेलपमेंट मंत्रालय, शिक्षा राज्य मंत्री
राज्य मंत्री	मंत्रालय
जितिन प्रसाद	इस्पात एवं वाणिज्य राज्य मंत्री, आईटी राज्य मंत्री
श्रीपद नाइक	ऊर्जा राज्य मंत्री एवं अक्षय ऊर्जा राज्य मंत्री
पंकज चौधरी	वित्त राज्य मंत्री
कृष्णपाल गुर्जर	सहकारिता राज्य मंत्री
रामदास आठवले	सामाजिक एवं अधिकारिता राज्य मंत्री
रामनाथ ठाकुर	कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
नित्यानंद राय	गृह राज्य मंत्री
अनुप्रिया पटेल	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, केमिकल एवं उर्वरक मंत्रालय
वी. सोमन्ना	जलशक्ति एवं रेल राज्य मंत्री
चंद्रशेखर पेम्मासानी	ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, संचार राज्य मंत्री
एसपी सिंह बघेल	पंचायती राज एवं मत्स्य एवं पशुपालन राज्य मंत्री
शोभा करंदलाजे	लघु उद्योग एवं श्रम राज्य मंत्री
कीर्तिवर्धन सिंह	विदेश राज्य मंत्री, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री
बीएल वर्मा	उपभोक्ता राज्य मंत्री
शांतनु ठाकुर	जहाजरानी एवं जलमार्ग राज मंत्री
कमलेश पासवान	ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
बंडी संजय कुमार	गृह राज्य मंत्री
अजय टम्टा	सड़क परिवहन राज्य मंत्री
डॉ. एल मुरुगन	सूचना प्रसारण राज्य मंत्री एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री
सुरेश गोपी	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री
रवनीत सिंह बिट्टू	खाद्य प्रसंस्करण एवं रेल राज्य मंत्री
संजय सेठ	रक्षा राज्य मंत्री
रक्षा खडसे	युवा एवं खेल राज्य मंत्री
भगीरथ चौधरी	कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
सतीश चंद्र दुबे	कोयला और खनन राज्य मंत्री
दुर्गादास उइके	जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
सुकांत मजूमदार	शिक्षा एवं पूर्वोत्तर विकास राज्य मंत्री
सावित्री ठाकुर	महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
तोखन साहू	शहरी विकास राज्य मंत्री
राजभूषण चौधरी	जलशक्ति राज्य मंत्री
भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा	भारी उद्योग एवं इस्पात राज्य मंत्री
हर्ष मल्होत्रा	सड़क परिवहन राज्य मंत्री
निमूबेन बम्भानियाम	उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री
मुरलीधर मोहोल	सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री
जॉर्ज कुरियन	अल्पसंख्यक कल्याण एवं पशुपालन राज्य मंत्री
पबित्र मार्गेरिटा	विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा

- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण या उनके पदों की पुष्टि के लिए 24 जून से 7 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा।
- 27 जून को राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू होगा और 3 जुलाई को समाप्त होगा।
- पहले सत्र के पहले तीन दिनों में नवनिर्वाचित नेता शपथ लेंगे या लोकसभा में अपनी सदस्यता की पुष्टि करेंगे और सदन के स्पीकर का चुनाव करेंगे।

- 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्षों के लिए नई सरकार के रोडमैप की रूपरेखा तैयार करेंगी।
- भारतीय संविधान, विशेष रूप से अनुच्छेद 87, राष्ट्रपति को प्रत्येक आम चुनाव के बाद प्रथम सत्र के आरंभ में तथा वर्ष के प्रथम सत्र के आरंभ में राज्य सभा और लोक सभा को संबोधित करने की शक्ति प्रदान करता है।

सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाजपा के सांसद भर्तृहरि महताब को 18वीं लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है।
- राष्ट्रपति मुर्मू ने श्री महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है, ताकि वे अध्यक्ष के चुनाव तक लोकसभा के पीठासीन अधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।
- लोकसभा के पीठासीन अधिकारी होने के नाते, अध्यक्ष को इसकी दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही से संबंधित कुछ प्रमुख कर्तव्यों का निर्वहन करना होता है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 94 में कहा गया है: जब भी लोक सभा भंग होती है, तो इसका अध्यक्ष लोक सभा के विघटन के बाद लोक सभा की पहली बैठक से ठीक पहले तक अपना पद खाली नहीं करेगा।
- प्रोटेम का मतलब 'अस्थायी रूप से' होता है। संविधान में प्रोटेम स्पीकर पद का उल्लेख नहीं है। हालांकि, संसदीय कार्य मंत्रालय के कामकाज पर ऑफिशियल हैंडबुक में 'प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति और शपथ ग्रहण' के बारे में बताया गया है।
- लोकसभा के सबसे वरिष्ठ सदस्यों को कितने वर्ष संसद (सदस्यता रहें) आमतौर पर प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए चुना जाता है।
- नए सांसदों को शपथ दिलाना प्रोटेम स्पीकर का प्राथमिक कर्तव्य है।

ओम बिरला 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए

- श्री ओम बिरला 26 जून 2024 को 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। वे एनडीए के उम्मीदवार थे। वे कोटा से सांसद हैं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा समर्थित प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया।
- विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक, जिसने के. सुरेश को लोक सभा अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया था, ने मत विभाजन के लिए दबाव नहीं डाला।
- श्री ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने वाले 17वें व्यक्ति हैं। ओम बिड़ला 17वीं लोकसभा में भी स्पीकर थे।
- तीन बार लोकसभा सदस्य रहे ओम बिड़ला 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में राजस्थान के कोटा निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए हैं।
- 1952, 1967 और 1976 में हुए मुकाबलों के बाद यह लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चौथा मुकाबला था। हालांकि, इस बार मत विभाजन नहीं हुआ।
- अध्यक्ष चुनने के लिए चुनाव 1952 में हुए थे, जब पहले लोकसभा अध्यक्ष जी.वी. मावलंकर और शंकर शांताराम मोरे के बीच मुकाबला हुआ था, जो उस समय भारतीय किसान और श्रमिक पार्टी के साथ थे; और फिर 1976 में आपातकाल के दौरान बालीराम भगत और जगन्नाथ राव के बीच मुकाबला हुआ था।
- बलराम जाखड़ 1980-89) के बाद बिड़ला दूसरे अध्यक्ष होंगे, जिन्हें दो पूर्ण कार्यकाल मिलने वाले हैं। लोकसभा के दूसरे अध्यक्ष एमए अयंगर और गुरुदयाल सिंह ढिल्लों को दो बार यह पद मिला था, लेकिन दोनों नेताओं का दूसरा कार्यकाल डेढ़ साल से अधिक नहीं चला।
- गणेश वासुदेव मावलंकर लोकसभा के पहले अध्यक्ष थे। पाँच व्यक्ति दो बार लोकसभा अध्यक्ष रहे हैं: डॉ. नीलम संजीव रेड्डी, गुरुदयाल सिंह ढिल्लों, बलराम जाखड़, जी.एम.सी बालयोगी और ओम बिड़ला।
- अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने वाले पहले व्यक्ति मदाभुषि अनंतशयनम अयंगर थे। पी.आर. संगमा लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले विपक्षी दल के उम्मीदवार थे।
- कांग्रेस की मीरा कुमार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला हैं। अध्यक्ष के रूप में सबसे लंबा कार्यकाल 9 वर्षों का बलराम जाखड़ का रहा है।

लोकसभा का अध्यक्ष: एक दृष्टि

- संविधान के अनुच्छेद 93 के अनुसार, लोकसभा के सदस्यों को सदन के सदस्यों में से एक को अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष का चुनाव करना होता है।
- अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव साधारण बहुमत से किया जाता है। साधारण बहुमत का अर्थ है मतदान के समय सदन में उपस्थित सदस्यों का बहुमत। अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के पद के लिए किसी शपथ का प्रावधान नहीं है।

लोकसभा अध्यक्ष की शक्तियाँ

- लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) भारत के संविधान के प्रावधानों, लोकसभा के प्रक्रिया और कामकाज के संचालन के नियमों और सदन के भीतर संसदीय मिसालों की व्याख्या करने वाला अंतिम अधिकारी होता है।
- लोकसभा अध्यक्ष संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठकों की अध्यक्षता करते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा किसी विशेष विधेयक पर लोकसभा और राज्यसभा के बीच गतिरोध को हल करने के लिए बुलाया जाता है।
- लोकसभा अध्यक्ष के पास सदन की कुल संख्या के दसवें हिस्से की अनुपस्थिति में सदन को स्थगित करने या बैठक को निलंबित करने की शक्ति होती है, जिसे कोरम के रूप में जाना जाता है।
- सदन में किसी प्रस्ताव पर मतदान के दौरान पक्ष और विपक्ष में बराबर वोट मिलने पर वह निर्णायक मत देता है।
- अध्यक्ष के पास यह तय करने का विशेष अधिकार होता है कि कोई विधेयक "धन विधेयक" है या नहीं, और यह निर्णय अंतिम होता है और इसे चुनौती नहीं दी जा सकती।
- लोकसभा अध्यक्ष भारतीय संसदीय समूह (आईपीजी) के पदेन अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है, जो भारत की संसद और दुनिया की विभिन्न संसदों के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे

- 2014 से 10 साल के अंतराल के बाद निचले सदन में फिर से एक आधिकारिक विपक्ष के नेता होगे।
- यह घोषणा कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने की। राहुल गांधी रायबरेली से सांसद हैं।
- चूंकि किसी भी विपक्षी दल के पास कुल लोकसभा सीटों का न्यूनतम 10% हिस्सा नहीं था, इसलिए पिछले दस वर्षों से एलओपी का पद खाली था।
- लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के दसवें भाग से अधिक सीटें रखने वाले सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को विपक्ष का नेता माना जाता है।
- वे विभिन्न समितियों जैसे लोक लेखा अध्यक्ष), सार्वजनिक उपक्रम, अनुमान और कई संयुक्त संसदीय समितियों में काम करेंगे।
- उन्हें कई चयन समितियों में काम करने का अधिकार है जो एनएचआरसी, लोकपाल, सीबीआई, केंद्रीय सतर्कता आयोग और केंद्रीय सूचना आयोग जैसे वैधानिक संगठनों के प्रमुखों का चयन करती हैं।
- संसद में विपक्ष के नेता के वेतन और भत्ते अधिनियम, 1977 ने प्रत्येक सदन में विपक्ष के नेता को वैधानिक दर्जा दिया।
- वे कैबिनेट मंत्री के वेतन, भत्ते और अन्य लाभों के लिए पात्र हैं।
- संविधान में विपक्ष के नेता के पद का कोई उल्लेख नहीं है।

केरल विधानसभा ने राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने का प्रस्ताव पारित किया।

- केरल विधानसभा ने सर्वसम्मति से 'केरल' का नाम आधिकारिक तौर पर बदलकर 'केरलम' करने का दूसरा प्रस्ताव पारित किया।
- केरल सरकार ने केंद्र सरकार से संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध सभी भाषाओं में राज्य का नाम बदलने का आग्रह किया।
- प्रस्ताव को मंजूरी के लिए संसद के पास भेजा जाएगा।
- राज्य को मलयालम में 'केरलम' कहा जाता था, और मलयालम भाषी समुदायों के लिए एक संयुक्त केरल बनाने की मांग राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के बाद से जोरदार ढंग से उठी थी।
- संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत, संसद को राज्यों के लिए नई सीमाएँ बनाने या मौजूदा राज्यों के नाम बदलने का अधिकार है।
- राजभाषा के नाम में बदलाव के लिए संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होती है।

आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में विधानसभा चुनाव

हाल ही में संपन्न 18वीं लोकसभा के चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में विधानसभा चुनाव भी कराए गए थे।

अरुणाचल प्रदेश

- अरुणाचल प्रदेश में 60 सदस्यीय विधान सभा है। हालाँकि, चुनाव 50 सीटों के लिए हुआ था, क्योंकि पेमा खांडू सहित 10 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे।
- जिन 50 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा ने 36 सीटें जीतीं, जिससे उसकी विधान सभा में सीटों की कुल संख्या 46 हो गई।
- पेमा खांडू पहले कांग्रेस पार्टी में थे और 2016 में वे अपने 43 विधायकों के साथ कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे, तब से भाजपा राज्य में सत्ता में है।

सिक्किम

- मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में सिक्किम कांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने 2024 सिक्किम विधान सभा चुनाव में भारी जीत हासिल की। एसकेएम ने 32 विधानसभा सीटों में से 31 सीटें जीतीं।
- सिक्किम के पांच बार के मुख्यमंत्री और आठ बार के विधायक सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के पवन कुमार चामलिंग, पोकलोक कामरंग और नामचेयबंग दोनों विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव हार गए।
- पवन चामलिंग 1994 से 2019 तक सिक्किम के मुख्यमंत्री थे। पवन चामलिंग भारत के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहें है। बीजू जनता दल के नवीन पटनायक और ओडिशा के निवर्तमान मुख्यमंत्री, भारत के दूसरे सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहें हैं।

ओडिशा

- ओडिशा में भाजपा को 78 विधानसभा सीटों पर जीत मिली। सत्तारुड़ बीजद को 51, कांग्रेस को 14 और अन्य को 4 सीटों पर जीत मिली। ओडिशा विधानसभा में कुल 147 सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 74 सीटों की जरूरत है।
- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक अपनी विधानसभा सीट से भी चुनाव हार गए। बीते 24 साल से ओडिशा की सत्ता में काबिज सीएम पटनायक अब तक एक भी बार चुनाव नहीं हारें थे।

आंध्र प्रदेश

- आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनी एनडीए 135 सीटें जीतीं। वहीं JnP को 21 और भाजपा को 8 सीटें मिली। सत्तारुड YSRCP को 11 सीटें मिलीं।
- आंध्र प्रदेश विधानसभा में कुल 175 सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 88 सीटों की जरूरत है।

आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में नए विधानसभा का गठन

भारत के चार राज्यों में हाल ही में नए विधानसभा का गठन हुआ है। ये राज्य हैं- आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम। हाल ही में संपन्न 18वीं लोकसभा के चुनाव के साथ इन राज्यों में विधानसभा चुनाव भी कराए गए थे। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में मतगणना 2 जून को जबकि आंध्र प्रदेश में ओडिशा 4 जून को मतगणना हुई थी।

सिक्किम

- सिक्किम में 11वीं विधानसभा का गठन हुआ है। प्रेम सिंह तमांग ने 10 जून 2024 को लगातार दूसरी बार सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

अरुणाचल प्रदेश

- अरुणाचल प्रदेश में 11वीं विधान सभा का गठन हुआ है। पेमा खांडू ने 13 जून 2024 को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त) के टी परनायक ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

आंध्र प्रदेश

- आंध्र प्रदेश में 17वीं विधान सभा का गठन हुआ है। यहाँ 12 जून 2024 को नारा चंद्रबाबू नायडू ने चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। विजयवाड़ा में आयोजित शपथ ग्रहण समरोह में राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वे आंध्र प्रदेश के 18वें मुख्यमंत्री हैं।
- आंध्र प्रदेश में 17वीं विधान सभा का गठन हुआ है। यहाँ 12 जून 2024 को नारा चंद्रबाबू नायडू ने चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। विजयवाड़ा में आयोजित शपथ ग्रहण समरोह में राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वे आंध्र प्रदेश के 18वें मुख्यमंत्री हैं।

ओडिशा

- ओडिशा में 17वीं विधानसभा का गठन हुआ है। यहाँ मोहन चरण माझी ने 12 जून 2024 को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

'हैदराबाद' तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की संयुक्त राजधानी नहीं रहा

- हैदराबाद, 2 जून 2024 से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की संयुक्त राजधानी नहीं रह गया है। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार, 2 जून 2024 से हैदराबाद केवल तेलंगाना की राजधानी होगा।

मुख्य बिन्दु

- वर्ष 2014 में आंध्र प्रदेश के विभाजन के समय हैदराबाद को 10 वर्षों के लिए दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बनाया गया था। तेलंगाना 2 जून, 2014 को अस्तित्व में आया था।
- फरवरी 2014 में संसद में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक पारित होने के बाद 2 जून 2014 को तेलंगाना राज्य का गठन हुआ था। तेलंगाना राज्य के गठन की मांग दशकों से की जा रही थी।
- अब तक आंध्र प्रदेश की अपनी कोई राजधानी नहीं बन पाई है। आंध्र प्रदेश में अमरावती और विशाखापत्तनम के बीच लड़ाई है। दोनों शहरों में राजधानी वहां बनाए जाने को लेकर आंदोलन चल रहे हैं।

पटना उच्च न्यायालय ने बिहार सरकार के नौकरियों और शिक्षा में 65% आरक्षण को रद्द कर दिया।

- पटना उच्च न्यायालय ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों और अत्यंत पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण को 50% से बढ़ाकर 65% करने के बिहार सरकार के कानूनों को रद्द कर दिया।
- 9 नवंबर को, बिहार विधानसभा ने बिहार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में आरक्षण संशोधन अधिनियम, 2023 और बिहार पदों और सेवाओं में रिक्तियों का आरक्षण संशोधन अधिनियम, 2023 को मंजूरी दी थी।
- इन कानूनों के साथ, बिहार ने तमिलनाडु के बाद पिछड़े वर्गों को आरक्षण का दूसरा सबसे बड़ा प्रतिशत प्रदान किया।
- हाईकोर्ट ने कहा कि ये कानून अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत समानता खंड का उल्लंघन हैं।
- मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार ने यह फैसला सुनाया।
- जनहित याचिका के अनुसार, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से वंचित समूहों को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए संविधान में आरक्षण दिया गया था।
- हालांकि, जनसंख्या के आकार के आधार पर आरक्षण प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं था।

डाकघर अधिनियम, 2023 लागू हुआ

- डाकघर अधिनियम, 2023 Post Office Act, 2023) 18 जून 2023 को लागू हो गया। इसने भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 को निरस्त कर दिया है।
- "डाकघर विधेयक, 2023" 10.08.2023 को राज्यसभा में पेश किया गया और 04.12.2023 को राज्यसभा में पारित किया गया। इसके बाद विधेयक पर 13.12.2023 और 18.12.2023 को लोकसभा में विचार किया गया और पारित किया गया।
- अधिनियम का उद्देश्य देश के अंतिम छोर तक नागरिक केंद्रित सेवाओं, बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए एक सरल विधायी फ्रेमवर्क तैयार करना है।
- यह अधिनियम व्यवसाय करने में आसानी और सहज जीवन के लिए पत्रों को एकत्र करने, प्रोसेसिंग करने और वितरित करने के विशेष विशेषाधिकार जैसे प्रावधानों को समाप्त करता है।
- इस अधिनियम में सेवा में किसी प्रकार की चूक के मामले में दंड के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है।
- इस अधिनियम के प्रावधान सरकार को पब्लिक आर्डर व्यवस्था और देश की सुरक्षा सहित कई कारणों से इंडिया पोस्ट के माध्यम से भेजी जा रही वस्तुओं को रोकने का अधिकार देते हैं।
- सार्वजनिक आपातकाल की स्थिति में या शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए, डाक के माध्यम से भेजी जा रही सामग्री को रोका जा सकता है।
- डाकघर द्वारा प्रदान की गई सेवा के संबंध में कुछ निर्धारित जवाबदेही को छोड़कर डाकघर पर कोई दायित्व नहीं होगा। डाकघर का कोई भी अधिकारी डाकघर द्वारा प्रदान की गई सेवा के संबंध में किसी प्रकार की जवाबदेही नहीं लेगा।

सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लागू हुआ

- सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम,

2024 Public Examinations Prevention of Unfair Means) Act, 2024), जिसका उद्देश्य देश भर में आयोजित सरकारी परीक्षाओं और कॉमन एंट्रेंस टेस्ट में अनुचित साधनों के उपयोग को रोकना है, 21 जून 2024 को लागू हुआ।

- 13 फरवरी को, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम विधेयक, 2024 को अपनी सहमति दी।
- यह कानून सरकारी एजेंसियों द्वारा आयोजित परीक्षाओं में "अनुचित साधनों" के उपयोग को रोकने और "अधिक पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता" लाने का प्रयास करता है। अधिनियम में उल्लेख की गई परीक्षाओं में केंद्र सरकार के संगठनों द्वारा आयोजित परीक्षाएं शामिल हैं।
- इस एक्ट में अनुचित आचरण के 15 कृत्यों की पहचान की गई है, जिसमें पेपर लीक, फर्जी वेबसाइट बनाना और मौद्रिक लाभ के लिए फर्जी परीक्षाएं आयोजित करना शामिल हैं।
- महत्वपूर्ण बात यह है कि कानून छात्रों/उम्मीदवारों को अधिनियम के दायरे से बाहर रखता है। उम्मीदवारों पर प्रशासनिक नियंत्रण जारी रहेगा।
- अधिनियम में परीक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी को समय से पहले प्रकट करने और अनाधिकृत लोगों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश कर व्यवधान पैदा करने पर भी रोक लगाई गई है।
- इस अपराध के लिए तीन से पांच साल की कैद और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है।
- कानून के तहत सभी अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-शमनीय cognizable, non-bailable, and non-compoundable) होंगे।
- अधिनियम के अनुसार, परीक्षा आयोजित करने के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन अथॉरिटी द्वारा नियुक्त किसी सर्विस प्रोवाइडर पर भी 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है और उससे "परीक्षा का आनुपातिक खर्च भी वसूला जाएगा"।

प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए कानून लागू हो गया है।

- कानून में अधिकतम 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान है।
- इसमें अपराधियों पर 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का भी प्रावधान है।
- लोकसभा और राज्यसभा ने क्रमशः 6 और 9 फरवरी को सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 पारित किया।
- इस विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को मंजूरी दी और यह कानून बन गया।
- इस अधिनियम का उद्देश्य यूपीएससी, एसएससी, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए), रेलवे भर्ती बोर्ड और बैंकिंग भर्ती परीक्षा निकायों द्वारा आयोजित सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकना है।
- इस अधिनियम में धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए न्यूनतम तीन से पांच साल की कैद का प्रावधान है।
- धोखाधड़ी के संगठित अपराधों के मामले में, अधिनियम में पांच से 10 साल की कैद और न्यूनतम 1 करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है।
- कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग डीओपीटी) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह अधिनियम 21 जून 2024 से प्रभावी हो गया है।
- अधिनियम में सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण द्वारा परीक्षाओं के संचालन के लिए नियुक्त सेवा प्रदाताओं को दंडित करने का भी प्रावधान है।
- उन्हें 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। परीक्षा की आनुपातिक लागत भी सेवा प्रदाताओं से वसूल की जाएगी।
- उन्हें चार साल तक किसी भी सार्वजनिक परीक्षा के संचालन से भी रोक दिया जाएगा।

सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत दंडनीय अपराध

- प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का लीक होना
- सार्वजनिक परीक्षा में किसी भी तरह से अनाधिकृत रूप से उम्मीदवार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करना
- कंप्यूटर नेटवर्क या कंप्यूटर संसाधन या कंप्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ करना
- धोखाधड़ी करने या आर्थिक लाभ के लिए फर्जी वेबसाइट बनाना
- नकली परीक्षा आयोजित करना, धोखाधड़ी करने या आर्थिक लाभ के लिए फर्जी एडमिट कार्ड या ऑफर लेटर जारी करना
- परीक्षा में अनुचित तरीके अपनाने की सुविधा के लिए उम्मीदवारों के बैठने की व्यवस्था, तिथियों और शिफ्टों के आवंटन में हेराफेरी करना

अधिसूचित आपदाएं

- देश के कई हिस्सों में चल रही भीषण गर्मी ने एक बार फिर हीटवेव को आपदा प्रबंधन DM) अधिनियम, 2005 के तहत अधिसूचित आपदाओं notified disasters) में शामिल करने पर चर्चा आरम्भ कर दिया है।
- यदि हीट वेव को अधिसूचित आपदा में शामिल किया जाता है, तो राज्यों को मुआवजा और राहत प्रदान करने के लिए अपने आपदा मोचन कोष का उपयोग करने की अनुमति होगी।
- वर्तमान में, राज्यों को इन गतिविधियों के लिए अपने स्वयं के फण्ड का उपयोग करना होता है।
- वर्तमान में, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत आपदाओं की 12 श्रेणियां हैं जिन्हें अधिसूचित किया गया है। ये चक्रवात, सूखा, भूकंप, आग, बाढ़, सुनामी, ओलावृष्टि, भूस्खलन, हिमस्खलन, बादल फटना, कीट हमला, तथा पाला और शीत लहरें हैं।
- आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधान राज्यों को इस कानून के तहत स्थापित दो निधियों से धन निकालने की अनुमति देते हैं – राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष NDRF) और राज्य स्तर पर राज्य आपदा मोचन कोष SDRF)।
- राज्य पहले SDRF में उपलब्ध धन का उपयोग करते हैं, और केवल तभी जब आपदा की भयावहता से निपटने में SDRF का धन अपर्याप्त सिद्ध होता है तब राज्य NDRF से धन की मांग करते हैं।
- NDRF का पूरा पैसा केंद्र सरकार से आता है, वहीं राज्य SDRF में 25% धन का योगदान करते हैं विशेष श्रेणी के राज्यों के मामले में 10%), बाकी केंद्र से आता है।

- इन निधियों में धन का उपयोग अधिसूचित आपदाओं से निपटने और प्रबंधन के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता है।

जोशीमठ तहसील का नाम बदलकर ज्योतिर्मठ करने को मंजूरी

- भारत सरकार ने उत्तराखंड सरकार के चमोली जिले के जोशीमठ तहसील का नाम बदलकर ज्योतिर्मठ और नैनीताल जिले के कोसियाकुटोली तहसील का नाम बदलकर बाबा नीम करोली महाराज के आश्रम के नाम पर परगना श्री कैंची धाम तहसील करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।
- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भी अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। यह आवश्यक है क्योंकि भारत में मानचित्र तैयार करने के लिए जिम्मेदार संस्था सर्वे ऑफ इंडिया केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन आता है।
- ज्योतिर्मठ जिसे ज्योतिर पीठ के नाम से भी जाना जाता है) चार प्रमुख मठों मठों) में से एक है, जिसके बारे में माना जाता है कि 8वीं शताब्दी के दार्शनिक आदि शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत दर्शन के प्रसार के लिए पूरे भारत में इसकी स्थापना की थी।
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले साल नाम बदलने की घोषणा की थी। यह स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिन्होंने जोशीमठ के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व का हवाला देते हुए सीएम के समक्ष यह मुद्दा उठाया था।
- ऐसा माना जाता है कि जोशीमठ क्षेत्र को मूल रूप से ज्योतिर्मठ कहा जाता था, क्योंकि 8वीं शताब्दी में आदि गुरु शंकराचार्य अमर कल्प वृक्ष के नीचे तपस्या करने के लिए यहां आए थे और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। हालांकि, समय के साथ, यह जोशीमठ के रूप में लोकप्रिय हो गया।

3 आर्थिक परिदृश्य

डिजिटल स्वास्थ्य प्रोत्साहन योजना (DHIS)

- भारत सरकार ने मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने और उन्हें आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य खाते ABHA ID) से जोड़ने के लिए डिजिटल स्वास्थ्य प्रोत्साहन योजना Digital Health Incentive Scheme: DHIS) को एक साल का विस्तार दिया है।
- यह योजना अब 30 जून, 2025 तक प्रभावी रहेगी। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से योजना के माध्यम से प्राप्त धन के उपयोग पर विवरण भी मांगा है।
- इस योजना के तहत, सरकारी और निजी अस्पताल, क्लीनिक, नर्सिंग होम, डायग्नोस्टिक लैब और फार्मेसियों को उनके द्वारा प्रति माह 100 लेनदेन की सीमा से अधिक डिजिटाइज़ किए गए प्रत्येक अतिरिक्त रिकॉर्ड के लिए 20 रुपये का भुगतान किया जाता है।
- यह योजना सार्वजनिक और निजी दोनों प्रकार के अस्पतालों और डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाने वाली डिजिटल समाधान कंपनियों डीएससी) पर लागू है। इसके तहत, प्रत्येक सुविधा या डिजिटल समाधान कंपनी 4 करोड़ रुपये तक का प्रोत्साहन कमा सकती है।

राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना NFIES)

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19 जून को गृह मंत्रालय के केंद्रीय क्षेत्रक योजना "राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना National Forensic Infrastructure Enhancement Scheme : (NFIES)" के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसका कुल वित्तीय परिव्यय 2024-25 से 2028-29 की अवधि के लिए 2254.43 करोड़ रुपये है।
- केंद्रीय क्षेत्र योजना central sector scheme) के वित्तीय परिव्यय का प्रावधान गृह मंत्रालय अपने बजट से करेगा।
- इस मंजूरी में देश में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय NFSU) के परिसरों की स्थापना शामिल है।
- नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से, जो 7 साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक जांच को अनिवार्य करता है, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के कार्यभार में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।
- इस बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए, राष्ट्रीय फोरेंसिक बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश और वृद्धि जरूरी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र में वधावन ग्रीनफ़ील्ड पोर्ट स्थापित करने को मंजूरी दी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19 जून को महाराष्ट्र के दहानू के पास वधावन Vadhavan) में एक मेजर पोर्ट स्थापित करने को मंजूरी दी।
- इस परियोजना का निर्माण वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड VPPL) द्वारा किया जाएगा, जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (JNPA) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (MMB) द्वारा गठित एक स्पेशल पर्पज व्हीकल है।
- वधावन पोर्ट को महाराष्ट्र के पालघर जिले के वधावन में हर मौसम में काम करने वाले ग्रीनफील्ड डीप ड्राफ्ट मेजर पोर्ट यानी बड़े बंदरगाह के रूप में विकसित किया जाएगा।
- इस बंदरगाह में नौ कंटेनर टर्मिनल शामिल होंगे।
- यह परियोजना पीएम गति शक्ति कार्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप है।
- बंदरगाह पर बनाई गई क्षमताएं IMEEC भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा) और INSTC अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा) के माध्यम से EXIM व्यापार प्रवाह में सहायता करेंगी।

"पीएम श्री स्कूलों" के शिक्षकों के लिए वर्चुअल ओरिएंटेशन कार्यक्रम

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय मेंटरिंग मिशन NMM) और शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (NPST) पर पांच दिवसीय वर्चुअल ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया।

पीएम श्री स्कूल: प्रमुख विशेषताएं

- पीएम श्री स्कूल/PM SHRI Schools पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) भारत सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित योजना centrally sponsored scheme) है।
- इस पहल का उद्देश्य केंद्र सरकार/राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार/केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय सहित स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित 14500 से अधिक पीएम श्री स्कूलों को विकसित करना है।
- पीएम श्री स्कूल अपने-अपने क्षेत्रों में अन्य स्कूलों को मेंटरशिप प्रदान करके नेतृत्व प्रदान करेंगे।
- पीएम श्री स्कूलों को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें सौर पैनल और एलईडी लाइट, प्राकृतिक खेती के साथ पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित परंपराओं/प्रथाओं का अध्ययन आदि पर्यावरण अनुकूल पहलुओं को शामिल किया जाएगा।
- यह छात्रों को इस तरह से पोषित करेगा कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा परिकल्पित एक समतापूर्ण, समावेशी और बहुलवादी समाज के निर्माण के लिए लगे हुए, उत्पादक और योगदान देने वाले नागरिक बनें।

प्रधानमंत्री ने 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को कृषि सखी प्रमाण पत्र प्रदान किए

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 18 जून 2024 को पीएम-किसान के तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त जारी की और वाराणसी में कृषि सखी के रूप में जाने जाने वाले 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

- 'लखपति दीदी' कार्यक्रम के तहत 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है, जिसका एक आयाम कृषि सखी है।

कृषि सखी Krishi Sakhi)

- कृषि सखी कन्वर्जेन्स प्रोग्राम Krishi Sakhi convergence program: (KSCP) का उद्देश्य कृषि सखी के रूप में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण भारत को बदलना है तथा कृषि सखियों को पैरा-एक्सटेंशन कार्यकर्ताओं के रूप में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करना है।
- यह प्रमाणन पाठ्यक्रम "लखपति दीदी" कार्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप है।
- कृषि सखियों को कृषि पैरा-एक्सटेंशन कार्यकर्ताओं के रूप में चुना जाता है क्योंकि वे विश्वसनीय सामुदायिक संसाधन व्यक्ति और स्वयं अनुभवी किसान हैं।
- कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम चरण-1 में 12 राज्यों में शुरू किया गया है।
- प्रशिक्षण के बाद, कृषि सखियाँ दक्षता परीक्षा देंगी। उत्तीर्ण होने वालों को पैरा-एक्सटेंशन कार्यकर्ता के रूप में प्रमाणित किया जाएगा, और वे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की योजनाओं की गतिविधियाँ करने में सक्षम हो सकेंगी। इसके बदले में उन्हें निर्धारित संसाधन शुल्क दिए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने विश्व एमएसएमई दिवस पर दो नई पहल की शुरुआत की।

- केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने ई-कॉमर्स का उपयोग करके सूक्ष्म और लघु व्यवसायों के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दो नई पहल की शुरुआत की।
- एमएसएमई ट्रेड इनेबलमेंट एंड मार्केटिंग टीम) पहल की शुरुआत ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स ओएनडीसी) प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ऑनलाइन व्यापार में भाग लेने के लिए छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए की गई है।
- इससे 5 लाख से अधिक सूक्ष्म और लघु व्यवसायों को मदद मिलेगी और इस पहल के आधे लाभार्थी महिला-नेतृत्व वाले व्यवसाय होंगे।
- 'यशस्विनी' पहल अनौपचारिक महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों को पूंजी और अधिक व्यापार अवसर प्रदान करके उनका समर्थन करने के लिए एक जन जागरूकता अभियान है।
- सरकार ऋण तक पहुँच, बाजारों और ई-कॉमर्स तक पहुँच बढ़ाने, डिजिटलीकरण को बढ़ाने और महिलाओं और कारीगरों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

नीदरलैंड 2023-24 में भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बनकर उभरा।

- 2023-24 के दौरान, नीदरलैंड अमेरिका और यूएई के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बनकर उभरा है।
- भारत ने नीदरलैंड को मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद $14.29 बिलियन), बिजली के सामान, रसायन और फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात किया।
- पिछले वित्तीय वर्ष में, नीदरलैंड के साथ भारत का व्यापार अधिशेष $13 बिलियन से बढ़कर $17.4 बिलियन हो गया।
- भारत के लिए नीदरलैंड ने ब्रिटेन, हांगकांग, बांग्लादेश और जर्मनी जैसे प्रमुख निर्यात स्थलों को पीछे छोड़ दिया है।
- 2023-24 में, नीदरलैंड को भारत का निर्यात 2022-23 में $21.61 बिलियन से लगभग 3.5 प्रतिशत बढ़कर $22.36 बिलियन हो गया।
- 2021-22 में, नीदरलैंड भारतीय निर्यात के लिए पाँचवाँ सबसे बड़ा गंतव्य था।
- भारत और नीदरलैंड ने 1947 में राजनयिक संबंध स्थापित किए।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत को 2023-24 में सिंगापुर से सबसे अधिक एफडीआई प्राप्त हुआ।

- 2018-19 से भारत के लिए एफडीआई निवेश का सबसे बड़ा स्रोत सिंगापुर रहा है।
- हालांकि, 2023-24 में सिंगापुर से एफडीआई 31.55% घटकर 11.77 बिलियन डॉलर रह गया है।
- वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण भारत में एफडीआई प्रवाह में लगभग 3.5% की गिरावट आई है।
- वित्त वर्ष 2024 में मॉरीशस, सिंगापुर, यू.एस., यू.के., यूएई, केमैन आइलैंड्स, जर्मनी और साइप्रस जैसे देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में गिरावट आई।
- नीदरलैंड और जापान से निवेश बढ़ा।
- 2017-18 में भारत को मॉरीशस से सबसे अधिक एफडीआई प्राप्त हुआ।
- भारत में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 2023-24 में 3.49% घटकर 44.42 बिलियन डॉलर रह गया।
- 2023-24 के दौरान कुल एफडीआई एक प्रतिशत घटकर 70.95 बिलियन डॉलर रह गया।
- कुल एफडीआई में इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल हैं। 2021-22 में भारत को अब तक का सबसे अधिक 84.83 बिलियन डॉलर का एफडीआई प्रवाह मिला।
- सेवाओं, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, ट्रेडिंग, दूरसंचार, ऑटोमोबाइल, फार्मा और रसायन जैसे क्षेत्रों में एफडीआई प्रवाह में गिरावट आई है।
- निर्माण बुनियादी ढांचा गतिविधियों, विकास और बिजली क्षेत्रों में प्रवाह में वृद्धि दर्ज की गई है।
- पिछले वित्त वर्ष में मॉरीशस से एफडीआई घटकर 7.97 बिलियन डॉलर रह गया।
- मॉरीशस दूसरा सबसे बड़ा निवेशक था। 2023-24 में अमेरिका भारत में तीसरा सबसे बड़ा निवेशक था। इसके बाद नीदरलैंड, जापान, यूएई, यूके, साइप्रस, जर्मनी और केमैन आइलैंड्स का स्थान था।
- अप्रैल 2000 से मार्च 2024 के दौरान भारत को मिले कुल एफडीआई में मॉरीशस की हिस्सेदारी 25% है। सिंगापुर की हिस्सेदारी 24% है, जबकि अमेरिका की हिस्सेदारी 10% है।

विपणन वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा

मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ की 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य MSP) में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 17 जून को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया था। नए MSP पर दो लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे।

- फसल वर्ष 2023-24 के लिए सामान्य श्रेणी के धान का MSP 117 रुपये बढ़ाकर 2300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।
- कपास का नया MSP 7121 और एक दूसरी किस्म के लिए 7521 रुपए पर मंजूरी दी है जो पिछली MSP से 501 रुपए ज्यादा है।
- 2024-25 खरीफ के लिए हाल ही में घोषित MSP में, किसानों को उत्पादन लागत पर सबसे अधिक मार्जिन बाजरा (77 प्रतिशत), इसके बाद तुअर (59 प्रतिशत), मक्का (54 प्रतिशत), और उड़द (52 प्रतिशत) पर है।

मुख्य खरीफ फसलें

- धान (चावल), मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंग, मूंगफली, गन्ना, सोयाबीन, उडद, तुअर, कुल्थी, जूट, सन, कपास आदि। खरीफ की फसलें जून जुलाई में बोई जाती हैं और सितंबर-अक्टूबर में काट लिया जाता है।

MSP (Minimum Support Price) क्या है?

- (MSP Minimum Support Price) यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य वह कीमत होती है, जिस पर सरकार किसानों से अनाज खरीदती है। इसे सरकारी भाव भी कहा जा सकता है।
- सरकार हर साल फसलों की MSP तय करती है ताकि किसानों की उपज का वाजिब भाव मिल सके। इसके तहत सरकार फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया, नैफेड जैसी सरकारी एजेसिंयों की मदद से किसानों की फसलों को खरीदती है।

RBI की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा: रेपो दर 6.5% पर अपरिवर्तित

- भारतीय रिजर्व बैंक RBI) की मौद्रिक नीति समिति MPC) की बैठक 5-7 जून को मुंबई में हुई थी। बैठक की अध्यक्षता बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने की थी। यह चालू वित्त वर्ष 2024-25) की दूसरी द्विमासिक जून-जुलाई) मौद्रिक नीति 2nd Bi-Monthly Monetary Policy) समीक्षा बैठक थी। मौद्रिक नीति समिति MPC) में RBI के तीन अधिकारी और तीन बाहरी सदस्य् हैं। MPC ने 4:5 बहुमत से नीतिगत दर पर फैसला लिया।

MPC की बैठक, जून 2024: मुख्य बिंदु

- इस बैठक में RBI ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। यह लगातार सातवीं बार है जिसमें RBI ने मुख्यम दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया है। रिवर्स रेपो रेट 3.35 फीसदी पर है और बैंक रेट 6.75 फीसदी पर स्थिर रखा गया है। MPC ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो रेट में बढ़ोतरी की थी और इसे 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था।
- 2024-25 के लिए जीडीपी सकल घरेलू उत्पाद) के अपेक्षित विकास दर को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई के अनुसार, 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी।
- RBI के गवर्नर ने कहा कि 29 मार्च 2024 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के सर्वोच्चक स्तकर 645.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

NSO अनंतिम अनुमान: पिछले वित्त वर्ष में GDP वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही

- राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (NSO) ने पिछले वित्त वर्ष (2023-24) के भारतीय सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर के अनंतिम अनुमान 31 मई को जारी किए थे। इसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में GDP में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे पिछले वित्ति वर्ष 2022-23) में GDP की वृद्धि दर 7 प्रतिशत दर्ज की गई थी। पिछले वित्त वर्ष में स्थिर कीमतों पर आधारित GDP 173 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का भी अनुमान है।

मुख्य बिन्दु

- वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में GDP वृद्धि दर सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में GDP की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई।
- 1960-61 के बाद से यह नौवीं बार है जब भारतीय जीडीपी एक वित्तीय वर्ष में 8 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि दर रहा है।
- वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में GDP वृद्धि दर सालाना आधार पर 6.2 प्रतिशत थी। हालांकि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तुलना में मार्च तिमाही की वृद्धि रफ्तार में नरमी आई है। दिसंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 8.6 प्रतिशत की उच्च दर से बढ़ी थी।
- NSO ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए GDP वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। आर्थिक मोर्चे पर भारत के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 प्रतिशत रही है।
- सकल घरेलू उत्पाद GDP, किसी अर्थव्यवस्था के आर्थिक प्रदर्शन का एक बुनियादी माप है, यह एक वर्ष में एक राष्ट्र की सीमा के भीतर सभी अंतिम माल और सेवाओ का बाजार मूल्य है।

कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में फसल की हिस्सेदारी कम हुई जबकि फिशिंग की हिस्सेदारी बढ़ी

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय MoSPI) के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने प्रकाशन- 'कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से उत्पादन के मूल्य gross value of output: (GVO) पर सांख्यिकीय रिपोर्ट 2024' (Statistical Report on Value of Output from Agriculture and Allied Sectors 2024) जारी किया है।

रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष

- 2011-12 और 2022-23 के बीच कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के कुल उत्पादन मूल्य में फसल क्षेत्र क्रॉप की हिस्सेदारी 62.4 प्रतिशत से

घटकर 54.3 प्रतिशत हो गई है।

- पशुधन की हिस्सेदारी 25.6 प्रतिशत से बढ़कर 30.9 प्रतिशत हो गई है, जबकि फिशिंग और जलीय कृषि की हिस्सेदारी 4.2 प्रतिशत से बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो गई है।
- इस तरह कृषि और संबद्ध क्षेत्र के उत्पादन के मूल्य में फसल, पशुधन, वानिकी और फिशिंग उप-क्षेत्रों की हिस्सेदारी 2022-23 में क्रमशः 54.3%, 30.9%, 7.9% और 6.9% थी।
- पशुधन उप-क्षेत्र का उत्पादन 2011-12 में ₹487.8 हजार करोड़ से बढ़कर 2022-23 में ₹878.5 हजार करोड़ हो गया।
- राजस्थान 12.5%) और उत्तर प्रदेश 12.3%) ने मिलकर 2022-23 में स्थिर मूल्यों पर पशुधन उप-क्षेत्र के उत्पादन का लगभग एक चौथाई हिस्सा हासिल किया।
- फिशिंग और जलीय कृषि उप-क्षेत्र का उत्पादन 2011-12 में लगभग ₹80 हजार करोड़ से बढ़कर 2022-23 में लगभग ₹195 हजार करोड़ हो गया। कृषि और संबद्ध क्षेत्र के उत्पादन के मूल्य में मत्स्य पालन और जलीय कृषि की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2012 में 4.2 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो गई।
- आंध्र प्रदेश 2015-16 से 2022-23 की अवधि के दौरान फिशिंग और जलीय कृषि का सबसे बड़ा उत्पादक बना रहा।
- पश्चिम बंगाल अभी भी सबसे अधिक फल और सब्जी उत्पादन वाला राज्य बना हुआ है।

सार्वजनिक उद्यम विभाग ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स को "नवरत्न" का दर्जा दिया।

- मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स यह दर्जा पाने वाला देश का 18वां सार्वजनिक उपक्रम बन गया है।
- इसके साथ ही मझगांव डॉक इंजीनियर्स इंडिया कॉनकॉर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, आरसीएफ, नाल्को, एनएमडीसी, आरवीएनएल, इरकॉन और इरेडा जैसी कंपनियों में शामिल हो गई है।
- नवरत्न कंपनी होने के नाते, मझगांव डॉक को 1,000 करोड़ रुपये तक के निवेश के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी की आवश्यकता नहीं है।
- इन कंपनियों को एक साल के भीतर अपनी कुल संपत्ति का 30% तक निवेश करने की भी आजादी है, बशर्ते यह 1,000 करोड़ रुपये के भीतर रहे।
- नवरत्न कंपनियों को संयुक्त उद्यम, गठबंधन बनाने और विदेशों में सहायक कंपनियां स्थापित करने की भी अनुमति है।
- नवरत्न कंपनी बनने के लिए, पीएसयू को पहले एक मिनीरत्न कंपनी होना चाहिए।
- इसके अतिरिक्त, कंपनी को लगातार तीन वर्षों तक 5,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज करना होगा और तीन वर्षों तक 25,000 करोड़ रुपये से अधिक का औसत वार्षिक कारोबार बनाए रखना होगा।
- साथ ही, तीन वर्षों के लिए इसकी औसत वार्षिक निवल संपत्ति 15,000 करोड़ रुपये से अधिक होनी चाहिए।
- मझगांव डॉक ने वित्तीय वर्ष 2024 के लिए ₹9,466 करोड़ का वार्षिक कारोबार दर्ज किया।
- अप्रैल 2024 में, इरेडा को सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा नवरत्न का दर्जा दिया गया था।

सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड CEL को "मिनी रत्न" (श्रेणी-1) का दर्जा

- केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (CEL) को "मिनी रत्न" (श्रेणी-1) का दर्जा प्रदान करने की घोषणा की है।
- सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (DSIR) के अंतर्गत भारत सरकार का एक उद्यम है।
- यह सोलर फोटोवोल्टिक (एसपीवी) निर्माण में देश की अग्रणी कम्पनी है।
- CEL ने सामरिक उपयोग के लिए कई महत्वपूर्ण कंपोनेंट्स विकसित किए हैं और रक्षा बलों को इन वस्तुओं की आपूर्ति कर रही है।
- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) को 'मिनी रत्न' (श्रेणी-1) का दर्जा देने की घोषणा की।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह गाजियाबाद परिसर में सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड सीईएल) के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए।

- उन्होंने कहा कि सीईएल घाटे में चल रही पीएसयू से लाभांश देने वाली पीएसयू में तब्दील हो गई है। सीईएल ने लगातार तीसरे साल लाभांश का भुगतान किया है।
- सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) का शुद्ध लाभ करीब 58 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।
- सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने मिनी रत्न (श्रेणी-1) का दर्जा पाने के लिए सभी प्रदर्शन मापदंड हासिल कर लिए हैं।

सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड:

- यह वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के तहत एक उद्यम है।
- इसकी स्थापना 1974 में देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीकों का व्यावसायिक उपयोग करने के लिए की गई थी।
- यह सौर फोटोवोल्टिक (एसपीवी) के क्षेत्र में देश में अग्रणी है।
- सीईएल ने सामरिक अनुप्रयोगों के लिए कई महत्वपूर्ण घटकों का विकास किया है और इन वस्तुओं की आपूर्ति रक्षा क्षेत्र को कर रहा है।

भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना में बड़े बदलावों की सिफारिश की।

- भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना की समीक्षा की है और कई सिफारिशें की हैं।

- भारतीय सेना ने सेवा अवधि को 4 से बढ़ाकर 7-8 वर्ष करने का सुझाव दिया है।
- उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में अग्निवीरों के लिए प्रवेश आयु को बढ़ाकर 23 वर्ष करने की भी सिफारिश की है।
- यह भी सिफारिश की गई है कि प्रशिक्षण के दौरान विकलांगता के लिए अनुग्रह राशि प्रदान की जाए और निकास प्रबंधन को एक पेशेवर एजेंसी द्वारा संभाला जाना चाहिए।
- इसने सिफारिश की है कि यदि कोई अग्निवीर युद्ध में मर जाता है, तो उसके परिवार को निर्वाह भत्ता मिलना चाहिए।

अग्निपथ योजना:

- इसे सशस्त्र बलों में युवाओं की भर्ती को बढ़ावा देने और पेंशन बिल को कम करने के लिए शुरू किया गया था।
- इस योजना के तहत, पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवारों को देश की तीनों सेवाओं के 'अधिकारी रैंक से नीचे' कैडर में चार साल की अवधि के लिए अग्निवीर के रूप में भर्ती किया जाता है।
- सरकार ने 15 जून, 2022 को अग्निपथ योजना शुरू की।

बिहार के उपमुख्यमंत्री को GST रेट रेशनलाइज़ेशन पैनल का कन्वेनर नियुक्त किया गया

- बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को GST रेट रेशनलाइज़ेशन पर मंत्रिसमूह GoM) का कन्वेनर नियुक्त किया गया है। सम्राट चौधरी उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की जगह लेंगे।
- सात सदस्यीय GoM को आवश्यक रेट रेशनलाइज़ेशन और इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर में सुधार का सुझाव देने का काम सौंपा गया है, जिसका उद्देश्य GST रेट फ्रेमवर्क को सरल बनाना, GST छूट सूची की समीक्षा करना और वस्तु एवं सेवा कर (GST) रेट से राजस्व बढ़ाना है।
- यह दूसरी बार है जब GST रेट रेशनलाइज़ेशन पैनल का पुनर्गठन किया गया है। GoM की स्थापना मूल रूप से सितंबर 2021 में कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के अधीन की गई थी।
- वर्तमान में, GST व्यवस्था में शून्य, 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की पाँच व्यापक कर स्लैब हैं।
- लक्जरी और डीमेरिट गुड्स पर उच्चतम 28 प्रतिशत GST रेट के ऊपर उपकर सेस) लगाया जाता है।

डीमेरिट गुड्स

- बता दें कि डीमेरिट गुड्स को ऐसी वस्तु के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसका उपभोक्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है – लेकिन इन हानिकारक प्रभावों के बारे में उपभोक्ता या तो नहीं जानते हैं या अनदेखा कर सकते हैं।
- इनके उदाहरण हैं; तम्बाकू, मादक पेय, रेक्रीशनल ड्रग्स, गैंबलिंग, जंक फूड।

डिजिटल भुगतान धोखाधडी से बचने के लिए समिति का गठन

- भारतीय रिजर्व बैंक ने नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया एनपीसीआई) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.पी. होता की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है जो डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म के सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना के विभिन्न आयामों की जांच करेगा। वर्तमान में डिजिटल भुगतान के विभिन्न माध्यम, बैंक, एनपीसीआई, कार्ड नेटवर्क और भुगतान ऐप विभिन्न तरीकों की धोखाधडी से बचने के उपाय करती हैं।

एनएसई इंडेक्स लिमिटेड ने निफ्टी ईवी और न्यू एज ऑटोमोटिव इंडेक्स लॉन्च किया।

- यह इंडेक्स इलेक्ट्रिक वाहन ईवी) क्षेत्र के व्यवसायों के प्रदर्शन की निगरानी करेगा।
- यह इंडेक्स नए जमाने के ऑटोमोटिव वाहनों और संबंधित प्रौद्योगिकी के विकास में लगे व्यवसायों के प्रदर्शन की निगरानी के लिए भी बनाया गया है।
- यह एक नया विषयगत सूचकांक है। सूचकांक की आधार तिथि 2 अप्रैल, 2018 है। इसका आधार मूल्य 1000 है।
- इसे अर्ध-वार्षिक रूप से पुनर्गठित किया जाएगा। इसे तिमाही आधार पर पुनर्संतुलित किया जाएगा।
- यह देश का पहला इलेक्ट्रिक वाहन ईवी) सूचकांक होगा।
- नया सूचकांक परिसंपत्ति प्रबंधकों के लिए एक बेंचमार्क के रूप में कार्य करेगा।
- यह एक्सचेंज ट्रेडेड फंड ईटीएफ), इंडेक्स फंड और संरचित उत्पादों के रूप में निष्क्रिय फंडों पर आधारित एक संदर्भ सूचकांक होगा।
- अभी तक, एनएसई 17 विषयगत सूचकांकों की मेजबानी करता है। इनमें निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी इंडिया कंजम्पशन, निफ्टी सीपीएसई, निफ्टी एनर्जी और निफ्टी इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं।

RBI ने प्रवाह (PRAVAAH) पोर्टल, रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप और फिनटेक रिपॉजिटरी लॉन्च किया

- हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक RBI) ने विनियामक प्रक्रिया को बढ़ाने, रिटेल इंवेस्टमेंट को आसान बनाने और फिनटेक सेक्टर में बड़े स्तर पर डेटा देने के लिए तीन नई पहलों की शुरुआत की है। ये हैं; प्रवाह (PRAVAAH) पोर्टल, रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप और फिनटेक रिपॉजिटरी।
- PRAVAAH पोर्टल एक सेंट्रलाइज़्ड, सुरक्षित वेब-आधारित प्लेटफॉर्म है, जो व्यक्तियों या संस्थाओं को RBI से रेगुलेटरी मंजूरी, लाइसेंस और अथोरिटी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा देता है। इस पोर्टल पर RBI से जुड़ी अलग-अलग रेगुलेट री और सुपरविजरी डिपार्टमेंट के 60 एप्लिकेशन मिल सकते हैं।
- रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप एक रिटेल इंवेस्टमेंट ऐप है, जो निवेशकों को उनके स्मार्टफोन पर सरकारी प्रतिभूतियों यानी गवर्नमेंट सिक्योरिटी जी-सेक) की खरीद-बिक्री करने की सुविधा प्रदान करता है। कुछ समय पहले RBI ने रिटेल निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियां यान बॉण्ड में सीधे निवेश की अनुमति देने के लिए RBI के पास खाता खोलने के लिए रिटेल डायरेक्ट पोर्टल लॉन्च किया था। अब इसका ऐप लांच किया गया है।

- फिनटेक रिपॉजिटरी फिनटेक फर्मों, उनकी गतिविधियों और प्रौद्योगिकी उपयोगों पर व्यापक जानकारी प्रदान करेगी। यह रिपॉजिटरी फिनटेक पर अंतर्दृष्टि प्रदान करके नीति निर्माताओं और उद्योग प्रतिभागियों का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन की गई है।

राष्ट्रीय स्टॉप डायरिया अभियान 2024 लॉन्च किया गया

- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने 24 जून 2024 को राष्ट्रीय स्टॉप डायरिया अभियान 2024 (National STOP Diarrhoea Campaign) लॉन्च किया।
- राष्ट्रीय स्टॉप डायरिया अभियान 2024 का लक्ष्य बचपन में डायरिया के कारण होने वाली बाल मृत्यु को रोकना है।
- पहले की डायरिया रणनीति में 5 साल से कम उम्र के बच्चों को ORS का पॅकेज दिया जाता था और जानकारियां दी जाती थीं और यह 2 सप्ताह का अभियान था।
- नई रणनीति में 5 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए 2 ORS पैकेट के साथ जिंक की पैकिंग दी जाती है और यह 2 महीने का अभियान है।
- बचपन में डायरिया की लगातार समस्या से निपटने और इसकी वजह से होने वाली बाल मृत्यु दर को पूर्णतः रोकने के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय MoHFW) ने अपने लंबे समय से चल रहे इंटेंसिव डायरिया नियंत्रण पखवाड़े (IDCF) को स्टॉप डायरिया अभियान के रूप में पुनः ब्रांड किया है।
- 2014 में शुरू हुई यह पहल रोकथाम, सुरक्षा और उपचार PPT) रणनीति का प्रसार करने और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन ORS) और जिंक के उपयोग को बढ़ाने पर केंद्रित है। STOP Diarrhoea अभियान दो चरणों में लागू किया जाएगा।

एनसीएलटी ने एयर इंडिया और विस्तारा के विलय को मंजूरी दी।

- नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, चंडीगढ़ बेंच ने टाटा संस के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के विस्तारा के साथ विलय को मंजूरी दे दी है।
- दोनों एयरलाइंस अपने नेटवर्क, मानव संसाधन और बेड़े की तैनाती को एकीकृत करना शुरू कर सकती हैं।
- इस विलय के परिणामस्वरूप दुनिया के सबसे बड़े एयरलाइन समूहों में से एक का निर्माण हुआ है।
- इस सौदे के अनुसार, सिंगापुर एयरलाइंस के पास एयर इंडिया में 25.1% हिस्सेदारी होगी।
- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने सितंबर 2023 में ही विलय को मंजूरी दे दी थी।
- विस्तारा टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड और सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड SIA) का एक संयुक्त उद्यम है।

4 अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

द. कोरिया, भारत, USA, जापान और EU ने "बायोफार्मास्युटिकल एलायंस" लॉन्च किया

- दक्षिण कोरिया, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और यूरोपीय संघ ईयू) ने बायोफार्मास्युटिकल सेक्टर में एक रेजिलिएंस सप्लाई चेन बनाने के लिए संयुक्त प्रयास करने के लिए बायोफार्मास्युटिकल एलायंस Biopharmaceutical Alliance) लॉन्च किया है।
- बायो इंटरनेशनल कन्वेंशन 2024 के दौरान सैन डिएगो में बायोफार्मास्युटिकल एलायंस की पहली बैठक आयोजित की गई।
- कोविड-19 महामारी के दौरान दवा की आपूर्ति मे अनुभव की गयी बाधाओं से भविष्य में निपटने के लिए बायोफार्मास्युटिकल एलायंस लॉन्च किया किया गया है।
- इसकी प्रथम बैठक में सदस्यों ने स्वीकार किया कि आवश्यक कच्चे माल और सामग्री का उत्पादन कुछ ही देशों में केंद्रित है और एक दवा आपूर्ति श्रृंखला का विस्तार करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए।

अमेरिका में बायो अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 आयोजित किया गया

- भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया, जापान और यूरोपीय संघ ने एक बायोफार्मास्यूटिकल्स गठबंधन शुरू किया है। गठबंधन की पहली बैठक, बायो अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के सैन डिएगो में आयोजित की गई। बायोफार्मास्यूटिकल्स एक प्रकार की चिकित्सा दवा है जो किसी जीवित प्राणी के अंगों और ऊतकों, सूक्ष्मजीवों, जानवरों के तरल पदार्थ, या आनुवंशिक रूप से संशोधित कोशिकाओं और जीवों का उपयोग करके बनाई जाती है।

50वां G-7 शिखर सम्मेनलन इटली आयोजित किया गया, IMEC परियोजना के लिए सहमति

- 50वां G-7 शिखर सम्मेनलन 50th G7 summit) 13 से 15 जून 2024 तक इटली के अपूलिया में आयोजित किया गया था। बैठक में जी 7 के सदस्य देशों संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो, यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, और मेजबान इटली के प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने भाग लिया।

मुख्य बिन्दु

- जी 7 शिखर बैठक में सदस्य देशों ने रूसी आक्रमण के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का समर्थन किया। शिखर सम्मेलन के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ एक 10-वर्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- समझौते के तहत संयुक्त राज्य अमेरिका यूक्रेन को आधुनिक हथियार और गोला-बारूद प्रदान करेगा, लेकिन वह यूक्रेन में अमेरिकी सेना भेजकर रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन की मदद नहीं करेगा।
- G7 देश रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद जब्त की गई रूसी संपत्तियों से ब्याज का उपयोग करके यूक्रेन को 50 बिलियन डॉलर का ऋण प्रदान करने पर भी सहमत हुए।
- अगली 51वीं शिखर बैठक 2025 में कैनानास्किस, अल्बर्टा, कनाडा में आयोजित की जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने आउटरीच सत्र में भाग लिया

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। इस शिखर सम्मेलन में भारत की 11वीं और श्री मोदी की लगातार पांचवीं भागीदारी थी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था।
- सम्मेलन से अलग श्री मोदी ने जी-7 देश के नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें की थी।
- प्रधानमंत्री मोदी ने इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की और यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक के साथ चर्चा की।

आउटरीच सत्र क्या है?

- जी 7 मेजबान देश को आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए अन्य देशों या बहुपक्षीय संस्थानों को आमंत्रित करने का अधिकार है जहां किसी विशेष मुद्दे या कई वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाती है।
- G7 के आउटरीच सत्र में भाग लेने का निमंत्रण पाने वाले पहले भारतीय प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी वर्ष 2003) थे।
- इस बार 2024 में), इटली ने अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत, जॉर्डन, केन्या, मॉरिटानिया, ट्यूनीशिया, तुर्किये और UAE को आमंत्रित किया था। इन देशों के अलावा अफ्रीकी विकास बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन, संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक के प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया था।

IMEC परियोजना के लिए सहमति

- शिखर सम्मेलन में G-7 देशों ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे IMEC) जैसी विशिष्ट अवसंरचना परियोजना के लिए अपनी सहमति जताई।
- दिल्ली में भारत द्वारा आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान IMEC ढांचे को अंतिम रूप दिया गया था। इस पहल का उद्देश्य एशिया, मध्य पूर्व और पश्चिमी देशों के बीच एकीकरण को बढ़ावा देना है।

- IMEC की योजना सऊदी अरब, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप को जोड़ने वाली सड़कों, रेलवे और शिपिंग मार्गों का एक व्यापक नेटवर्क स्थापित करने की है।
- विशेष रूप से इसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल BRI) के जवाब में IMEC को सहयोगी देशों द्वारा अपने रणनीतिक प्रभाव को बढ़ाने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है।
- BRI चीन की एक प्रमुख अवसंरचना परियोजना है जो दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप को चीन से जोड़ती है।

G7 संगठन: तथ्यों पर एक दृष्टि

- G7 सात सबसे अधिक औद्योगिकीकरण वाले लोकतांत्रिक देशों का एक अनौपचारिक समूह है। जी 7 समूह, 1973 के अरब इजरायली युद्ध के बाद अरब देशों द्वारा कच्चे पेट्रोलियम तेल की कीमतों में वृद्धि के बाद फ्रांस की पहल पर बनाया गया था। G7 में ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और अमरीका सदस्य देश हैं।
- वर्ष 1975 में फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति वैलेरी जिस्कार्ड डी एस्टेइंग के आह्वान पर विश्व के सर्वाधिक औद्योगीकृत, लोकतांत्रिक एवं गैर-समाजवादी 6 राष्ट्रों- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, इटली, जर्मनी, एवं जापान ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें इस समूह का गठन हुआ।
- वर्ष 1976 में कनाडा को इस समूह में शामिल कर लिया गया। कनाडा की सहभागिता के पश्चात यह समूह 'G7' के नाम से जाना जाने लगा।
- वर्ष 1994 में 'G7' में रूस के शामिल होने से यह समूह 'G8' के नाम से जाना गया।
- 27 मार्च, 2014 को इस संगठन से रूस को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया गया। अब यह समूह पुनः 'G7' के नाम से जाना जाने लगा है।
- 'G7' एक अनौपचारिक संगठन है जिसका कोई मुख्यालय अथवा सचिवालय नहीं है। इसके अध्यक्ष का चयन रोटेशन प्रणाली के आधार पर होता है।
- 'G7' देश में विश्व की जनसंख्या का 10.3% लोग रहते हैं। सदस्य देशों की GDP विश्व के GDP का 32.2% है, जबकि विश्व के निर्यात में 34.1% तथा आयात में 36.7% हिस्सा है।

G7 लीडर्स समिट 2025 में कनाडा में आयोजित किया जाएगा

- अगला G7 लीडर्स समिट 2025 में कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कनानास्किस में आयोजित किया जाएगा।
- X पर एक पोस्ट में, कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा, "अभी घोषणा की गई: अगला G7 लीडर्स समिट 2025 में कनाडा के कनानास्किस, अल्बर्टा में आयोजित किया जाएगा।"
- G7 देशों ने अवसंरचना परियोजनाओं को समर्थन देने का वचन दिया
- प्रमुख परियोजनाओं में लोबिटो, लूजोन, मध्य और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप जैसे गलियारों के लिए समन्वय और वित्तपोषण प्रयास शामिल हैं।
- वे यूरोपीय संघ के ग्लोबल गेटवे Lobito Corridor), अफ्रीकी संघ की ग्रेट ग्रीन वाल इनिशिएटिव और इटली की अफ्रीका के लिए मैटेई योजना Mattei Plan) जैसी मौजूदा पहलों को आगे बढ़ाने की भी योजना बना रहे हैं।
- नेताओं ने "पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट PGII) पहलों, प्रमुख परियोजनाओं और गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश के लिए परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए पूरक पहलों के लिए ठोस प्रयासों को बढ़ावा देने का समर्थन किया।
- इनमें लोबिटो कॉरिडोर अफ्रीका), लूजोन कॉरिडोर/Luzon Corridor फिलीपींस), मध्य कॉरिडोर और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए समन्वय और वित्तपोषण को गहरा करना शामिल है।

वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए भागीदारी (PGII) पहल

- हाल ही में, G7 नेताओं ने वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए भागीदारी (PGII) पहल को और आगे बढ़ाने के लिए ठोस समर्थन किया।
- PGII योजना की घोषणा पहली बार जून 2021 में यूके में G7 या (ग्रुप ऑफ़ सेवन) शिखर सम्मेलन के दौरान की गई थी।
- 2022 में, जर्मनी में G7 शिखर सम्मेलन के दौरान, PGII को सार्वजनिक और निजी निवेश के माध्यम से विकासशील देशों में अवसंरचना परियोजनाओं को निधि देने में मदद करने के लिए एक संयुक्त पहल के रूप में आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया था।
- भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) वैश्विक अवसंरचना निवेश के लिए भागीदारी (PGII) का हिस्सा है।

ग्रेट ग्रीन वॉल पहल

- अफ्रीकी संघ द्वारा 2007 में शुरू की गई, और अफ्रीकी-नेतृत्व वाली ग्रेट ग्रीन वॉल पहल का उद्देश्य अफ्रीका महाद्वीप के क्षत-विक्षत परिदृश्यों को बहाल करना और साहेल क्षेत्र में लाखों लोगों के जीवन को बदलना है।

यूरोपीय संघ का ग्लोबल गेटवे

- यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि ने ग्लोबल गेटवे की रूपरेखा तैयार की है, जो डिजिटल, ऊर्जा और परिवहन क्षेत्रों में स्मार्ट, स्वच्छ और सुरक्षित संपर्कों को बढ़ावा देने और दुनिया भर में स्वास्थ्य, शिक्षा और अनुसंधान प्रणालियों को मजबूत करने के लिए एक नई यूरोपीय रणनीति है।

पाकिस्तान, डेनमार्क, ग्रीस, पनामा और सोमालिया UNSC के सदस्य चुने गए

- पाकिस्तान, डेनमार्क, ग्रीस, पनामा और सोमालिया को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद UNSC) का अस्थायी सदस्य चुना गया है। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 6 जून को गुप्त मतदान के माध्यम से रिक्त पांच सीटों के लिए चुनाव किया था। इन देशों का 2 वर्ष का कार्यकाल 2025 से शुरू होगा।

मुख्य बिन्दु

- UNSC में अस्थायी सदस्यों की रिक्त पांच सीटों पर 6 जून को चुनाव हुआ था। चुनाव में पाकिस्तान, सोमालिया, डेनमार्क, ग्रीस और पनामा को अस्थायी सदस्य चुना गया।
- अफ्रीकी और एशिया-प्रशांत देशों की दो सीटों के लिए पाकिस्तान और सोमालिया को चुना गया। पनामा को लैटिन अमेरिका और कैरेबियन समूह से चुना गया था। डेनमार्क और ग्रीस पश्चिमी यूरोप और अन्य राज्यों के समूह से चुने गए।
- ये नवनिर्वाचित सदस्य देश जापान, मोजांबिक, इक्वाडोर, माल्टा और स्विटजरलैंड का स्थान लेंगे। इनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो जाएगा। पांचों नए सदस्यों का दो वर्षीय कार्यकाल एक जनवरी 2025 से शुरू होगा।
- वर्तमान में UNSC में अन्य गैर-स्थायी सदस्य अल्जीरिया, गुयाना, कोरिया गणराज्य दक्षिण कोरिया), सिएरा लियोन और स्लोवेनिया हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC): एक दृष्टि

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) संयुक्त राष्ट्र का सबसे महत्वपूर्ण निकाय है जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है। UNSC के 15 सदस्य होते हैं, जिनमें से 5 स्थायी और 10 अस्थायी होते हैं।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 5 स्थायी सदस्य- संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, रूस और चीन हैं। उनके पास वीटो शक्ति है, और यदि वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में किसी प्रस्ताव के विरुद्ध मतदान करते हैं, तो वो प्रस्ताव पारित नहीं किया जा सकता है।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 10 अस्थायी सदस्य दो साल के लिए चुने जाते हैं और उनके पास वीटो शक्ति नहीं होती है।
- 10 अस्थायी सीटें चार क्षेत्रीय समूहों के बीच वितरित की जाती हैं: अफ्रीकी और एशिया-प्रशांत, पूर्वी यूरोप, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन, तथा पश्चिमी यूरोप और अन्य राज्य। सदस्य केवल अपने क्षेत्रीय समूहों से ही उम्मीदवार हो सकते हैं
- भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में आठ बार चुना गया है। भारत 1950-1951, 1967-1968, 1972-1973, 1977-1978, 1984-1985, 1991-1992, 2011-2012 और 2021-2022 में सदस्य था।

संयुक्त राष्ट्र

- संयुक्त राष्ट्र एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसका गठन 24 अक्टूबर 1945 को द्वितीय विश्व युद्ध को रोकने में लीग ऑफ नेशन्स की विफलता के बाद किया गया था।
- प्रारंभ में, इसमें भारत सहित 51 सदस्य देश शामिल थे, लेकिन अब, इसमें 193 सदस्य देश हैं। संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय न्यूयॉर्क में, और वर्तमान महासचिव एंटोनियो गुटेरस हैं।

सिंगापुर में पहली आईपीईएफ स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम की बैठक

- सिंगापुर ने 5 और 6 जून 2024 को पहली आईपीईएफ Indo-Pacific Economic Framework for Prosperity) स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम की बैठक की मेजबानी की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने किया। आईपीईएफ में 14 सदस्य देश शामिल हैं – अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, फिजी, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम।

ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक रूस में आयोजित की गई

- ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक रूस के निज़नी नोवगोरोड में 10 जून को आयोजित की गई थी। बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।
- ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों ने विश्व के कई भागों में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त की। उन्होमनें कूटनीति, समावेशी विचार-विमर्श के माध्यम से विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की प्रतिबद्धता व्यमक्त की है।
- विदेश मंत्रियों ने संयुक्त वक्तव्य में, संघर्ष की स्थितियों में अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के प्रति पूर्ण सम्मान और मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के अनुरूप मानवीय सहायता की आवश्यकता पर बल दिया।
- विदेश मंत्रालय में आर्थिक संबंध मामलों के सचिव डी रवि ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। डॉ। सुब्रह्मण्यसम जयशंकर को विदेश मंत्री के रूप में 10 जून को ही दोबारा नियुक्त किया गया था, इसलिए वह बैठक में शामिल नहीं हो सके थे।
- भारत ने ब्रिक्स की बैठक में पहली बार भाग लेने वाले नए सदस्य देशों – मिस्र, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और इथियोपिया के प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत किया। 2023 में हुए ब्रिक्स के विस्तार में इन देशों को शामिल किया गया था।

इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (iCET)

- भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार NSA) श्री अजीत डोभाल और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री जेक सुलिवन ने 17 जून 2024 को हैदराबाद हाउस, नई दिल्ली में भारत-अमेरिका "इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (iCET)" की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।
- उन्होंने अंतरिक्ष, सेमी कंडक्टर, एडवांस दूरसंचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम, STEM,, जैव प्रौद्योगिकी, क्रिटिकल मिनरल्स और क्लीन एनर्जी सहित प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने और बढ़ाने की दिशा में भारत और अमेरिका द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कदमों का जायजा लिया।
- जनवरी 2023 में iCET शुरू किया गया था।
- CET का मूल विचार यह है कि भारत और अमेरिका एक-दूसरे को सहायता प्रदान कर सकें, टेक्नोलॉजी सेक्टर में अधिक सहयोग को बढ़ावा दिया जा सकें, संयुक्त रूप से इनोवेशन कर सकें और चुनौतियों का समाधान ढूंढ सकें।

मुख्य बिन्दु

- दोनों NSA ने सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी और विनिर्माण, टिकाऊ कृषि और खाद्य सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।
- वे स्वच्छ ऊर्जा, महामारी संबंधी तैयारियों और अन्य महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए।
- भारत और अमेरिका अगले पांच वर्षों तक यूएस-इंडिया ग्लोबल चैलेंजेज इंस्टीट्यूट को 90 मिलियन डॉलर की राशि प्रदान करेंगे।
- अमेरिका की जनरल एटॉमिक्स कंपनी और भारतीय कंपनी 3rd iTech संयुक्त रूप से सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण के सह-विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगी।

भारत-अमेरिका क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (ICET) पहल: एक दृष्टि

- मई 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत-अमेरिका क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी ICET) पहल पर सहमति बनी थी।
- ICET पहल का उद्देश्य दोनों देशों के शैक्षणिक संस्थानों और व्यवसायों के बीच द्विपक्षीय रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी, रक्षा और औद्योगिक सहयोग का विस्तार करना था।
- ICET पहल दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष, अर्धचालक, उन्नत दूरसंचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा में रणनीतिक सहयोग को विस्तारित करने पर केंद्रित है।
- पहली ICET बैठक जनवरी 2023 में अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में आयोजित की गई थी।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) संयुक्त रूप से सिंथेटिक एपर्चर रडार उपग्रह का विकास और प्रक्षेपण करेंगे।
- नासा, इसरो के अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष उड़ानों और मानव अंतरिक्ष मिशनों में प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

पराग्वे बना इंटरनेशनल सोलर अलायन्स (ISA) 100वां पूर्ण सदस्य

- पराग्वे अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन International Solar Alliance: ISA) में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने वाला 100वां देश बन गया है। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र पराग्वे ने 26 जून 2024 को नई दिल्ली में आधिकारिक तौर पर ISA को अपना अनुसमर्थन पत्र सौंप दिया।

अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन

- पेरिस में 2015 के संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन COP21) के दौरान भारत और फ्रांस ने ISA लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य दुनिया भर में सौर ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देना है।
- यह सदस्य देशों के लिए ऊर्जा पहुंच बढ़ाने, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और सतत ऊर्जा स्रोतों को अपनाने के लिए एक सहयोगी मंच के रूप में कार्य करता है।
- ISA का प्राथमिक लक्ष्य सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की तेजी से और बड़े पैमाने पर अपनाने के माध्यम से पेरिस जलवायु समझौते के कार्यान्वयन में योगदान करना है।
- इस सहयोगी प्रयास को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।
- 2020 में अपने फ्रेमवर्क समझौते के संशोधन के साथ, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश अब ISA में शामिल होने के पात्र हैं।
- ISA अपनी 'टुवार्ड्स 1000' रणनीति द्वारा निर्देशित है, जिसका लक्ष्य 2030 तक सौर ऊर्जा समाधानों में 1,000 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश जुटाना है, जबकि स्वच्छ ऊर्जा समाधानों का उपयोग करके 1,000 मिलियन लोगों तक ऊर्जा पहुंच प्रदान करना और इसके परिणामस्वरूप 1,000 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता की स्थापना करना है।
- इसका मुख्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में है

थाईलैंड समलैंगिक विवाह को मान्यता देने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश बन गया।

- थाईलैंड की सीनेट ने विवाह समानता कानून का अंतिम रीडिंग पारित कर दिया।
- इसने थाईलैंड को समलैंगिक विवाह को मान्यता देने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।
- यह कानून 120 दिनों के बाद लागू होगा। इसके लिए शाही स्वीकृति की भी आवश्यकता है।
- नेपाल और ताइवान के बाद थाईलैंड एशिया का तीसरा देश है, जिसने विवाह समानता कानून लागू किया है।
- थाईलैंड, एशिया के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है, जो पहले से ही अपनी जीवंत एलजीबीटी संस्कृति और सहिष्णुता के लिए जाना जाता है।

यूरोपीय संसद के लिए चुनाव

- यूरोपीय संसद के लिए 6-9 जून को हुए चुनावों के परिणाम में वामपंथी और उदारवादी दलों की तुलना में दक्षिणपंथी और धुर दक्षिणपंथी दलों को अधिक सफलता मिली है। इन चुनावों में यूरोपीय संघ (EU) के 27 सदस्य देशों के 37 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से लगभग 51% ने मतदान किया।
- बता दें कि यूरोपीय संसद के सदस्य 27 सदस्य देशों के नागरिकों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं। इसलिए, यह EU की सभी गतिविधियों को एक निश्चित लोकतांत्रिक वैधता प्रदान करता है।
- संसद की 720 सीटें 'ह्रासमान आनुपातिकता' degressive proportionality') के सिद्धांत पर आवंटित की जाती हैं, जिसका अर्थ है कि छोटे देश अपनी जनसंख्या के अनुपात में अधिक सदस्य (MEP) का चुनाव करते हैं।
- MEP का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व द्वारा किया जाता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि निर्वाचित MEP की संख्या उनके प्राप्त वोटों के अनुपात में हो।
- यूरोपीय संसद चुनावों में मतदाता अपने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों में से चुनते हैं। जीतने वाले उम्मीदवार फिर यूरोपीय संसद में यूरोप-व्यापी राजनीतिक समूहों का हिस्सा बन जाते हैं।

- ये समूह राजनीतिक विचारधाराओं के आधार पर गठित हुए होते हैं जैसे;यूरोपियन पीपल्स पार्टी EPP) । संसद की प्रक्रिया के नियमों के अनुसार, यूरोपीय संसद के राजनीतिक समूह में कम से कम सात सदस्य देशों से चुने गए कम से कम 23 सदस्य शामिल होंगे।
- संसद के तीन प्रमुख कार्य हैं। सबसे पहले, यह यूरोपीय संघ की परिषद के साथ यूरोपीय संघ के कानून को अपनाता है और संशोधित करता है। दूसरा, यह अन्य सभी यूरोपीय संघ के संस्थानों और निकायों, विशेष रूप से यूरोपीय आयोग के कामकाज की निगरानी करता है। यह यूरोपीय आयोग में नियुक्तियों को मंजूरी देता है या अस्वीकार करता है। तीसरा, संसद यूरोपीय संघ के बजट पर परिषद के साथ अधिकार साझा करती है, जो इसे यूरोपीय संघ के खर्च को प्रभावित करने की अनुमति देता है।
- यूरोपीय संसद व्यापार और निवेश पर समझौतों सहित अंतर्राष्ट्रीय समझौतों की भी पुष्टि करती है।

यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन 2024

- "यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन" (Summit on Peace in Ukraine) शीर्षक से दो दिवसीय यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन 15-16 जून 2024 को स्विट्जरलैंड के बर्जनस्टॉक रिसोर्ट में आयोजित किया गया।
- इस कार्यक्रम में 90 से अधिक देशों और वैश्विक संस्थानों ने भाग लिया। यूक्रैन पर फूल स्केल हमले के बाद यूक्रेन में शांति पर यह सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन था।
- रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था, और चीन इस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हुआ। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया।
- भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय में सचिव राजदूत पवन कपूर ने किया।
- शिखर सम्मेलन में एक मसौदा घोषणापत्र जारी किया गया जो यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता की पुष्टि करता है और देश के खिलाफ किसी भी परमाणु खतरे को स्पष्ट रूप से खारिज करता है।
- यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन, भारत ने विज्ञप्ति का समर्थन करने से इनकार किया
- यूक्रेन में शांति को लेकर 15-16 जून को स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक शहर में एक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन में यूरोप, एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के 90 से अधिक देशों और चार अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भाग लिया था। रूस ने सम्मेलन में भाग लेने से इनकार कर दिया था।

मुख्य बिन्दु

- इस शिखर सम्मेलन में कई देशों ने यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन किया और सभी पक्षों से संघर्ष का स्थायी समाधान खोजने का आह्वान किया गया।
- भारत ने कहा कि अगर शांति समाधान दोनों पक्षों को स्वीकार्य हो तो क्षेत्र में स्थायी शांति हो सकती है।
- भारत का रुख यह था कि रूस की भागीदारी के बिना क्षेत्र में कोई शांति नहीं हो सकती और चूंकि विज्ञप्ति रूस के दृष्टिकोण को ध्यान में रखे बिना जारी की गई थी, इसलिए भारत ने विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।
- भारत के अलावा, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मैक्सिको और संयुक्त अरब अमीरात यूएई) उन प्रमुख देशों में से थे, जिन्होंने अंतिम विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर नहीं किए।
- रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत 24 फरवरी 2022 को हुई जब रूसी राष्ट्रपति वाल्दिमीर पुतिन ने यूक्रेन को पश्चिमी सैन्य गठबंधन उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने से रोकने के लिए यूक्रेन में अपने सैनिक भेजे।

अमेरिका ने केन्या को "प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी MNNA) का दर्जा दिया

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने केन्या को "प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी major non-NATO ally: (MNNA)" का दर्जा दिया है। अमेरिकी व्हाइट हाउस द्वारा प्रकाशित एक ज्ञापन में कहा गया है कि MNNA का दर्जा अमेरिकी कानून के तहत एक डिजाइनेशन है जो विदेशी भागीदारों को रक्षा व्यापार और सुरक्षा सहयोग के क्षेत्रों में कुछ लाभ प्रदान करता है।
- राष्ट्रपति बाइडेन ने केन्याई राष्ट्रपति विलियम रुटो की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दौरान केन्या को मेजर नॉन-नाटो अलाइ के रूप में नामित करने का संकल्प लिया था।
- अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, MNNA दर्जा संयुक्त राज्य अमेरिका के उन देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों का एक शक्तिशाली प्रतीक है।
- वैसे MNNA का दर्जा सैन्य और आर्थिक विशेषाधिकार प्रदान करता है, लेकिन यह देशों को किसी भी सामूहिक सुरक्षा का वचन नहीं देता है।
- यह वचन या कमिटमेंट केवल नाटो सदस्य देशों को प्राप्त हैं। वैसे MNNA दर्जा वाले देश सहयोगी अनुसंधान, विकास, परीक्षण या मूल्यांकन उद्देश्यों के लिए सामग्री, लॉजिस्टिक्स या उपकरण के ऋण लेने के लिए पात्र हैं।
- ये देश अपने क्षेत्र में अमेरिकी स्वामित्व वाले युद्ध रिजर्व स्टॉकपाइल्स रखने के लिए जगह दे सके हैं।
- वर्तमान में 19 देशों को "प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी (MNNAs) का दर्जा दिया गया है। ये हैं: अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, ब्राजील, कोलंबिया, मिस्र, इज़राइल, जापान, जॉर्डन, कुवैत, मोरक्को, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, फिलीपींस, कतर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और ट्यूनीशिया।

सिंगापुर में 21वां 'शांगरी-ला डायलॉग' आयोजित किया गया

- अंतरराष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा सम्मेलन शांगरी-ला संवाद (Shangri La Dialogue) सिंगापुर के शांगरी ला होटल में 31 मई से 2 जून 2024 तक आयोजित किया गया था। इसमें एशिया-प्रशांत क्षेत्रों और दुनिया के अन्य हिस्सों से सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

21वां शांगरी-ला डायलॉग: मुख्य बिन्दु

- यह शांगरी-ला डायलॉग का 21वां संस्करण था, जिसका उद्घाटन अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने किया था। वार्ता में चीन,

इंडोनेशिया, मालदीव, फ्रांस, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों के रक्षा मंत्री भी शामिल थे।

- वार्ता में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की, फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर और तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति डॉ। जोस होर्टा ने भी भाग लिया। इस बार भारत का प्रतिनिधित्व नहीं था।
- इस वर्ष चीन का प्रतिनिधित्व उसके रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून ने किया था। कार्यक्रम संबोधित करते हुए उन्होंने ताइवान की स्वतंत्रता को रोकने के लिए दृढ़ कार्रवाई करने की बात कही।

शांगरी-ला डायलॉग: एक दृष्टि

- शांगरी-ला डायलॉग या एशियाई सुरक्षा शिखर सम्मेलन, एशिया प्रशांत के देशों को क्षेत्र की सुरक्षा समस्याओं पर चर्चा करने और समाधान खोजने के लिए ऐसा वातावरण प्रदान करने का प्रयास करता है।
- इसका आयोजन सिंगापुर सरकार के साथ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज आईआईएसएस), लंदन द्वारा किया जाता है।
- बैठक का स्थायी स्थान सिंगापुर में स्थित शांगरी-ला होटल है। अब यह बैठक अब शांगरी ला संवाद के नाम से अधिक प्रसिद्ध है।
- शांगरी-ला संवाद का श्रेय ब्रिटिश रणनीतिकार सर जॉन चिपमैन को दिया जाता है। सर चिपमैन ने क्षेत्र की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 1990 के दशक में सिंगापुर के पूर्व प्रधान मंत्री ली कौन यू से संपर्क किया था।
- ली कौन यू के सहयोग से पहला एशियाई सुरक्षा सम्मेलन, या शांगरी ला संवाद, 2002 में आयोजित किया गया था।
- इसका उद्घाटन हमेशा संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा मंत्री के द्वारा किया जाता है। चीनी रक्षा मंत्री हमेशा अगले दिन के सत्र की शुरुआत करते हैं।
- 2018 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी शांगरी ला संवाद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधान मंत्री थे।

अडानी समूह ने दार एस सलाम बंदरगाह की 30 साल की लीज हासिल की

- गौतम अडानी के स्वामित्व वाले अडानी समूह ने तंजानिया के दार एस सलाम बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल 2 की 30 साल की लीज हासिल करके अफ्रीकी देश तंजानिया में बंदरगाह व्यवसाय में प्रवेश किया है। अदानी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड एपीएसईजेड) की सहायक कंपनी है।
- अदानी पोर्ट्स ने तंजानिया में दार एस सलाम पोर्ट टर्मिनल को संचालित करने के लिए 30 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन APSEZ) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदानी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड AIPH) ने तंजानिया पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ 30 साल के रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता एआईपीएच को तंजानिया में दार एस सलाम पोर्ट पर कंटेनर टर्मिनल 2 को संचालित करने और प्रबंधित करने में सक्षम बनाएगा।
- दार एस सलाम पोर्ट एक गेटवे पोर्ट है, जिसमें सड़क और रेलवे का एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है।
- एपीएसईजेड नियंत्रक शेयरधारक होगा और ईएजीएल को अपने खातों में समेकित करेगा।
- ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (EAGL) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (EHTL) के संयुक्त उद्यम के रूप में शामिल किया गया है।
- कंटेनर टर्मिनल 2 की वार्षिक कार्गो हैंडलिंग क्षमता 1 मिलियन बीस-फुट समकक्ष इकाइयों (TEU) की है।

अमेरिकी कांग्रेस ने "रिज़ॉल्व तिब्बत एक्ट" पारित किया

- यूनाइटेड स्टेट्स कांग्रेस अमेरिकी संसद) ने 12 जून को तिब्बत-चीन विवाद के समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम पारित किया, जिसे रिज़ॉल्व तिब्बत एक्ट Resolve Tibet Act) के नाम से जाना जाता है।
- द्विदलीय कानून को अब राष्ट्रपति जो बाइडेन की मंजूरी का इंतजार है, जिसके बाद इसे कानून में बदल दिया जाएगा।
- यह अधिनियम तिब्बत नीति अधिनियम या टीपीए 2002), और तिब्बती नीति और समर्थन अधिनियम या (TPSA 2020) के बाद अमेरिका द्वारा तिब्बत के संबंध में लिया गया तीसरा उल्लेखनीय कानून है।
- रिज़ॉल्व तिब्बत एक्ट तिब्बत के बारे में चीनी दुष्प्रचार का मुकाबला करने के लिए धन के उपयोग को अधिकृत करता है।
- यह अधिनियम उस चीनी दावे को भी चुनौती देता है कि तिब्बत प्राचीन काल से चीन का हिस्सा रहा है। इसमें चीन से दलाई लामा या उनके प्रतिनिधियों के साथ-साथ तिब्बती समुदाय के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नेताओं के साथ सार्थक और प्रत्यक्ष बातचीत करने का आग्रह किया गया है, ताकि मतभेदों को दूर करने के लिए बिना किसी पूर्व शर्त के समझौता किया जा सके।
- रिज़ॉल्व तिब्बत एक्ट तिब्बती लोगों की बहुआयामी सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान को मान्यता देने और संबोधित करने का प्रयास करता है, विशेष रूप से उनकी "विशिष्ट ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और भाषाई पहचान।"
- अंत में, यह तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के सटीक भौगोलिक क्षेत्रों को परिभाषित करने के लिए तिब्बत नीति अधिनियम में संशोधन करता है।

कावांगो-ज़ाम्बेजी ट्रांस-फ्रंटियर कंजर्वेशन एरिया (KAZA-TFCA)

- KAZA 2024 राष्ट्राध्यक्ष शिखर सम्मेलन जाम्बिया के लिविंगस्टोन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों ने सदस्य देशों से लुप्तप्राय वन्य जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन या CITES) की सदस्यता त्यागने की अपील की ताकि उन्हें हाथीदांत और अन्य वन्यजीव उत्पादों को बेचने की स्वतंत्रता मिल सके।
- गौरतलब है कि कावांगो-ज़ाम्बेजी ट्रांस-फ्रंटियर संरक्षण क्षेत्र में हाथियों की संख्या काफी अधिक है और इनसे ये देश परेशान हैं। वे हाथ दांत का व्यापार करना चाहते हैं परन्तु CITES के प्रतिबंधों के कारण ऐसा संभव नहीं है।

कावांगो-ज़ाम्बेजी ट्रांस-फ्रंटियर कंजर्वेशन एरिया (KAZA-TFCA)

- कावांगो-जाम्बेजी ट्रांस-फ्रंटियर कंजर्वेशन एरिया (KAZA-TFCA) 520,000 वर्ग किलोमीटर का वन्यजीव अभयारण्य है जो पाँच दक्षिणी अफ्रीकी देशों में फैला हुआ है जो ओकावांगो और ज़ाम्बेजी नदी घाटियों के साथ साझा सीमाएँ साझा करते हैं।
- यह क्षेत्र कवांगो और जाम्बेजी नदी घाटियों में स्थित है, जहाँ अंगोला, बोत्सवाना, नामीबिया, जाम्बिया और जिम्बाब्वे की सीमाएं मिलती हैं।
- इस क्षेत्र में ओकावांगो डेल्टा दुनिया का सबसे बड़ा इनलैंड डेल्टा) और विक्टोरिया फॉल्स विश्व धरोहर स्थल और दुनिया के सात प्राकृतिक आश्चर्यों में से एक) स्थित है।
- दक्षिण अफ्रीका के साथ इन पांच देशों में, लगभग 450,000 की अफ्रीकी हाथियों की आबादी है।
- ये देश 19 अफ्रीकी हाथी रेंज राज्यों का हिस्सा हैं, जिनमें से अकेले बोत्सवाना में हाथियों की आबादी 132,000 है, इसके बाद जिम्बाब्वे में 100,000 है, जबकि अन्य बड़ी संख्या में दक्षिण अफ्रीका, जांबिया, नामीबिया और अंगोला में हैं।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की भारत यात्रा, कई समझौतों ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 22 जून को भारत की यात्रा पर थे। इस यात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्र पति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की जिसमें दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत-बांग्लातदेश द्विपक्षीय बैठक मुख्य बिन्दु

- नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्रय मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई समझौतों ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए और कई समझौता ज्ञापनों का नवीनीकरण किया।
- इन समझौतों में डिजिटल और हरित भागीदारी, समुद्री सहयोग, स्वास्थ्य और चिकित्सा, अंतरिक्ष सहयोग, रेलवे संपर्क, समुद्र विज्ञान, आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन के क्षेत्र शामिल हैं।
- भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों की संपन्नता के लिए कनेक्टिविटी, वाणिज्य और सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य का एक दृष्टिकोण-पत्र साझा किया। इस पत्र में भारत के विकसित भारत विजन-2047 और बांग्लादेश के स्मार्ट बांग्लादेश विजन-2047 की परिकल्पना का उल्लेख किया गया है।
- दोनों नेता आतंकवाद से निपटने संबंधी गतिविधियों में तेजी लाने, कट्टरवाद से निपटने और लंबी भू-सीमा पर शांतिपूर्ण प्रबंधन करने पर भी सहमत हुए।
- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बांग्लादेश, भारत की पडोसी प्रथम और एक्ट ईस्ट नीति का आधार स्तंभ है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 2026 में बांग्लादेश डेवलपिंग कंट्री बनने जा रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम साथ मिलकर विकसित भारत 2047 और स्मार्ट बांग्लादेश 2041 के संकल्पों को सिद्धि तक ले जाएंगे।
- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत को विश्वसनीय मित्र और क्षेत्रीय भागीदार बताया। बाद में, शेख हसीना ने राष्ट्र पति भवन में राष्ट्रकपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

चीन ने ऑस्ट्रेलिया को दो जायंट पांडा उपहार देने की घोषणा की

- जून 2024 में, चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया और द्विपक्षीय संबंधों के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया। इस अवसर पर ली कियांग ने ऑस्ट्रेलियाई चिड़ियाघर को दो नए जायंट पांडा giant pandas) उपहार में देने की घोषणा की।
- ली की यात्रा, व्यापार भागीदारों के लिए पिछले सात वर्षों में पहली बार किसी चीनी प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की है। श्री ली कियांग ने एडिलेड चिड़ियाघर का दौरा किया, जहाँ 2009 से चीन में जन्मे विशाल पांडा वांग वांग और फू नी रह रहे हैं।
- उन्होंने घोषणा की कि नवंबर में इन दोनों पांडा जोड़ी के चीन लौटने के बाद चिड़ियाघर को दो और पांडा उधार दिए जाएंगे।
- बता दें यह वांग वांग और फू नी दक्षिणी गोलार्ध में एकमात्र पांडा जोड़ी है और ऑस्ट्रेलिया में संतान पैदा करने में विफल रही हैं।

विशाल पांडा

- विशाल पांडा भालू परिवार का सबसे दुर्लभ सदस्य है। इन काले और सफेद भालुओं में से केवल 1,500 ही प्राकृतिक जंगलों में जीवित बचे हैं।
- पांडा बांस की टहनियों और पत्तियों के अलावा कुछ भी नहीं खाते हैं। पांडा तेजी से खाते हैं, वे बहुत खाते हैं, और ऐसा करने में वे दिन में लगभग 12 घंटे बिताते हैं। कारण: वे जो खाते हैं उसका लगभग पाँचवाँ हिस्सा ही पचा पाते हैं।
- पांडा शर्मीले होते हैं; वे उन क्षेत्रों में नहीं जाते जहाँ इंसान रहते हैं। विशाल पांडा दक्षिण मध्य चीन में सिचुआन, शानक्सी और गांसु प्रांतों में कुछ पर्वत श्रृंखलाओं में रहते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के नामाक्वालैंड क्षेत्र में दुनिया के सबसे पुराने आबाद दीमक के टीले की खोज

- वैज्ञानिकों ने दक्षिण अफ्रीका के नामाक्वालैंड क्षेत्र Namaqualand region) में बफेल्स नदी के किनारे दुनिया के सबसे पुराने आबाद दीमक के टीले world's oldest inhabited termite mounds) खोजे हैं।
- स्थानीय रूप से, इन टीलों को ह्यूवेल्टजीज़/heuweltjies अफ्रीकी भाषा में इस शब्द का अर्थ "छोटी पहाड़ियाँ" होता है, कहा जाता है।

- इन दीमक के टीलों में दक्षिणी हार्वेस्टर दीमक, माइक्रोहोडोर्मेस विएटर की सुरंगों और घोंसलों का अंडरग्राउंड नेटवर्क बना हुआ है।
- कुछ टीले 34,000 से 13,000 साल पुराने हैं। सबसे पुराने ज्ञात आबाद टीले 4,000 साल पुराने थे। दीमक को इकोसिस्टम इंजीनियर कहा जाता है।
- वे अनुकूल आर्द्रता और तापमान की स्थिति बनाए रखने के लिए आस की मिट्टी में बदलाव करते रहते हैं, और उनके आहार आपूर्ति के रास्ते कई दसियों मीटर तक फैले होते हैं।

इकोसिस्टम इंजीनियर

- बता दें कि इकोसिस्टम इंजीनियर वे प्रजातियाँ हैं जो अपने आस पास के पर्यावरण को अच्छे तरीके से संशोधित करती हैं, नए आश्रय बनाती हैं या अपनी ज़रूरतों के हिसाब से मौजूदा आश्रयों में बदलाव करती हैं।
- इकोसिस्टम इंजीनियर के उदाहरण हैं; प्रवाल यानी कोरल्स, हाथी, गोफर कछुआ, लाल-मुर्गानुमा कठफोड़वा Red-cockaded woodpecker), यूरेशियन ऊदबिलाव Eurasian beaver), यूरोपीय देशी सीप European native oyster), पैरोट फिश, केल्प समुद्री शैवाल)।

भारत और श्रीलंका ने शुरू किया "मेरीटाइम रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर"

- जून 2024 में भारत और श्रीलंका ने समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (Maritime Rescue Coordination Centre: MRCC) शुरू किया, जो दोनों पक्षों के बीच मजबूत समुद्री सुरक्षा सहयोग को दर्शाता है।
- इसका उद्घाटन भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान किया गया।
- मेरीटाइम रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर कोलंबो स्थित श्रीलंका नौसेना मुख्यालय में एक मुख्य केंद्र और हंबनटोटा में एक उप-केंद्र शामिल है।
- एशिया में, एफडीआई 8 प्रतिशत घटकर 621 बिलियन डॉलर रह गया। चीन दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा एफडीआई प्राप्तकर्ता बना हुआ है।
- भारत ने बांग्लादेश, चीन, सिंगापुर और थाईलैंड के साथ मिलकर बैंकिंग उद्योग को समर्थन देने के लिए नीतियां जारी कीं।

2023 में रैंक	देश	एफडीआई प्रवाह 2023 बिलियन डॉलर)
1	अमेरिका (1)	311
2	चीन (2)	163
3	सिंगापुर (3)	160
4	हांगकांग, चीन (4)	113
5	ब्राजील (6)	66
15	भारत (8)	28

विश्व निवेश रिपोर्ट 2024

- संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास UNCTAD) ने "विश्व निवेश रिपोर्ट 2024" World Investment Report 2024) जारी की।

रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

- 2023 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश FDI) 43 प्रतिशत घटकर 28 बिलियन डॉलर रह गया, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें 2 प्रतिशत की गिरावट आई है।
- FDI आने के मामले में भारत 2022 में 8वें स्थान से 2023 में 15वें स्थान पर आ गया, लेकिन यह दोनों तरह के FDI – ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट और अंतर्राष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों के मामले में शीर्ष-5 में बना रहा।
- 2022 में, भारत में FDI 10 प्रतिशत बढ़कर 49 बिलियन डॉलर हो गया।
- आर्थिक मंदी और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच 2023 में वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश FDI) 2% घटकर 1.3 ट्रिलियन डॉलर रह गया।
- FDI ऑउटफ्लो यानी बाहर जाने के मामले में, भारत की रैंक 2022 में 23वें स्थान से बढ़कर 2023 में 20वें स्थान पर पहुंच गई।
- शीर्ष-20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में, FDI फ्लो में सबसे बड़ी गिरावट फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, चीन, अमेरिका और भारत में दर्ज की गई।
- रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि व्यापार सुविधा और डिजिटल सरकारी समाधान पारदर्शी और सुव्यवस्थित वातावरण बनाकर निवेश में कमी की समस्या को दूर किया जा सकता है।

SIPRI ईयर बुक 2024: भारत के पास पाकिस्तान से अधिक परमाणु हथियार

- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट SIPRI) ईयर बुक 2024 के अनुसार, भारत के पास पाकिस्तान से अधिक परमाणु हथियार हैं, जबकि चीन ने अपने परमाणु शस्त्रागार को जनवरी 2023 में 410 वारहेड से बढ़ाकर जनवरी 2024 तक 500 कर लिया है।

रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

- चीन का परमाणु शस्त्रागार जनवरी 2023 में 410 वारहेड से बढ़कर जनवरी 2024 में 500 हो गया है, और इसके बढ़ते रहने की उम्मीद है।
- अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजरायल सहित नौ परमाणु-सशस्त्र राष्ट्रों ने अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण जारी रखा, और उनमें से कई ने 2023 में नए परमाणु-सक्षम हथियार प्रणालियों को तैनात किया।
- जनवरी 2024 में भारत के "संग्रहीत" परमाणु हथियार 172 थे, जबकि पाकिस्तान के लिए यह संख्या 170 थी। भारत ने 2023 में अपने परमाणु शस्त्रागार का थोड़ा विस्तार किया, भारत और पाकिस्तान दोनों ने 2023 में नए प्रकार के परमाणु वितरण प्रणालियों को विकसित करना जारी रखा।
- जहां पाकिस्तान भारत के परमाणु निवारक का मुख्य केंद्र बना हुआ है, भारत लंबी दूरी के हथियारों पर अधिक जोर दे रहा है, जिसमें पूरे चीन को टारगेट करने में सक्षम हथियार भी शामिल हैं।
- विश्व में तैनात किए गए लगभग 2,100 हथियारों को बैलिस्टिक मिसाइलों पर उच्च परिचालन अलर्ट की स्थिति में रखा गया था, और उनमें से लगभग सभी रूस या अमेरिका के थे।
- रूस और अमेरिका के पास कुल परमाणु हथियारों का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा है।
- ऐसा अनुमान है कि रूस ने जनवरी 2023 की तुलना में परिचालन बलों के साथ लगभग 36 अधिक परमाणु वारहेड तैनात किए हैं।

टाइम्स मैगजीन ग्लोबल 100 सबसे प्रभावशाली कंपनियों में तीन भारतीय कॉम्पनी

- वार्षिक टाइम्स मैगजीन ग्लोबल 100 सबसे प्रभावशाली कंपनियों 2024 में तीन भारतीय कंपनियों-रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड आरआईएल), टाटा ग्रुप और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को शामिल किया गया है। यह वार्षिक टाइम्स मैगजीन ग्लोबल 100 सबसे प्रभावशाली कंपनियों का चौथा संस्करण था। पहला संस्करण 2021 में अमेरिकन टाइम पत्रिका द्वारा प्रकाशित किया गया था।

SBI बाजार पूंजीकरण में आठ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने वाली भारत की सातवीं कंपनी

- भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई), बाजार पूंजीकरण में आठ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने वाली भारत की सातवीं सूचीबद्ध कंपनी बन गई है। 3 जून 2024 को एसबीआई के शेयर 899.55 रुपये की नई ऊंचाई यह उपलब्धि प्राप्त की। इस उपलब्धि को हासिल करने में एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।

भारतीय घरेलू इक्विटी बाजार ने एक बार फिर हांगकांग को पीछे छोड़ दिया है और चौथा सबसे बड़ा वैश्विक बाजार बन गया है।

- भारत का बाजार पूंजीकरण 10% बढ़कर $5.2 ट्रिलियन या 435 ट्रिलियन रुपये बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियां) हो गया है।
- हांगकांग का एमकैप $5.17 ट्रिलियन है। यह इस साल के उच्चतम $5.47 ट्रिलियन से 5.4% कम है।
- भारत ने जनवरी में पहली बार हांगकांग के बाजार मूल्य को पीछे

छोड़ दिया है।

- हांगकांग का बाजार पूंजीकरण इस साल के निम्नतम $4.3 ट्रिलियन से 27% तक बढ़ गया।

एमकैप ($ ट्रिलियन)	
विश्व	118.4
यूएस	56.49
चीन	8.84
जापान	6.30
भारत	5.20
हांगकांग	5.17
फ्रांस	3.28
यूके	3.23
स्रोत: ब्लूमबर्ग	

कंटेनर पोर्ट परफॉरमेंस CPP) इंडेक्स 2023

- 'कंटेनर पोर्ट परफॉरमेंस CPP) इंडेक्स 2023' विश्व बैंक और S&P ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस द्वारा जारी किया गया। कंटेनर पोर्ट परफॉरमेंस इंडेक्स के नवीनतम संस्करण में भारत के नौ बंदरगाहों ने विश्व के टॉप 100 बंदरगाहों में जगह बनाई है।
- विशाखापत्तनम पोर्ट ने 2023 में दुनिया के शीर्ष 20 बंदरगाहों में 19वें स्थान पर जगह बनाई, जबकि मुंद्रा पोर्ट भी मौजूदा रैंकिंग में 27वें स्थान पर पहुंच गया।
- वैश्विक कंटेनर पोर्ट प्रदर्शन सूचकांक एक बेहतर पोर्ट का बेंचमार्क है जो उत्पादकता, दक्षता और विश्वसनीयता जैसे मापदंडों पर बंदरगाहों के प्रदर्शन का आकलन करता है।
- यह व्यापार, लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन सेवाओं के राष्ट्रीय सरकारों, बंदरगाह प्राधिकरणों, विकास एजेंसियों, सुपर-नेशनल संगठनों और निजी ऑपरेटरों सहित प्रमुख हितधारकों के लिए एक संदर्भ बिंदु के रूप में कार्य करता है।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025

- आईआईटी बॉम्बे क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में 31 पायदान ऊपर चढ़कर 118वें स्थान पर पहुंच गया है।
- 100 में से 56.3 के कुल स्कोर के साथ, आईआईटी बॉम्बे क्वाक्वेरेली साइमंड्स क्यूएस) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में पिछले साल के 149वें स्थान से इस साल 118वें स्थान पर काफी ऊपर पहुंच गया है।
- इन रैंकिंग में भाग लेना शुरू करने के बाद से यह पहली बार है कि आईआईटी बॉम्बे को शीर्ष 150 संस्थानों में स्थान दिया गया है।
- इस साल आईआईटी दिल्ली को भी 150वां स्थान मिला है।
- अमेरिका स्थित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एमआईटी) ने लगातार बारहवें साल रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- एमआईटी के बाद ब्रिटेन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी है।

ग्लोबल डेटा ऑन वीमेन लीडर्स 2024

- यूएन वूमेन की "ग्लोबल डेटा ऑन वीमेन लीडर्स 2024" रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 113 देशों में कभी भी कोई महिला शासनाध्यक्ष या राष्ट्राध्यक्ष नहीं रही है, और वर्तमान में केवल 26 देशों का नेतृत्व महिलाओं के हाथ में है।
- यह डेटा रिपोर्ट 24 जून को "कूटनीति में महिलाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस International Day for Women in Diplomacy)" के अवसर पर जारी किया गया।
- रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को अभी भी सत्ता और कूटनीति के पदों से काफी हद तक बाहर रखा गया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार वैश्विक स्तर पर, निर्णय लेने में महिलाओं की कम भागीदारी एक सच्चाई है।
- वर्तमान में विश्व में केवल 23 प्रतिशत मंत्री पद महिलाओं के पास हैं और 141 देशों में 1 जनवरी, 2024 तक महिलाएं कुल कैबिनेट मंत्रियों के एक तिहाई से भी कम हैं। सात देशों के मंत्रिमंडलों में कोई महिला प्रतिनिधित्व नहीं है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रिपेरेडनेस इंडेक्स AIPI) डैशबोर्ड 2024

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष IMF) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रिपेरेडनेस इंडेक्स AIPI) डैशबोर्ड 2024 जारी किया है। 174 अर्थव्यवस्थाओं के लिए AI प्रिपेरेडनेस इंडेक्स डैशबोर्ड AI Preparedness Index Dashboard) चार क्षेत्रों में देशों द्वारा AI अपनाने की तैयारी पर आधारित है।
- ये चार क्षेत्र हैं: डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, मानव पूंजी और श्रम बाजार नीतियां, इनोवेशन और आर्थिक एकीकरण, और रेगुलेशन।
- सूचकांक में भारत को 72वें स्थान पर रखा गया है, जिसमें बांग्लादेश (0.38) 113वें, श्रीलंका (0.43) 92वें और चीन (0.63) 31वें स्थान पर हैं।
- सिंगापुर (0.80), डेनमार्क (0.78), और संयुक्त राज्य अमेरिका (0.77) उच्चतम रेटिंग वाले AE विकसित अर्थव्यवस्था) में से हैं, वहीं भारत को 0.49 रेटिंग के साथ EM (उभरते बाजार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- सूचकांक के अनुसार, AI विकसित देशों में 33 प्रतिशत नौकरियों, उभरते देशों में 24 प्रतिशत और कम आय वाले देशों में 18 प्रतिशत नौकरियों को खतरे में डाल सकता है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू एयरलाइन बाजार बन गया है

- घरेलू एयरलाइन बाजार के मामले में भारत की स्थिति पांचवें से तीसरे स्थान पर आ गई है।
- भारत ने ब्राज़ील और इंडोनेशिया को पीछे छोड़ दिया है और 15.6 मिलियन सीटों की एयरलाइन क्षमता के साथ तीसरा सबसे बड़ा बाज़ार बन गया है।
- वर्तमान में, अमेरिका और चीन शीर्ष 2 सबसे बड़े घरेलू विमानन बाज़ार हैं।
- लगभग 10 साल पहले, भारत 8 मिलियन सीटों के साथ सबसे छोटा घरेलू एयरलाइन बाज़ार था।

- भारत की सीटों की क्षमता वृद्धि दर सालाना 6.9 प्रतिशत बढ़ी है।
- भारत में, कम लागत वाली वाहक (एलसीसी) कुल घरेलू एयरलाइन क्षमता का लगभग 78.4 प्रतिशत है।
- सरकार के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में भारत में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 157 हो गई है।

नाइट्रस ऑक्साइड गैस का दूसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक देश है भारत

- ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट द्वारा N2O उत्सर्जन अध्ययन के वैश्विक आकलन के अनुसार, विश्व में 1980 और 2020 के बीच लाफिंग गैस नाइट्रस ऑक्साइड N2O) गैस का उत्सर्जन 40 प्रतिशत बढ़ा है। यह अध्ययन अर्थ सिस्टम साइंस डेटा पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।
- चीन 16.7 प्रतिशत, भारत 10.9 प्रतिशत, अमेरिका 5.7 प्रतिशत, ब्राजील 5.3 प्रतिशत और रूस 4.6 प्रतिशत नाइट्रस ऑक्साइड गैस के पांच सबसे बड़े उत्सर्जक देश हैं।
- चीन के बाद, भारत नाइट्रस ऑक्साइड (N2O) का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। हालांकि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन के मामले में स्थिति थोड़ा अलग है।
- भारत में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन सबसे कम 0.8 किलोग्राम N2O/व्यक्ति है, अन्य शीर्ष उत्सर्जकों के लिए N2O किलोग्राम /व्यक्ति के आंकड़े चीन 1.3, अमेरिका 1.7, ब्राजील 2.5 और रूस 3.3 हैं।

नाइट्रस ऑक्साइड N2O)

- नाइट्रस ऑक्साइड N2O) ग्रीनहाउस गैस है जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में वायुमंडल को अधिक गर्म करने की क्षमता है। कार्बन डाइऑक्साइड या मीथेन की तुलना में N2O वायुमंडल में बहुत कम मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन इसकी ग्लोबल वार्मिंग क्षमता 100 साल के समय के पैमाने पर कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में लगभग 300 गुना है।
- N20 एक मजबूत ओजोन-क्षयकारी पदार्थ भी है। 2022 में वायुमंडलीय N2O की सांद्रता 336 भाग प्रति बिलियन तक पहुँच गई या औद्योगिक युग से पहले देखे गए स्तरों से लगभग 25% अधिक है।
- नाइट्रस ऑक्साइड वायुमंडल में लंबे समय तक रहता है और तेज़ी से बढ़ रहा है, हाल के वर्षों में वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि इसे भी अधिक तत्परता से निपटा जाना चाहिए।

पर्यावरण

एशियन किंग गिद्धों के लिए दुनिया का पहला संरक्षण और प्रजनन केंद्र

- उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के महाराजगंज में एशियन किंग गिद्धों या लाल सिर वाले गिद्धों के लिए दुनिया का पहला संरक्षण और प्रजनन केंद्र स्थापित करेगी।
- यह केंद्र 2007 से IUCN की लाल सूची में सूचीबद्ध क्रिटिकल एंडेंजर्ड प्रजाति एशियन किंग वल्चर की आबादी को बढ़ाने में मदद करेगी।
- इस केंद्र का नाम जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र Jatayu Conservation and Breeding Centre) है।
- एशियन किंग गिद्ध अपने हैबिटैट के नुकसान और मवेशियों में डिक्लोफेनाक, नामक दर्दनाशक दवा के अत्यधिक उपयोग के कारण लुप्त होने के कगार पर पहुँच चुके हैं। यह दवा गिद्धों के लिए जहरीला साबित हो रही है।
- वैसे इस दवा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नई दिल्ली में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ किया। भारत में धरती को माँ माना जाता है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान भूमि क्षरण, मिट्टी के कटाव और गिरते जल स्तर को रोकने के लिए वनीकरण द्वारा पृथ्वी के पर्यावरण की सुरक्षा का प्रतीक है।

न्यूजीलैंड सरकार ने पशुधन 'बर्प टैक्स' समाप्त किया

- न्यूजीलैंड सरकार ने पशुधन से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर कर लगाने की 'बर्प टैक्स' Burp tax) योजना को समाप्त करने की घोषणा की है। बर्प टैक्स को अक्टूबर 2022 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जेसिंडा एडर्न के कार्यकाल में लगाया गया था।
- बर्प टैक्स की शुरुआत के बाद पूरे देश में किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य जुगाली करने वाले जानवरों से मीथेन उत्सर्जन को कम करना था।
- जुगाली करने वाले जानवर ruminant species) वास्तव में खुर वाले चरने वाले शाकाहारी जानवर हैं जो जुगाली करते हैं। गाय, भेड़, बकरी और भैंस जैसे जुगाली करने वाले जानवरों में एक विशेष प्रकार का पाचन तंत्र होता है जो उन्हें ऐसे आहार को तोड़ने और पचाने में सहायता करता है जिसे जुगाली नहीं करने वाले जानवर पचाने में असमर्थ होंगी।
- जुगाली करने वाले जानवरों के पेट में चार कम्पार्टमेंट होते हैं, जिनमें से एक, रुमेन, उन्हें आंशिक रूप से पचने वाले भोजन को संग्रहित करने और इसे पाचन करने में मदद करता है।

नागी और नकटी बर्ड सैंक्चुअरीज को रामसर साइट घोषित किया गया

- बिहार की नागी और नकटी बर्ड सैंक्चुअरीज Nagi and Nakti Bird Sanctuaries को रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्व के वेटलैंड्स के रूप में मान्यता दी गई है।
- बिहार के जमुई जिले में स्थित इन दोनों वेटलैंड्स को संरक्षित क्षेत्र माना जाता है। रामसर कन्वेंशन में शामिल होने के साथ, भारत में रामसर वेटलैंड्स की कुल संख्या 82 हो गई है।
- बेगूसराय जिले में कंवर झील को 2020 में बिहार के पहले रामसर स्थल Ramsar Site के रूप में नामित किया गया था। नागी और

नकटी पक्षी अभयारण्य मानव निर्मित वेटलैंड्स पर बनाए गए हैं और विभिन्न प्रकार के वनस्पतियों और जीवों, विशेष रूप से पक्षियों के झुंड के लिए एक प्राकृतिक आश्रय प्रदान करते हैं।

- दोनों पक्षी अभयारण्य मानव निर्मित वेटलैंड्स हैं जिन्हें मुख्य रूप से नकटी बांध के निर्माण के माध्यम से सिंचाई के लिए विकसित किया गया था।
- प्रवासी पक्षी प्रजातियों के लिए इसके महत्व के कारण, नागी साइट को स्थानीय रूप से 1984 में पक्षी अभयारण्य के रूप में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बर्डलाइफ इंटरनेशनल द्वारा एक महत्वपूर्ण पक्षी और जैव विविधता क्षेत्र (Important Bird and Biodiversity Area: IBA) के रूप में मान्यता दी गई थी।
- रामसर कन्वेंशन आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है और इस पर 1971 में ईरानी शहर रामसर में हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत की सबसे बड़ी तेंदुआ सफारी

- हाल ही में , कर्नाटक के बेंगलुरु में बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान बीबीपी) में भारत की सबसे बड़ी तेंदुआ सफारी का उद्घाटन किया गया।
- बीबीपी में तेंदुआ सफारी 20 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। इसमें प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले चट्टानी ढांचे और आंशिक रूप से पर्णपाती जंगलों के साथ एक लहरदार इलाका है , और वर्तमान में यह 8 तेंदुओं का घर है।
- बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान (बीबीपी) को 2004 में बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान से अलग कर दिया गया और 1974 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा प्राप्त हुआ।
- यह स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले तेंदुओं पेंथेरा पार्डस) का घर है।
- इसमें चार खंड हैं: चिड़ियाघर , सफारी , तितली पार्क और बचाव केंद्र।

भारत का पहला बायोस्फीयर टाइगर रिज़र्व के भीतर राजाजी नेशनल पार्क में बनाया गया।

- जय धर गुप्ता और विजय धस्माना टाइगर रिज़र्व के भीतर भारत का पहला बायोस्फीयर बनाने की परियोजना पर काम कर रहे हैं।
- राजाजी राघाटी बायोस्फीयर आरआरबी) उत्तराखंड में राजाजी नेशनल पार्क के भीतर 35 एकड़ का निजी जंगल है।
- जय धर गुप्ता और विजय धस्माना और उनकी टीम ने उपयुक्त देशी पौधों की प्रजातियों की पहचान करने के लिए व्यापक सर्वेक्षण किए, खासकर उन दुर्लभ या लुप्तप्राय प्रजातियों की जो इस क्षेत्र में हैं।
- पौधरोपण का पहला चरण 2023 में लगभग 80 प्रजातियों के साथ शुरू किया गया था।
- आगामी मानसून के मौसम में, बायोस्फीयर में अतिरिक्त 35 से 40 नई प्रजातियाँ लगाई जाएँगी।
- जय और विजय पश्चिमी घाट में दूसरा बायोस्फीयर बनाने पर भी काम कर रहे हैं।

12 महत्त्वपूर्ण दिवस

1 जून: विश्व दुग्ध दिवस

- प्रत्येक वर्ष 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस (World Milk Day) के रूप में मनाया जाता है।
- यह दिवस आर्थिक विकास, आजीविका और पोषण में दुग्ध उत्पादों के महत्वपूर्ण योगदान के प्रति लोगों में जागरुकता फ़ैलाने के लिए मनाया जाता है।
- इस वर्ष यानी 2024 के विश्व दूध दिवस का मुख्य विषय थीम)- 'डेयरी और लोगों को स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने में इसकी भूमिका' (dairy milk and other milk products and its role in giving people the nutrients they need to stay healthy) है।
- विश्व दुग्ध दिवस को मनाये जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन FAO) ने किया था। पूरे विश्व में पहली बार विश्व दुग्ध दिवस 2001 में मनाया गया था।
- भारत में 26 नवंबर को वर्गीज कुरियन के जन्मदिन पर राष्ट्रीय दुग्ध दिवस (National Milk Day) मनाता है।
- कुरियन को भारत में दुग्ध क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है।
- देश में दूध के उत्पादन में वृद्धि के लिए 1970 में उनके नेतृत्व में ऑपरेशन फ्लड Operation Flood) शुरू किया गया था।

1 जून: वैश्विक अभिभावक दिवस

- प्रत्येक वर्ष 1 जून को वैश्विक अभिभावक दिवस Global Day of Parents) मनाया जाता है।
- इस दिवस को मनाने का उदेश्य माता-पिता के प्रति सम्मा ेन प्रकट करना है।
- इस वर्ष वैश्विक अभिभावक दिवस 2024 का मुख्य विषय थीम)- 'चंचल पालन-पोषण का वादा' The Promise of Playful Parenting) है।
- वर्ष 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली जून को इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।
- 2 जून 2024: तेलंगाना का स्थापना दिवस
- प्रत्येक वर्ष 2 जून को तेलंगाना राज्य अपना स्थापना दिवस (Telangana Formation day) मनाता है।
- वर्ष 2014 में इसी दिन आंध्रप्रदेश का विभाजन कर तेलंगाना भारत का 29वाँ राज्य बना था।
- इस वर्ष यानी 2024 में तेलंगाना ने अपना 10वां स्थारपना दिवस मनाया।

तेलंगाना राज्य

- तेलंगाना, दक्षिणी भारत में स्थित भारत का एक राज्य है। 'तेलंगाना' शब्द का अर्थ है- 'तेलुगूभाषियों की भूमि'।
- 2014 में संसद की मंजूरी के बाद आन्ध्र प्रदेश राज्य से अलग होकर तेलंगाना औपचारिक तौर पर भारत का 29वाँ राज्य था।
- विभाजन के समय हैदराबाद को दस साल के लिए तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की संयुक्त राजधानी बनाया गया था।

3 जून 2024: विश्व साइकिल दिवस

- प्रत्येक वर्ष 3 जून को दुनियाभर में 'विश्व साइकिल दिवस' (World Bicycle Day) मनाया जाता है।
- यह दिवस परिवहन के एक सरल, किफायती, भरोसेमंद और पर्यावरण की सुरक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- इस वर्ष 'विश्व साइकिल दिवस 2024' का मुख्य विषय थीम) 'साइकिल चलाने के माध्यम से स्वास्थ्य, समानता और स्थिरता को बढ़ावा देना' (Promoting Health, Equity, and Sustainability through Cycling) है।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहला आधिकारिक विश्व साइकिल दिवस 3 जून, 2018 को मनाया गया था।
- इस प्रकार इस वर्ष यानी 2024 में 7वां विश्व साइकिल दिवस मनाया गया।

5 जून 2024: विश्व पर्यावरण दिवस

- प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस World Environment Day) मनाया जाता है।
- दुनियाभर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए यह दिवस मनाया जाता है ताकि प्रकृति और पृथ्वी की रक्षा के लिए रचात्मक कदम उठाए जा सकें।
- वर्ष 2024 में विश्व पर्यावरण दिवस की 51वीं वर्षगांठ है।
- 2024 के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता' Land restoration, desertification and drought resilience) है।
- हर साल विश्व पर्यावरण दिवस की मेज़बानी विश्व का एक अलग देश करता है, जहां औपचारिक समारोह आयोजित होते हैं। भारत ने पहली बार वर्ष 2018 के विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की मेजवानी की थी।
- वर्ष 2024 में विश्व पर्यावरण दिवस की 51वीं वर्षगांठ है और इस वर्ष सऊदी अरब इसकी मेजबानी कर रहा है।

6 जून: संयुक्त राष्ट्र रूसी भाषा दिवस, रूसी कवि अलेक्सांद्र पुश्किन का जन्मदिन

- प्रत्येक वर्ष 6 जून को संयुक्त राष्ट्र रूसी भाषा दिवस UN (Russian Language Day) मनाया जाता है।
- भाषा दिवस को मनाने का उद्देश्य बहु-भाषावाद तथा सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना है।

रूसी कवि अलेक्सांद्र पुश्किन का जन्मदिन

- रूसी भाषा दिवस महान रूसी कवि अलेक्सांद्र पुश्किन के जन्मदिन पर मनाया जाता है।
- उन्हें आधुनिक रूसी साहित्य का जनक माना जाता है।
- पुश्किन की सबसे प्रसिद्ध कविता 'ओड टू लिबर्टी' Ode to Liberty) है।
- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन UNESCO) ने उनके जन्मदिन दिन को रूसी भाषा दिवस के तौर पर चुना।

संयुक्त राष्ट्र 6 आधिकारिक भाषाओं के लिए अलग-अलग दिवस

- संयुक्त राष्ट्र भाषा दिवस का शुभारंभ यूनेस्को UNESCO) द्वारा वर्ष 2010 में किया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र के 6 आधिकारिक भाषाएं हैं। इन 6 आधिकारिक भाषाओं के लिए अलग-अलग दिवस निश्चित किये गये हैं:
  - 1. अरबी भाषा: 18 दिसम्बर
  - 2. चीनी भाषा: 20 अप्रैल
  - 3. अंग्रेजी भाषा: 23 अप्रैल
  - 4. स्पेनिश भाषा: 23 अप्रैल
  - 5. फ्रेंच भाषा: 20 अप्रैल
  - 6. रूसी भाषा: 6 जून

7 जून: खाद्य सुरक्षा दिवस

- प्रत्येक वर्ष 7 जून को 'विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस' World Food Safety Day) मनाया जाता है।
- यह दिवस खाद्य सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य, आर्थिक समृद्धि, कृषि, बाजार पहुंच, पर्यटन और सतत विकास में योगदान की ओर ध्यान आकर्षित करने और कार्रवाई के लिए प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है।
- इस वर्ष विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस का मुख्य विषय थीम)- 'खाद्य सुरक्षा: अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें' Food Safety: Prepare for the Unexpected) है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2018 में खाद्य एवं कृषि संगठन FAO) के सहयोग से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाये जाने की घोषणा की थी।
- पहला विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 7 जून 2019 को मनाया गया था। इस वर्ष छठा विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया गया।

8 जून: विश्व महासागर दिवस

- प्रत्येक वर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस World Oceans Day) मनाया जाता है।
- महासागरों के महत्व को जानने, समझने और महासागरों में बढ़ते प्रदूषण के खतरों और उनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है।
- वर्ष 2024 में इस दिवस का मुख्य विषय थीम) 'नई गहराइयों को जगाओ' Awaken New Depths) है।
- संयुक्त राष्ट्र संघ ने आधिकारिक तौर पर इस दिवस को मनाने की मान्यता वर्ष 2008 में दी थी।
- पहला विश्व महासागर दिवस 8 जून, 2009 को मनाया गया था।

12 जून: विश्व बाल-श्रम निषेध दिवस

- प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बालश्रम निषेध दिवस World Day Against Child Labour) मनाया जाता है।
- बाल मज़दूरी Child Labour) के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चोंद को इस काम से निकालकर उन्हेंख शिक्षा दिलाने के उद्देश्यव से यह दिवस मनाया जाता है।
- वर्ष 2024 में 'विश्व बाल-श्रम निषेध दिवस' की थीम- 'आइये अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें: बाल श्रम समाप्त करें!' Let's act on our commitments: End Child Labour!) है।
- इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन ILO) ने विश्व बालश्रम निषेध दिवस की शुरुआत वर्ष 2002 में की थी।
- ILO के मुताबिक आज भी 152 मिलियन बच्चे मज़दूरी करते हैं। बाल मज़दूर हर क्षेत्र में मौजूद हैं, वहीं 10 में से 7 बच्चे खेतों में काम करते हैं।

भारत में बाल श्रम से संबंधित संवैधानिक प्रावधान और कानूनी प्रयास

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 के अनुसार देश में संविधान लागू होने के 10 साल के भीतर राज्य 14 वर्ष तक की उम्र के सभी बच्चों को मुफ़्त और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रयास करेंगे।
- बाल श्रम भारतीय संविधान के समवर्ती सूची Concurrent List) का विषय है। इस सूची के अन्त र्गत दिए गए विषय पर केंद्र एवं राज्य दोनों सरकारें कानून बना सकती हैं। परंतु कानून के विषय समान होने पर केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया कानून ही मान्य होता है।
- बाल श्रम निषेध व नियमन) कानून 1986 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के जीवन और स्वास्थ्य के लिये अहितकर कार्य को निषिद्ध करता है। फैक्टरी कानून 1948, 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नियोजन को निषिद्ध करता है।

13 जून: अंतरराष्ट्रीय एल्बिनिज्म जागरूकता दिवस

- प्रत्येक वर्ष 13 जून को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय एल्बिनिज्म जागरूकता दिवस' International Albinism Awareness Day) मनाया जाता है।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य एल्बिनिज्म रंगहीनता) के शिकार लोगों से विश्व में होने वाले भेद-भाव के विरुद्ध जागरूकता फैलाना है।
- वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय एल्बिनिज्म जागरूकता दिवस की थीम मुख्य विषय)- 'आईएएडी के 10 वर्ष: सामूहिक प्रगति का एक दशक' 10 Years of IAAD: A Decade of Collective Progress) हैं।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 13 जून को इस दिवस को मनाने की घोषणा 18 दिसंबर, 2014 को की थी।
- पहला अंतरराष्ट्रीय एल्बिनिज्म जागरूकता दिवस 13 जून 2015 को मनाया गया।

एल्बिनिज्म Albinism)

- एल्बिनिज्म या रंगहीनता एक जन्मजात बीमारी है, जो त्वचा, बाल और आंखों में मेलानिन Pigment Melanin) की कमी के कारण होता है।
- इससे प्रभावित लोगों की त्वचा पर सफ़ेद धब्बे होते हैं अथवा कई बार पूर्ण त्वचा ही सफ़ेद हो जाती है।

14 जून: विश्व रक्तदान दिवस, नोबल प्राइज विजेता कार्ल लैंडस्टेनर की जयंती

- प्रत्येक वर्ष 14 जून को 'विश्व रक्तदान दिवस' World Blood Donor Day) मनाया जाता है।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य सुरक्षित रक्त की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और रक्त-दाताओं के सुरक्षित जीवन-रक्षक रक्त के दान करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते हुए आभार व्यक्त करना है।
- वर्ष 2024 में विश्व रक्तदान दिवस का मुख्य विषय थीम) 'दान का उत्सव मनाने के 20 वर्ष: रक्तदाताओं को धन्यवाद!' 20 years of celebrating giving: thank you blood donors!) है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO) ने प्रत्येक वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा 2004 में की थी।
- पहली बार विश्व रक्तदान दिवस 14 जून 2004 को मनाया गया था।
- 14 जून को नोबल प्राइज विजेता कार्ल लैंडस्टेनर की जयंती पर यह दिवस मनाया जाता है।
- कार्ल लैंडस्टेनर को ब्लड ग्रुप सिस्टम खोजने का श्रेय जाता है।
- ब्लड ग्रुप्स का पता लगाने के लिए कार्ल लैंडस्टेनर को 1930 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

WHO ने आठ वैश्विक स्वास्थ्य अभियान घोषित किया है

- विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO) ने विश्व रक्तदाता दिवस सहित आठ वैश्विक स्वास्थ्य अभियान घोषित किया है। अन्य स्वास्थ्य अभियानों में विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च), विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल), विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल), विश्व टीकाकरण सप्ताह अप्रैल का अंतिम सप्ताह), विश्व तंबाकू दिवस 31 मई), विश्व हेपेटाइटिस दिवस 28 जुलाई) और विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर) हैं।

15 जून: विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस

- प्रत्येक वर्ष 15 जून को दुनिया भर में 'विश्व बुजुर्ग दुर्व्य वहार रोकथाम जागरूकता दिवस' World Elder Abuse Awareness Day) मनाया जाता है।
- यह दिवस बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यिवहार की रोकथाम के लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- वर्ष 2024 में बुजुर्ग दुर्व्यैवहार रोकथाम जागरूकता दिवस 'आपातकालीन स्थितियों में वृद्ध व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित करना' Spotlight on Older Persons in Emergencies) थीम पर मनाया गया।
- संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2011 में इस दिवस को मान्यता दी थी। पहला 'विश्व बुजुर्ग दुर्व्युवहार रोकथाम जागरूकता दिवस' 15 जून 2012 को मनाया गया था।

17 जून: विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम दिवस

- प्रत्येक वर्ष 17 जून को 'विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम दिवस' World Day to Combat Desertification and Drought) मनाया जाता है।
- इस दिवस का उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग से बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए जन जागरुकता को बढ़ावा देना है।
- वर्ष 2024 में इस दिवस का मुख्य विषय थीम)– 'भूमि के लिए एकजुट। हमारी विरासत। हमारा भविष्य' United for Land! Our Legacy! Our Future) है।
- वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मरुस्थलीकरण रोकथाम कन्वेंशन के कार्यान्वयन के लिए विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस की घोषणा की थी।
- पहला विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम दिवस WDCD) वर्ष 1995 से मनाया गया था।
- मरुस्थलीकरण जमीन के अनुपजाऊ हो जाने की प्रक्रिया है। जलवायु परिवर्तन तथा मानवीय गतिविधियों समेत अन्य कई कारणों से शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और निर्जल अर्द्ध-नम इलाकों की जमीन मरुस्थल या रेगिस्तान में बदल जाती है। इससे जमीन की उत्पादन क्षमता में कमी और ह्रास होता है।
- वर्तमान में समस्त विश्व के कुल क्षेत्रफल का 20 प्रतिशत मरुस्थलीय भूमि के रूप में है। जबकि सूखाग्रस्त भूमि कुल वैश्विक क्षेत्रफल का एक तिहाई है।

17 जून: विश्व मगरमच्छ दिवस

- विश्व मगरमच्छ दिवस World Crocodile Day) 17 जून, 2024 को मनाया गया।
- बता दें कि वर्ष 2024 में भारत की मगरमच्छ संरक्षण परियोजना Crocodile Conservation Project) के 50 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं।
- 1975 में भारत ने ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में मगरमच्छ संरक्षण परियोजना शुरू की थी, जो कनिका रियासत के राजाओं का पूर्व शिकारगाह था।
- चूंकि ओडिशा में भारतीय मगरमच्छों की तीनों प्रजातियां पाई जाती हैं, इसलिए घड़ियाल और खारे पानी के मगरमच्छ संरक्षण कार्यक्रम को सबसे पहले 1975 की शुरुआत में ओडिशा में लागू किया गया था और उसके बाद मगर संरक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया था।

18 जून: ऑटिस्टिक प्राइड डे

- प्रत्येक वर्ष 18 जून को 'ऑटिस्टिक प्राइड डे' Autistic Pride Day) मनाया जाता है।
- इसका उद्देश्य यह जागरुकता लाना है कि ऑटिज्म कोई रोग नहीं बल्कि स्नायु तंत्र का विकार है जिसके कारण व्यक्ति के व्यवहार और सामाजिक संपर्क में असंतुलन आ जाता है।
- ऑटिस्टिक प्राइड डे 2024 का थीम 'मुखौटा उतारना' Taking the Mask Off) है।

- इस दिन को एक इंद्रधनुष अनंत प्रतीक द्वारा दर्शाया जाता है, जो ऑटिस्टिक लोगों की अनंत संभावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष 2 अप्रैल को 'विश्व ऑटिज्म दिवस' मनाया जाता है। यह संयुक्त राष्ट्र के 7 आधिकारिक स्वास्थ्य विशिष्ट दिनों में से एक है।

ऑटिज्म

- यह एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है जो बातचीत और दूसरे लोगों से व्यवहार करने की क्षमता को सीमित कर देता है।
- हर एक बच्चे में इसके अलग-अलग लक्षण होते हैं। कुछ बच्चे बहुत जीनियस होते हैं। कुछ को सीखने-समझने में भी परेशानी होती है। 40 प्रतिशत ऑटिस्टिक बच्चे बोल नहीं पाते।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO) के आंकड़ों के मुताबिक 160 में से एक बच्चा ऑटिस्टिक है।

19 जून: विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस

- प्रत्येक वर्ष 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस World Sickle Cell Day) मनाया जाता है।
- यह दिन सिकल सेल रोग, इसके उपचार के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में इस रोग पर प्रभावी नियंत्रण पाने के लिए मनाया जाता है।
- विश्व सिकल सेल दिवस 2024 का थीम विषय)- प्रगति के माध्यम से आशा: विश्व स्तर पर सिकल सेल देखभाल को आगे बढ़ाना Hope Through Progress: Advancing Sickle Cell Care Globally) था।
- संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा वर्ष 2008 में की गई थी।
- पहला विश्व सिकल सेल दिवस वर्ष 2009 में मनाया गया था।

सिकल सेल रोग

- सिकल सेल रोग SCD) एनीमिया रक्ताल्पता) लाल रक्त कणिकाएं RBC) की एक प्रमुख वंशानुगत असामान्यता है।
- सामान्य अवस्था में RBC गोलाकार होती है और उनका जीवनकाल 120 दिन तक होता है। परन्तु सिकल सेल रोग में RBC का आकार अर्धचंद्र/हंसिया sickle) की तरह होता है और इनका जीवनकाल मात्र 10-20 तक ही होता है।
- ये असामान्य आकार की RBC कठोर और चिपचिपी हो जाती हैं और रक्त वाहिकाओं में फंस जाती हैं, जिससे शरीर के कई हिस्सों में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह कम या रुक जाता है।
- यह RBC के जीवन काल को भी कम करता है तथा एनीमिया का कारण बनता है, जिसे सिकल सेल एनीमिया रक्ताल्पता) के नाम से जाना जाता है। इस रोग से पीड़ित व्यक्ति को बार-बार ब्लड ट्रांसफ्यूज़न की ज़रुरत पड़ती है।

सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 जुलाई 2023 को मध्यप्रदेश के शहडोल जिले से राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 का शुभारंभ किया गया था।

20 जून: विश्व् शरणार्थी दिवस

- प्रत्येक वर्ष 20 जून को विश्वथ शरणार्थी दिवस World Refugee Day) मनाया जाता है।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य शरणार्थियों के संघर्ष और योगदान को याद करना है।
- वर्ष 2024 में विश्व शरणार्थी दिवस का मुख्य विषय थीम)- 'एक ऐसे विश्व के लिए जहां शरणार्थियों का स्वागत किया जाता है' For a World Where Refugees Are Welcomed) है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा UNGA) ने प्रत्येक वर्ष विश्व शरणार्थी दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा 2000 में की थी।
- इसे दिवस घोषित करने से पहले 20 जून को कई देशों में अफ्रीकी शरणार्थी दिवस औपचारिक रूप से मनाया गया था।

शरणार्थी Refugee)

- शरणार्थी यानि शरण में उपस्थित असहाय, लाचार, निराश्रय तथा रक्षा चाहने वाले व्यक्ति या उनके समूह को कहते हैं।
- इस प्रकार वह व्यक्ति विशेष या उनका समूह जो किसी भी कारणवश अपना घरबार या देश छोड़कर अन्यत्र के शरणांगत हो जाता है, वह शरणार्थी कहलाता है।
- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद UNHRC) के अनुसार, विश्व में सबसे अधिक 6.6 मिलियन, 68%) शरणार्थी सीरिया से हैं।
- इसके बाद वेनेजुएला 3.7 मिलियन), अफगानिस्तान 2.7 मिलियन), दक्षिण सूडान 2.2 मिलियन) और म्यांमार 1.1 मिलियन) देशों से हैं।

21 जून: विश्व संगीत दिवस

- प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व संगीत दिवस World Music Day) मनाया जाता है।
- इस दिवस का उद्देश्य लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे।
- विश्व संगीत दिवस को 'फेटे डी ला म्यूजिक' Fête de la Musique) के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ म्यूजिक फेस्टिवल है।
- विश्व संगीत दिवस की शुरुआत सन 1982 में फ्रांस में हुई थी जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है।

21 जून: विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस

- प्रत्येक वर्ष 21 जून को ही 'विश्व हाइड्रोग्राफी डे' World Hydrography Day) मनाया जाता है।
- यह दिवस हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण और जल के महत्व को प्रचारित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- यह दिवस एक वार्षिक उत्सव के रूप में अंतरराष्ट्रीय जल सर्वेक्षण संगठन International Hydrographic Organization) द्वारा अपनाया गया था।

हाइड्रोग्राफी

- हाइड्रोग्राफी पृथ्वी पर मौजूद नदी, झील तालाब और समुद्र के जलभंडार का विवरण देता है। इसका प्रमुख उद्देश्य नेविगेशन जहाज और नाव के संचालन) में सुबिधा के लिए डेटा उपलब्ध करना है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024: 21 जून

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है।
- यह योग के विभिन्न लाभों को पहचानने और योग को जीवन के हिस्से के रूप में बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।
- इस साल दुनिया भर में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का विषय "स्वयं और समाज के लिए योग" है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा यूएनजीए) ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के लिए 11 दिसंबर 2014 को एक प्रस्ताव अपनाया।
- 21 जून को योग दिवस के रूप में चुना गया क्योंकि यह उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन है और दुनिया के कई लोगों के लिए इसका बहुत महत्व है।
- यह दिन पहली बार 2015 में "सद्भाव और शांति" थीम के साथ मनाया गया था।
- योग एक प्राचीन अभ्यास है जो न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य से भी संबंधित है।
- योग को 2016 में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया गया।
- 2024 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में डल झील के तट पर मनाया गया।

23 जून: संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस

- प्रत्येक वर्ष 23 जून को 'संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस' United Nations Public Service Day) मनाया जाता है।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों में सार्वजनिक सेवा के मूल्य और गुणों के बारे में जागरूक करना है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष '23 जून' को संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा दिसंबर 2002 में की थी।
- इस दिन संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- यह पुरस्कार लोक सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाने वाला अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित पुरस्कार है।
- भारत में सिविल सेवा दिवस प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को मनाया जाता है।

23 जून: अंतर्राष्ट्री य ओलिम्पिक दिवस

- प्रत्येक वर्ष 23 जून को अंतर्राष्ट्री य ओलिम्पिक दिवस International Olympic Day) मनाया जाता है।
- यह दिवस पूरे विश्वा में किसी भी भेद-भाव को दरकिनार करते हुए विभिन्नर खेलों में सहभागिता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।
- इस वर्ष यानी 2024 में इस दिवस का थीम 'Let's Move and Celebrate' था।
- पेरिस में 23 जून 1894 को आयोजित आधुनिक ओलिम्पिक खेलों की शुरूआत के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक समिति ने सभी राष्ट्रीय ओलिम्पिक समितियों NOC) को ओलिम्पिक दिवस आयोजित करने की सिफारिश 1978 में की थी।
- इसका उद्देश्य ओलिम्पिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना है।

अन्तर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक समिति

- अन्तर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक समिति IOC) की स्थापना 23 जून 1894 को पियरे डी कुबरटिन और डेमेत्रियोस विकेलस ने की थी।
- इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लॉसेन में है।
- यह ओलिम्पिक खेलों के आयोजन के लिए एक नियामक संस्था है।

23 जून: अन्तर्राष्ट्रीय विधवा दिवस

- प्रत्येक वर्ष 23 जून को अन्तर्राष्ट्रीय विधवा दिवस International Widows Day) के रूप में मनाया जाता है।
- यह दिवस विधवा महिलाओं की समस्याओं के प्रति समाज में जागरुकता फ़ैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- इस वर्ष का थीम 'अदृश्य महिलाएं, अदृश्य समस्याएं' Invisible Women, Invisible Problems) था।
- संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 23 जून को अन्तर्राष्ट्रीय विधवा दिवस घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसकी घोषणा 2010 में की थी।

27 जून: अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस

- 27 जून 2024 को "अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस" International MSME Day मनाया गया।
- इस वर्ष यह दिवस "MSME और SDG" थीम के साथ मनाया गया।
- बता दें कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति में MSME के अधिक योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय MSME दिवस रूप में नामित किया था।
- MSME दुनिया भर में 90% व्यवसायों, 60 से 70% रोजगार और 50% सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- संयुक्त राष्ट्र के आँकड़े बताते हैं कि MSME किसी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर नए उद्यमियों को जोड़ता है तथा युवाओं, कामकाजी वर्ग, महिलाओं और अन्य लोगों को आय अर्जित करने के अवसर प्रदान करता है।
- केंद्रीय MSME मंत्रालय की वित्तीय वर्ष 23 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 63 मिलियन से अधिक MSME हैं। यह संख्या केवल चीन से कम है जिसके पास 140 मिलियन सूक्ष्म और लघु उद्यम हैं।
- ये MSME भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 30 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत का योगदान देते हैं तथा देश भर में 110 मिलियन से अधिक नौकरियां पैदा की हैं।
- 29 जून: राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस, पीसी महालानोबिस की जयंती
- प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस National Statistics Day) मनाया जाता है।

- इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य सामाजिक आर्थिक योजना में सांख्यिकी की भूमिका तथा देश के विकास में नीति नियमन विशेष रूप से युवा पीढ़ी में जागरूकता लाना है।
- 29 जून 2024 को 18वां सांख्यिकी दिवस मनाया गया। सांख्यिकी दिवस 2024 का मुख्य विषय थीम)- 'निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग' Use of Data for Decision Making) है।

UN ने 2025 को 'अंतर्राष्ट्रीय क्वांटम विज्ञान और प्रौद्योगिकी वर्ष' घोषित किया

- संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को 'अंतर्राष्ट्रीय क्वांटम विज्ञान और प्रौद्योगिकी वर्ष' International Year of Quantum Science and Technology) घोषित किया है।
- वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय क्वांटम विज्ञान और प्रौद्योगिकी वर्ष के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि 2025 में क्वांटम मैकेनिक्स के प्रारंभिक विकास के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं।
- संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि यह पहल "साल भर चलने वाली", "विश्वव्यापी" होगी और इसे "क्वांटम विज्ञान और इसके उपयोग के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी स्तरों पर गतिविधियों के माध्यम से मनाया जाएगा।"
- सर्वप्रथम मई 2023 में मेक्सिको ने इसके लिए एक प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश किया था और जल्द ही अन्य देशों ने भी इसमें भाग लिया।
- क्वांटम कंप्यूटर की बदौलत क्वांटम विज्ञान और प्रौद्योगिकी हाल ही में आम बोलचाल और मुद्दों में अधिक बार दिखाई दे रही है। हालाँकि इस प्रकार की पूरी तरह से चालू मशीनें अभी तक मौजूद नहीं हैं, लेकिन शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि जल्द ही ऐसी मशीनें हकीकत में दिखने लगेंगी।
- दरअसल क्वांटम मेकेनिक्स भौतिकी का वह क्षेत्र है जो बताता है कि कैसे अत्यंत छोटी वस्तुओं में एक साथ कण यानी पार्टिकल पदार्थ के छोटे टुकड़े) और तरंग यानी वेव ऊर्जा स्थानांतरित करने वाली हलचल या भिन्नता) दोनों की विशेषताएं होती हैं। भौतिक विज्ञानी इसे "तरंग-कण द्वैत" wave-particle dualityl) कहते हैं।

13 सार - योजना - कुरुक्षेत्र

योजना

भारतीय इतिहास में किलों की भूमिका

- किले, किलेबंदी और महल भारत की निर्मित विरासत में सबसे प्रचुर प्रकार की संरचनाओं में से एक हैं। किलेबंदी विभिन्न ऐतिहासिक कालखंडों से लेकर सदियों से विभिन्न राजवंशों द्वारा निर्मित हैं। इनमें से अधिकांश सल्तनत और मुगल शाही शासन, मराठा साम्राज्य, साथ ही क्षेत्रीय राजवंशों राजपूत, सिख, काकतीय, बहमनी, कुतुब शाही या असम क्षेत्र में अहोम राजवंश के प्रसार को दर्शाते हैं। भारत के तटीय क्षेत्र में कुछ पुर्तगाली और ब्रिटिश युग के किलेबंदी भी हैं।

किला

- अर्थ: एक मजबूत सुरक्षात्मक इमारत या दीवार, लकड़ी की बाड़ या बाड़ वाला स्थान जो अक्सर एक ,\खाई, गहरी खाई, या किलेबंद दीवारों की आगे की पंक्तियों द्वारा संरक्षित होता है, जिसकी रक्षा योद्धाओं द्वारा की जाती है।
- निर्माण का कारण: किले किसी कस्बे, शहर या राज्य की राजधानी द्वारा उपयोग की जाने वाली रक्षात्मक विशेषताओं के साथ-साथ सामान्य भूभाग अर्थात राज्य के समग्र सांस्कृतिक और सैन्य परिदृश्य को भी जोड़ते हैं।
- **प्रारंभिक दुर्गों और संरक्षित गढ़ों के लिए प्रयुक्त विधियाँ:**
  - संरक्षण की आवश्यकता वाले क्षेत्रों के दोनों ओर स्थित सुरक्षात्मक सूखी खाइयों या खाइयों से खोदी गई मिट्टी का उपयोग करके मिट्टी के प्राचीर का निर्माण करना।
  - मलबे और मिट्टी का उपयोग करके बड़ी और ऊंची सुरक्षात्मक प्राचीर बनाना, जिसके बाहरी भाग पर अतिरिक्त मिट्टी डाली जाए।
  - पत्थर और चिनाई से किले और दुर्गों का निर्माण
- **किलों के प्रारंभिक पुरातात्विक साक्ष्य:**
  - **आद्य-ऐतिहासिक हड़प्पा संस्कृति:** लोथल, राखीगढ़ी, धोलावीरा, कालीबंगा, हड़प्पा, बनावली जैसे स्थलों पर पकी हुई ईंट और कच्ची मिट्टी की ईंटों का उपयोग द्वारों, बुर्जों और संरक्षित प्रवेश द्वारों वाले गढ़ों के लिए किया गया था।
  - **16 महा-जनपद:** किले की दीवारों और बुर्जों के अवशेष मगध की प्राचीन पहाड़ी-संरक्षित राजधानी राजगृह, जो पाटलिपुत्र से भी पहले की है, कौशांबी, जिसकी दीवारें पकी हुई ईंटों से बनी हैं, और चंद्रकेतुगढ़ जैसे पुरातात्विक स्थलों पर देखे जा सकते हैं।

कौटिल्य के तीसरी शताब्दी के ग्रंथ 'अर्थशास्त्र' के अनुसार किलों का वर्गीकरण

1. **जल-दुर्ग, या जल किला: इसके निम्नलिखित उप-प्रकार हैं:**
   - अंतरद्वीप-दुर्ग (द्वीप किला): प्राकृतिक (समुद्र या नदी) जल निकायों (जैसे मुरुद-जंजीरा) से घिरा हुआ।
   - स्थल-दुर्ग (सादा किला): कृत्रिम खाइयों से घिरा हुआ या नदी द्वारा सिंचित (जैसे गागरोन, डीग, लोहागढ़ और शेरगढ़ - सभी राजस्थान में)।
2. **धान्वन, या मरु-दुर्ग या रेगिस्तानी किला:** कम से कम 5 योजन (73 किमी) के शुष्क क्षेत्र से घिरा हुआ। उदाहरण के लिए, जैसलमेर, लोद्रवा और भटनेर (हनुमानगढ़)।
3. **गिरि-दुर्ग, या पहाड़ी किला:** इसके निम्नलिखित उप-प्रकार हैं:
   - प्रांतर-दुर्ग: समतल पहाड़ी शिखर पर स्थित (चित्तौड़गढ़, ग्वालियर की तरह)।
   - गिरि-पार्श्व-दुर्ग: किले और नागरिक संरचनाएं पहाड़ी की ढलान तक फैली हुई हैं, न कि केवल शिखर तक (जैसे बूंदी का तारागढ़ और अजमेर का तारागढ़ किला)।
   - गुहा-दुर्ग: पहाड़ियों से घिरी घाटी में स्थित, जहां चौकियां और सिग्नल टावर स्थित हैं।
4. **वन-दुर्ग (वन किला):** रणथंभौर की तरह कम से कम 4 कोश (14.6 किमी) की दूरी तक घने जंगल से घिरा हुआ, जिसके निम्नलिखित उप-प्रकार हैं:
   - खंजना-दुर्ग : दलदल पर बना और कांटेदार जंगलों से घिरा हुआ।
   - स्तम्भ-दुर्ग: यह जंगल में ऊंचे वृक्षों के बीच बना है, तथा इसमें पर्याप्त जल स्रोत नहीं है।
5. **माही-दुर्ग (मिट्टी का किला): इनके निम्नलिखित उप-प्रकार हैं:**
   - **मृद-दुर्ग:** मिट्टी की दीवारों से घिरा हुआ।
   - **परिघ-दुर्ग:** मिट्टी की दीवारों के साथ-साथ पत्थर या ईंट की दीवारों से घिरा हुआ।
   - **पंक-दुर्ग:** दलदली भूमि या रेत से घिरा हुआ।
6. **नृ-दुर्ग (सैन्य दुर्ग):** उदाहरण के लिए, नागौर का किला, जिसकी रक्षा अनुभवी योद्धाओं द्वारा की जाती थी और यह अक्सर एक बड़े स्थायी गैरीसन के साथ शहर के किले का हिस्सा होता था।

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के प्रमुख किले

किलों और किलेबंद शहरों का सबसे पहला उल्लेख मेगस्थनीज के लेखों में मिलता है, उसके बाद प्लिनी ने उल्लेख किया है कि आंध्र प्रदेश (जिसमें आधुनिक आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से शामिल हैं) में 30 दीवार वाले शहर और कई गाँव थे। इस अवधि में आंध्र और तेलंगाना दोनों राज्यों में स्थानीय प्रशासनिक सुरक्षा सहित नए किलों का उदय हुआ है। ये सभी किले, जो कभी सत्ता, राजनीति और ताकत के केंद्र थे, समय के इतिहास में समा गए, फिर भी वे उन बीते हुए समाजों के बारे में जानकारी का स्रोत बने हुए हैं।

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के प्रमुख किले	

कोंडापल्ली किला	• स्थान: आंध्र प्रदेश का एनटीआर जिला।
	• विशेषताएँ:
	  • पूर्वी घाट की पहाड़ियों पर निर्मित
	  • दुर्गा दरवाजा और गोलकोंडा दरवाजा नामक दो प्रवेश द्वारों से प्रवेश किया जा सकता है
	  • इंडो-सरसेनिक शैली में निर्मित।
	• 1530 के दशक की शुरुआत में: यह कुतुब शाही शासकों का एक रणनीतिक तटीय किला बन गया।

कोंडावीडु और अड्डंकी किले	• स्थान: आंध्र प्रदेश के बापटला और पालनाडु जिले
	• भूमिका: 15वीं शताब्दी के आरंभ में रेड्डी साम्राज्य के मुख्यालय के रूप में कार्य किया
	• संस्थापक: वारंगल के काक्तियों का अधीनस्थ
	• कोंडावीदु किले के शासक: कुतुब शाही शासन (1637 और '79 ई.) के अधीन, उसके बाद मुगलों (1687 ई.), फ्रांसीसी (1752 ई.), निजामों और अंततः अंग्रेजों (1788 ई.) के अधीन।
	• विशेषताएँ:
	  ○ पुट्टकोटा: रक्षा किलेबंदी की दोहरी परत
	  ○ इसकी तलहटी में पत्थर की सुरक्षा प्राचीर
	  ○ खिला : विस्तृत और ऊंची सुरक्षा वाली नावों,/युद्धक दीवारों और प्राचीरों से चिह्नित

उदयगिरि किला	• स्थान: आंध्र प्रदेश के पीएसआर नेल्लोर जिले में
	• प्रकार: पहाड़ी किला
	• शासक: यह शुरू में विजयनगर शासन के अधीन था, कुछ समय तक गजपतियों के पास रहा। कृष्णदेव राय ने 1513 ई. में इसे फिर से विजयनगर साम्राज्य में मिला लिया।
	• **विशेषताएँ:**
	  • कुल 13 किले थे : 8 पहाड़ी पर और पांच नीचे, जिनमें बुर्ज, प्रवेशद्वार, जलाशय, अन्न भंडार और निगरानी टावर थे।
	  • कृष्ण मंदिर: कृष्णदेव राय बालकृष्ण की मूर्ति को हम्पी ले गए और 1515 ई. में उसे मंदिर में पुनः स्थापित किया।
	  • 16वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में यह कुतुब शाही के नियंत्रण में आ गया।
	  • 1839 ई.: ईस्ट इंडिया कंपनी ने इस पर अधिकार कर लिया।

गूटी किला	• स्थान: आंध्र प्रदेश का अनंतपुरमु जिला
	• सबसे बड़ा किला: इसकी परिधि 11 किलोमीटर है, इसमें एक के भीतर एक सात किले हैं, तथा सबसे बाहरी रक्षा पत्थर की दीवार दो पहाड़ियों को ढकती है, जो मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित करती है।
	• **विशेषताएँ:**
	  • प्राचीर के अंदर चौड़ी दीवारें, जो एक सतत पैरापेट दीवार द्वारा प्रदान की गई हैं।
	  • गढ़ के शिखर पर अन्न भंडार, बारूद का भण्डार, भण्डार कक्ष और पत्रिकाएँ हैं।
	  • कल्याण चालुक्यों (10वीं शताब्दी - 12वीं शताब्दी) के शिलालेख यहां पाए गए, और उनमें से एक में चोल आक्रमण का उल्लेख है जिसे पीछे खदेड़ दिया गया था।
	  • के तहत राज्य या प्रांत का दर्जा प्राप्त किया विजयनगर सम्राट.
	  • विजयनगर का पतन, 1665 ई.: इसे बीजापुर के आदिल शाहियों और गोलकुंडा के कुतुब शाहियों की सेनाओं के हमलों का सामना करना पड़ा।
	  • 1776: हैदर अली ने गूटी किले पर नियंत्रण कर लिया
	  • 1799: इसे ईस्ट इंडिया कंपनी में मिला लिया गया।

पेनुगोंडा किला	• स्थान: आंध्र प्रदेश का सत्य साईं जिला। • **विशेषताएँ:** • 7 विशाल किलेबंदी

	• एक खाई • चार प्रवेश द्वार • मंदिरों, कुओं, निगरानी टावरों की संख्या • शिखर पर अन्न भंडार • ऐतिहासिक महत्व: 1565 ई. में तल्लिकोटा युद्ध में विजयनगर के पतन के बाद यह विजयनगर के राजाओं के चतुर्थ राजवंश की राजधानी बन गया। इसने आदिल शाही और कुतुब शाही कमांडरों के कई हमलों को भी देखा, जिन्हें खदेड़ दिया गया। • 1776: पेनुगोंडा भी हैदर अली के नियंत्रण में चला गया • 1799: ईस्ट इंडिया कंपनी ने इसे अपने अधीन कर लिया
चंद्रगिरी किला	• **स्थान:** आंध्र प्रदेश का तिरुपति जिला • क्षेत्रफल: लगभग एक मील की परिधि और 26 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ • अवयव: • निचला किला: यह मैदानी क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें तीन मंजिला रानी महल और राजा महल तथा कुछ मंदिर हैं • ऊपरी किला: उत्तरी तरफ पहाड़ी पर स्थित है और मजबूत पत्थर की प्राचीर और विष्णु मंदिर और कृष्ण मंदिर के अवशेषों को छोड़कर, ऊपरी किले पर कोई महत्वपूर्ण संरचना बरकरार नहीं है। • 16वीं शताब्दी के अंत में: विजयनगर की राजधानी पेनुकोंडा से चंद्रगिरी स्थानांतरित कर दी गई।
गंडिकोटा किला	• स्थान: आंध्र प्रदेश का वाईएसआर कडपा जिला • अर्थ: तेलुगु में 'गंडिकोटा' का अर्थ है 'घाटी और किला' • **विशेषताएँ:** • यह एक अभेद्य किला है, जो एक गहरी खाई से घिरा है तथा इसके उत्तर और पश्चिमी किनारों पर क्रमशः पेन्नार नदी बहती है। • मुख्य प्रवेश द्वार गोलकोंडा किले के मुख्य प्रवेश द्वार के समान है जो एक साइक्लोपियन दीवार द्वारा चिह्नित है • संरचनात्मक अवशेषों में एक पत्रिका, जेल, अन्न भंडार, रंग महल और लघु चारमीनार, जामा मस्जिद, माधवराय मंदिर, रंगनायकुला मंदिर और रघुनाथ मंदिर शामिल हैं, जो विजयनगर और कुतुब शाही काल के हैं। • 1800 ई.: निज़ाम द्वारा एक संधि के तहत इसे ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंप दिया गया।
वारंगल किला	• स्थान: तेलंगाना का वारंगल जिला • संबंधित साम्राज्य: यह गणपतिदेव महाराजा के शासनकाल (1199-1261 ई.) के दौरान काकतीय साम्राज्य की राजधानी बन गया। • अन्य नाम: ओरुगल्लू, ओरुमगल्लू और एकसिलानगर • विशेषताएँ: • दुर्ग का व्यास: 7.5 किमी. • 2 संकेन्द्रित गोलाकार रक्षा किलेबंदी और दो खाइयां • पत्थर से निर्मित इस किले के भीतरी भाग में सीढ़ियों की कतारें बनी हुई हैं, जिनसे किसी भी समय प्राचीर तक पहुंचा जा सकता है। • एकासिला पहाड़ी के ऊपर एक ऊंचा सुरक्षा टावर बनाया गया। • यहाँ कई मंदिर, धर्मनिरपेक्ष संरचनाएँ, तीर्थस्थल, पानी की टंकियाँ और जलाशय हैं • बाद के शासक: काकतीय साम्राज्य के पतन (1323 ई.) के बाद किले पर कई राज्यपालों, स्थानीय सरदारों, बहमनी, कुतुब शाही और निज़ामों का शासन रहा।
भोंगिर किला	• स्थान: तेलंगाना का यदाद्रि भुवनागिरी जिला • राजवंश: प्रारंभ में काकतीय प्रभुत्व के अधीन। • महत्व: • तेलंगाना के सबसे पुराने किलों में से एक, जिस पर कुतुब शाही का नियंत्रण था। • दौलत कुली और इब्राहिम कुतुब शाह (चौथे सुल्तान) के बीच उत्तराधिकार संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

	• प्रकार: एक पहाड़ी किला जो एक अलग, खड़ी पहाड़ी पर स्थित है जो जमीन से लगभग 500 फीट ऊंची है और इसकी परिधि एक मील है।
	• घटक: निचले और ऊपरी किले हैं जो चारों ओर खड़ी ढलानों से चिह्नित हैं।
	• विशेषताएँ:
	  • आंतरिक दीवारें काकतीय और कुतुबशाही की विभिन्न स्थापत्य कला विशेषताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं।
	  • कटे हुए प्लास्टर और आला सजावट के रूप में प्लास्टर सजावटी तत्वों के निशान कुतुब शाही शैली की ओर संकेत करते हैं, जब कुतुब शाही ने अंततः निज़ामों पर नियंत्रण कर लिया था।

कोइलकोंडा किला	• स्थान: तेलंगाना का महबूबनगर जिला
	• महत्व: विजयनगर और कुतुब शाही राज्यों के बीच सीमा किले के रूप में कार्य किया।
	• **विशेषताएँ:**
	  • पश्चिमी ओर खड्डों से ढकी एक पहाड़ी पर स्थित
	  • एक सुरक्षा दीवार पहाड़ी को पर्दों और बुर्जों से घेरती है
	  • मेहराबदार प्रवेशद्वार सजाए गए हैं - 4 प्रवेशद्वार।
